माघ शुक्ल पक्ष, षष्ठी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 15 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 89, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण 14

दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू 13







## एक नजर

### नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी गन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन के निर्माण और आपूर्ति के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड कानपुर के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

### जमानत के लिए संजय सिंह पहुंचे शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ शीर्ष कोर्ट का रुख किया है, जिसमें दिल्ली आबकारी नीति मामले में उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया गया था।

# मैं 140 करोड़ भारतीयों का पुजारी हूं और वे मेरे आराध्य देव हैं: मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने किया अबू धाबी में पहले मंदिर का लोकार्पण

- 27 एकड़ जमीन में करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण

अबू धाबी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मैं एक मंदिर के पुजारी की योग्यता रखता हूं या नहीं यह मुझे नहीं पता लेकिन मुझे इस बात का गर्व है कि मैं 140 करोड़ भारतीयों का पुजारी हूं और वे मेरे आराध्य देव हैं। मोदी ने यहां निर्मित पहले हिंदू मंदिर का लोकार्पण किया। इस मंदिर को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बाप्स ने बनाया है। मंदिर के निर्माण पर 700 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बने इस मंदिर के लोकार्पण से पहले प्रधानमंत्री ने मंदिर में कृत्रिम रूप से तैयार की गईं गंगा और यमुना नदियों में जलार्पण भी किया। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है और नींव को भरने के लिए कंक्रीट मिश्रण में 55 फीसदी सीमेंट की जगह फ्लाई ऐश का उपयोग किया गया है।

मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज संयुक्त अरब अमीरात की धरती ने मानवीय इतिहास का एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है। आज अबु धाबी में भव्य और दिव्य मंदिर का लोकार्पण हो रहा है। इस पल के पीछे वर्षों की मेहनत लगी है। इसमें वर्षों पुराना सपना जुड़ा है। इसमें भगवान स्वामी नारायण का आशीर्वाद जुड़ा है। आज प्रमुख स्वामी जी जिस दिव्य लोक में होंगे, उनकी आत्मा जहां होगी, वहां प्रसन्नता का अनुभव कर रही होगी। उन्होंने कहा कि आज बसंत पंचमी का पवित्र त्योहार भी है। यह मां सरस्वती का पर्व है। मां सरस्वती यानी बुद्धि और विवेक की, मानवीय प्रज्ञा और चेतना की देवी है। ये मानवीय प्रज्ञा ही है, जिसने हमें सहयोग, सामंजस्य, समन्वय और सौहार्द जैसे आदर्शों को जीवन में उतारने की समझ प्रदान की है।



अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में मंदिर के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### दुनिया को समावेशी, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की जरूरत

**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' के अपने मंत्र पर जोर देते हुए बुधवार को कहा कि दुनिया में आज ऐसी सरकारों की जरूरत है जो समावेशी हों और भ्रष्टाचार से मुक्त हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज लोगों को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो -जीवन की सुगमता, न्याय की सुगमता, आने-जाने की सुगमता, नवाचार की सुगमता और व्यापार करने की सुगमता प्रदान करें। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी यात्रा के दूसरे दिन यहां 'विश्व सरकार शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों के जीवन में कम से कम हस्तक्षेप करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि लोगों को न तो सरकार की अनुपस्थिति महसूस होनी चाहिए, वहीं उन पर सरकार का दबाव भी नहीं होना चाहिए। सम्मेलन में दुनिया भर से 10 राष्ट्रपति और 10 प्रधानमंत्रियों ने भाग लिया। मोदी ने कहा कि दुनिया की आपस में जुड़ी होने की प्रकृति को देखते हुए सरकारों को भावी चुनौतियों से निपटने के लिए एक-दूसरे से सीखना चाहिए।

### अयोध्या के परम आनंद को अबू धाबी ने बढ़ाया

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के अमृतकाल का समय है। अभी पिछले महीने ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ है। रामलला अपने भवन में विराजमान हुए हैं। पूरा भारत और हर भारतीय उस प्रेम भाव में अभी तक डूबा हुआ है। अयोध्या के हमारे उस परम आनंद को आज अबू धाबी में मिली खुशी की लहर ने और बढ़ा दिया है। ये मेरा सौभाग्य है कि मैं पहले अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर और फिर अब अबू धाबी में इस मंदिर के लोकार्पण का साक्षी बना हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि परमात्मा ने मुझे जितना समय दिया है, उसका हर एक पल और परमात्मा ने जो शरीर दिया है, उसका कण-कण सिर्फ और सिर्फ मां भारती के लिए है। कहा कि एक पुजारी की योग्यता मुझ में है या नहीं, मैं नहीं जानता हूं, लेकिन 140 करोड़ भारतवासियों का पुजारी हूं और 140 करोड़ देशवासी मेरे आराध्य देव हैं।

# बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में धमाके चार छात्रों की मौत, जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- पर्यटन विभाग का था आयोजन समापन से पहले हुआ हादसा

**अमृत विचार :** चित्रकूट इंटर कालेज में चल रहे बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार को समापन समारोह से पहले ही आतिशबाजी के पैनल में विस्फोट हो गया। जिसमें चार छात्रों की मौत हो गई। सभी कर्वी के रहने वाले थे।

बुंदेलखंड गौरव महोत्सव का बुधवार को अंतिम दिन था। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव की आखिरी शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रात में आतिशबाजी प्रस्तावित थी। मैदान पर आतिशबाजी के पैनल लगाए गए थे। दोपहर बाद करीब तीन बजे आतिशबाजी के पैनल में अचानक विस्फोट हो गया। जिससे दो की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां हालत गंभीर देखकर प्रयागराज रेफर कर दिया गया। प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। इनकी पहचान कर्वी के मिशन चौराहा निवासी प्रभात पुत्र धर्मेंद्र, कर्वी माफी के विद्या नगर निवासी यश पुत्र विश्व प्रताप, पारस पुत्र कंशराज और मोहित पुत्र मुकेश के रूप में हुई। ये चारो छात्र थे और महोत्सव में घूमने पहुंचे थे।

### मुख्यमंत्री योगी ने जताया दुःख, एडीजी करेंगे जांच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दु:ख जताते हुए गहन जांच के आदेश दिए हैं। मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। एडीजी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की है और जो दोषी हैं उन पर एफआईआर कराने के लिए कहा है। घायलों का नि:शुल्क उपचार कराने के लिए भी कहा है।

## थोक महंगाई दर जनवरी में घटकर 0.27 % पर

**नई दिल्ली।** फल और सब्जियों के दाम कम होने से थोक मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर 0.27 प्रतिशत पर आ गई। दिसंबर 2023 में यह 0.73 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.39 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में लिए 0.27 प्रतिशत (अस्थायी) रही। थोक मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में 4.8 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही जो दिसंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत थी।

# टैक्स चोरी : 11 शहरों में 30 ठिकानों पर आयकर छापा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पशु आहार बनाने वाली कंपनी इवा एग्जोटिका के ठिकानों से मिले 2.50 करोड़ रुपये

**अमृत विचार :** आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के मामले में पशु आहार बनाने वाली कंपनी के 11 शहरों के 30 ठिकानों पर छापामारी की, इस दौरान 2.50 करोड़ रुपये और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे। कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रहने की संभावना है। पशु आहार (मुर्गी दाना आदि) बनाने वाली कंपनी इवा एग्जोटिका प्रालि. द्वारा टैक्स चोरी करने की जानकारी मिलने पर आयकर विभाग लखनऊ की टीम ने छापा मारा। टीम ने कंपनी के चार प्रदेशों के 11 शहरों में 30 ठिकानों पर मंगलवार देर रात छापा मारा। प्रदेश के लखनऊ, बहराइच, सोनभद्र, चंदौसी, हरदोई, बिहार के आरा, पटना, प. बंगाल के हावड़ा, कोलकाता, सिलीगुड़ी और आसाम के गुवाहाटी में छापों में बुधवार दोपहर तक करीब 2.50 करोड़ रुपये नकद और संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं।

आयकर विभाग के सूत्रों के मुताबिक लखनऊ निवासी नवनीत गीडिया की कंपनी इवा एग्जोटिका के बारे में फर्जी बिलिंग के जरिए टैक्स चोरी की सूचना मिली थी।

# बेहमई नरसंहार : 43वीं बरसी पर आया फैसला, एक डकैत को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- दस्यू फूलन के गैंग ने एक जाति के 20 लोगों पर बरसाईं थी गोलियां

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बेहमई कांड के मुकदमे में अदालत ने 43 साल तक चली सुनवाई के बाद बुधवार को फैसला सुनाया। अदालत ने एक डकैत को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जबकि एक आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने अपने गिरोह के साथ एक जाति वर्ग के लोगों को कतार में खड़ाकर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर सामूहिक नरसंहार किया था। 20 लोग मारे गए थे, जबकि छह लोग घायल हो गए थे। मामले में गांव के ही राजाराम सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही थी। 43 साल तक चली सुनवाई के दौरान मुकदमे के वादी सहित गवाह और कई आरोपी दुनिया को अलविदा कह गए। बचाव पक्ष के अधिवक्ता गिरीश नारायण दुबे ने बताया कि बुधवार को अदालत ने आरोपी विश्वनाथ को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त कर दिया, दूसरे आरोपी श्यामबाबू को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।



## बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खोले जाएंगे

**देहरादून।** चारधाम में एक बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को सुबह छह बजे खोले जाएंगे। बुधवार को बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि बुधवार को बसंत पंचमी पर नरेंद्र नगर पैलेस में एक धार्मिक समारोह के बाद मंदिर के कपाट खोलने की तारीख और समय की घोषणा की गई है। समारोह में टिहरी के पूर्व शाही परिवार के सदस्य उपस्थित थे जिनमें टिहरी से भाजपा सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, उनके पति मनुजेंद्र शाह और उनकी बेटी श्रीजा शाह शामिल थे। मंदिर से जुड़े अनुष्ठानों में टिहरी शाही परिवार एक अभिन्न हिस्सा है।

# केजरीवाल को धनशोधन के मामले में ईडी का छठा समन

### आबकारी नीति मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि केजरीवाल (55) को 19 फरवरी को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में भेजे गए समन की अवज्ञा करने के लिए ईडी द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पिछले सप्ताह केजरीवाल को 17 फरवरी को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा था।



# निर्वाचन आयुक्त अनूप पांडे सेवानिवृत्त, आयोग में 1 रिक्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनूप चंद्र पांडे की बुधवार को 65 वर्ष की आयु होने पर निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल समाप्त हो गया, जिससे तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में एक पद रिक्त हो गया। केंद्र के साथ उत्तर प्रदेश सरकार में लगभग 37 साल के करियर के बाद पांडे जून 2021 में आयोग में शामिल हुए थे। पांडे की सेवानिवृत्ति ऐसे वक्त हुई है जब कुछ दिनों बाद निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने की संभावना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम के अनुसार, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली और दो केंद्रीय सचिवों वाली खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची तैयार करेगी। खोज समिति की बैठक सात फरवरी को होनी थी, लेकिन स्थगित कर दी गई।

# डटे किसान, पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े

चंडीगढ़, एजेंसी

### दिल्ली चलो मार्च

- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे किसान

हजारों किसान बुधवार सुबह अपना 'दिल्ली चलो' मार्च शुरू करने के लिए पंजाब-हरियाणा की दो सीमाओं पर डटे रहे। वहीं, अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने जब अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई। कुछ किसानों ने भी सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया जो अवरोधकों के करीब तैनात थे। पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर नजर रखने के लिए एक ड्रोन तैनात किया है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं।

पुलिस ने हरियाणा के जींद जिले में दाता सिंहवाला-खनौरी बॉर्डर पर भी आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसानों ने 'दिल्ली चलो' मार्च के तहत हरियाणा की सीमा पर अवरोधक हटाने का नए सिरे से प्रयास किया। दिल्ली चलो' मार्च में भाग लेने के लिए पंजाब के कई स्थानों से किसानों का आना जारी है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वे एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत अपनी मांगों पर केंद्र के साथ बातचीत करने को तैयार हैं।

### केंद्र-किसानों में आज चंडीगढ़ में होगी तीसरे दौर की वार्ता

**चंडीगढ़।** तीन केंद्रीय मंत्री गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं के साथ उनकी मांगों को लेकर बैठक करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि शाम पांच बजे केंद्रीय मंत्रियों अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय के साथ बैठक होगी। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित उनकी मांगों को लेकर किसान नेताओं और केंद्र के बीच यह तीसरे दौर की बैठक होगी। दो बैठकें बेनतीजा रही हैं।

### राजनाथ, मुंडा और अन्य केंद्रीय मंत्रियों ने की चर्चा

**नई दिल्ली।** राजनाथ सिंह और अर्जुन मुंडा समेत वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने बुधवार को किसानों के विरोध प्रदर्शन और मुद्दों के समाधान के तरीकों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कृषि मंत्री मुंडा के साथ किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। मुंडा भी उन मंत्रियों में से एक हैं जिन्होंने किसान समूहों के साथ चर्चा की। बैठक के बारे में विवरण का तुरंत पता नहीं चल सका है।



## शहर में आज

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस समारोह अटल सभागार में 9 बजे।
- भाजपा का प्रबुद्ध महिला सम्मेलन जीआईसी सभागार में दोपहर 2 :00 बजे।

## एक नजर

### फिर पलटेगा मौसम, 19 और 20 को जिले में हो सकती है बारिश

**बरेली, अमृत विचार** : जिले में एक बार फिर मौसम में बदलाव होने जा रहा है। 19 और 20 फरवरी को बारिश के आसार हैं। बुधवार को अधिकतम 25 .5 और न्यूनतम तापमान 13 .1 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह मौसम साफ होने से 87 प्रतिशत व शाम को 54 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई। पंतनगर यूनिवर्सिटी के मौसम वैज्ञानिक डा. आरके सिंह ने बताया कि 18 फरवरी तक मौसम साफ रहेगा। इसमें अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। हालांकि, 19-20 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के चलते बारिश होने की संभावना है। इससे न्यूनतम व अधिकतम तापमान में गिरावट होने का पूर्वानुमान है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से दिन का तापमान काफी बढ़ा है। इसके साथ हवाओं की गति भी कम हुई है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार आसमान साफ रहने से यह सिलसिला इस सप्ताह जारी रहेगा। दो दिन बारिश की संभावना है, इसके बाद एक बार आसमान साफ हो जाएगा और तापमान बढ़ने लगेगा।

# वेलेंटाइन डे : मनाने वाले तो रोज मनाते हैं 14 फरवरी है विरोध करने वालों का दिन

## युवाओं का सवाल, अगर कुछ गैरकानूनी नहीं है तो क्या है संगठनों के विरोध करने का औचित्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : युवाओं का ही सवाल है कि वेलेंटाइन डे पर आखिर ऐसा क्या कुछ अलग होता है जिसे संस्कृति विरोधी बताकर विरोध किया जाता है। जहां तक जोड़ों के बीच प्रेम के इजहार या आपस में मिलने-जुलने की बात है तो कौन यह दावा कर सकता है कि साल के बाकी दिनों में यह सबकुछ नहीं चलता। क्या इस सिलसिले को रोका जा सकता है और अगर नहीं रोका जा सकता तो 14 फरवरी को इसका विरोध करने का क्या औचित्य है।

युवा वेलेंटाइन डे पर होने वाले इस विरोध को राजनीति चमकाने की कोशिश भर मानते हैं। मनोविज्ञान जानने वाले भी इस बात से सहमत हैं। इस विरोध का अब लंबा इतिहास हो चुका है। वेलेंटाइन डे मनाने के लिए एकांत में मिलने वाले जोड़ों के साथ दूसरे शहरों के साथ इस शहर में भी हर साल कुछ न कुछ होता ही है। कभी वे संगठनों के हाथों सार्वजनिक रूप से अपमानित होते हैं तो कभी पुलिस की दुत्कार सुनते हैं लेकिन फिर भी यह सिलसिला चलता चला आ रहा है। युवाओं का कहना है कि वेलेंटाइन डे पर विरोध चर्चा में आता है, इसीलिए किया जाता है।



वेलेंटाइन डे पर बटलर प्लाजा में सजी फूलों की दुकान। ● अमृत विचार

आज का युवा जागरूक हैं और अपना



भला-बुरा समझता है। वह इन सब गतिविधियों से खुद बचता है। आपत्ति पार्कों जैसे सार्वजनिक स्थलों पर सिर्फ अनुचित गतिविधियों पर होनी चाहिए। **-बृजेश,** सौ फुटा रोड

युवाओं को पता है कि कहां क्या करना



चाहिए। जब तक वे कानून के दायरे में है, कुछ असामाजिक नहीं होता। सामाजिक वर्जनाओं में इतनी ढील तो मिली ही है कि वह अपने मन की बात कह सकता है। **- वर्णी शुक्ला**

अपने दिल की बात कहना अच्छा होता



है लेकिन किस माहौल में उसे कहा जाए, यह भी बहुत महत्वपूर्ण होता है। वेलेंटाइन डे इस तरह मनाना चाहिए कि सकारात्मक संदेश जाए। **-डॉ . सुविधा शर्मा,** एचओडी मनोविज्ञान विभाग ,बरेली कॉलेज

रिश्ता ठीक है तो एतराज की कोई बात



नहीं है। कम उम्र में बहकने का खतरा रहता है। बच्चों को संगठनों का हिस्सा बनाने से बचना चाहिए वर्ना उनमें महिलाओं के प्रति आक्रामकता रहेगी। **- खुश अदा,** साइकोलॉजिस्ट,जिला अस्पताल

### आम दिनों में पुलिस को भी कोई एतराज नहीं

आम दिनों में शहर के पार्कों में जोड़ों का मिलना-जुलना सामान्य बात है। सिनेमाहॉल, सड़क, बाइक या कार से लॉन्ग ड्राइव के बहाने भी जोड़े एक-दूसरे से मिलते हैं। कानूनी तौर पर इस पर न कोई आपत्ति की जा सकती है न की जाती है। कुछ युवा यह भी कहते हैं कि सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा अश्लीलता होती है लेकिन उसका कोई विरोध नहीं किया जाता। कई बार तो नाबालिग जोड़ों को भी नजरंदाज कर दिया जाता है।



### पार्कों में पुलिस का पहरा

बरेली, अमृत विचार : वेलेंटाइन डे पर शहर के पार्कों में पुलिस का सख्त पहरा रहा। पार्कों में महिला पुलिस कर्मियों को सादे कपड़ों में तैनात किया गया था। साथ ही सभी थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त करते रहे।

### गांधी उद्यान में अलग-अलग समुदाय का जोड़ा मिला तो बजरंग दल वालों ने किया हंगामा

बुधवार को वेलेंटाइन डे पर गांधी उद्यान, फूलबाग समेत अन्य पार्कों में सुबह से ही पुलिस तैनात कर दी गई। महिला सिपाही भी सादे कपड़ों में भ्रमण करती रहीं। इसी बीच गांधी उद्यान में बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे। इससे वहां जो थोड़े से युगल थे भी उनमें खलबली मच गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक जोड़े को पकड़कर पूछताछ की। युवक के दूसरे समुदाय का होने पर हंगामा शुरू हो गया। इसी बीच कोतवाली पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने दोनों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। इसके बाद पार्क में पुलिस की मुस्तैदी बढ़ा दी गई। पुलिस ने शोहदों पर भी कड़ी नजर बनाए रखी। पुलिस ने भोजीपुरा के मो. हारिश को लड़कियों से छेड़छाड़ करते हुए पकड़ा।


पकड़ी गई लड़की को ले जाती महिला पुलिसकर्मी।


वेलेंटाइन डे पर पार्कों में छापा मारने निकली टीम में बच्चे भी दिखे शामिल। ● अमृत विचार

## पार्कों में नारेबाजी, विरोध करने वालों की टीम में बच्चे भी

**बरेली, अमृत विचार :** वेलेंटाइन डे पर एक ओर पुलिस मुस्तैद रही वहीं कई संगठनों के सदस्य भी सक्रिय रहे और युवक-युवतियों को नैतिकता के पाठ पढ़ाते रहे। विरोध करने वालों की टीम में बच्चे भी शामिल थे। डर की वजह से पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर युवा जोड़ों की चहल-पहल अपेक्षाकृत कम रही।

वेलेंटाइन डे पर युवाओं के सबसे पसंदीदा स्थानों में शुमार गांधी उद्यान, फूल बाग, चिल्ड्रन पार्क, महाराजा अग्रसेन पार्क, मयूर चेतना वन व अन्य पार्कों में पुलिस सतर्क रही। वहीं बजरंग दल, राष्ट्रीय हनुमान दल और श्री महाकाल भारतीय सेना के सदस्य भ्रमण करते रहे। सामान्य दिनों में गुलजार रहने वाले अधिकतर पार्कों में सन्नाटा पसरा रहा। युवक-युवतियों को बाहर से ही लौटा दिया गया। इस दिन को सकारात्मक तरीके से मनाने के संदेश भी दिए गए।

# चेयरकार की जगह जनरल कोच लगाकर चला दी इंटरसिटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** सुविधाओं के नाम पर यात्रियों को किस तरह ठगा जा रहा है इसकी एक बानगी बुधवार को बरेली जंक्शन पर देखने को मिली। नई दिल्ली इंटर सिटी एक्सप्रेस को चेयरकार के स्थान पर जनरल कोच लगाकर चला दिया गया। मजबूरी में यात्रियों को जनरल कोच में ही सफर करना पड़ा। अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

बुधवार सुबह 14315 नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस को प्लेटफार्म नंबर चार पर लगाया गया था। यात्रियों ने अपना कोच ढूंढना शुरू किया तो डी-1 और डी-2 आरक्षित कोचों में चेयरकार की जगह अनारक्षित साधारण कोच लगा था जिस पर यात्रियों ने ऐतराज जताया। बताया गया कि रात को जब ट्रेन दिल्ली से आई थी तो यह जनरल कोच लगे हुए आये थे। जो चेयरकार आम तौर पर ट्रेन में लगाए जाते हैं वे बरेली में उपलब्ध नहीं थे लिहाजा इन्हीं कोचों के साथ ट्रेन को चला दिया गया।



- डी-1 और डी-2 कोचों की जगह लगाए गए सामान्य कोच
- दिल्ली से लगकर आए थे चेयरकार की जगह साधारण कोच

### इंटरसिटी की जगह आला हजरत से किया सफर

14315 नई दिल्ली इंटर सिटी एक्सप्रेस में सफर के लिए सुबह बरेली जंक्शन यात्री पहुंचे तो उन्हें पता चला कि ट्रेन को 4 घंटा 30 मिनट रिशेड्यूल कर दिया गया है। ऐसे में इंटरसिटी एक्सप्रेस को अपने निर्धारित समय 4 :55 बजे के स्थान पर सुबह 9 :30 बजे चलाया गया। ट्रेन लेट होने के कारण दिल्ली जाने वाले काफी यात्री आला हजरत एक्सप्रेस से निकल गए। जबकि कई यात्रियों ने आरक्षित टिकट वापस कर दिए। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात को यह ट्रेन लेट आई थी। मेंटिनेंस आदि कार्यों के कारण ट्रेन को देरी से चलाया गया।

# भारत बंद के समर्थन में 16 को दिल्ली कूच करेंगे किसान

**बरेली, अमृत विचारः** दिल्ली की सीमा पर चल रहे किसानों के आंदोलन की सरगर्मियां जिले में भी महसूस की जाने लगी हैं। किसानों ने भारत बंद के समर्थन में 16 फरवरी को दिल्ली कूच का एलान किया है।

किसान नेता डॉ. रवि नागर ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एक बार फिर केंद्र सरकार और किसान आमने-सामने हैं। केंद्र सरकार वादाखिलाफी कर रही है। साल 2020 से 2021 तक 13 महीने चले किसान आंदोलन के समझौते के समय केंद्र सरकार ने जो भी वादे किए, उन्हें सरकार लागू करने को तैयार नहीं है। इसलिए संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में किसान 16 फरवरी को एक बार फिर दिल्ली में कूच करेंगे। इस दिन भारत बंद का एलान किया है। बरेली में इसे सफल बनाने को गुरुवार को कई संगठन बैठक कर योजना बनाएंगे।

# नगर निगम से सुविधा मिले न मिले... टैक्स देते रहिए

## दो सौ मीटर दूर है सीवर लाइन तब भी नगर निगम वसूल रहा है टैक्स, अफसर गलत भी नहीं मान रहे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आपके इलाके में अगर दो सौ मीटर की दूरी पर भी सीवर लाइन गुजर रही है तो आपको सीवर टैक्स देना ही होगा, भले ही घर उससे कनेक्ट न हो। इसी तरह घर में नगर निगम का पानी का कनेक्शन भी होना जरूरी नहीं है। हाउस टैक्स के साथ वाटर टैक्स भी बिल में जुड़कर आपके पास पहुंचेगा ही। नगर निगम की इस व्यवस्था का भरपूर विरोध हो रहा है लेकिन इसके बावजूद टैक्स की वसूली जारी है।

शहर में कई मोहल्ले ऐसे हैं जहां सीवर लाइन नहीं है, लेकिन लोगों से सीवर टैक्स लिया जा रहा है। नगर निगम ने दो साल पहले उन वार्डों की जांच शुरू कराई थी जहां सीवर और वाटर लाइन नहीं है। जलकल विभाग की ओर से 2022 में टैक्स विभाग को सौंपी गई रिपोर्ट

- पानी का कनेक्शन न लेने वालों से भी टैक्स की वसूली

> जिन मोहल्लों में सीवर लाइन है ही नहीं और फिर भी टैक्स लिया जा रहा है, उसे जलकल विभाग से जांच कराकर सिस्टम में फीड कराया जाएगा ताकि लोगों को बेवजह सीवर टैक्स न देना पड़े। जनता की सहूलियत के लिए टैक्स विभाग लगातार सुधार कर रहा है। **- पीके मिश्रा,** मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

में शहर में कुल 401 मोहल्ले बताए गए थे। इनमें से 165 मोहल्लों में सीवर लाइन न होने के बावजूद टैक्स वसूला जा रहा है। वाटर टैक्स की तो 379 मोहल्लों में वसूली की जा रही है, सिर्फ 22 मोहल्ले हैं जहां वाटर टैक्स के बिल नहीं भेजे जा रहे हैं। नगर निगम के अफसरों का कहना है कि पिछले एक साल में कई वार्डों में सीवर और पानी की लाइन पड़ी है इसलिए इस साल जलकल विभाग से फिर अपडेट सूची मांगी गई है।

### बिना सुविधा टैक्स वसूली का लोग कर रहे हैं विरोध मगर नगर निगम अडिग

सीवर और पानी की सुविधा दिए बगैर टैक्स की वसूली का लगातार विरोध हो रहा है। मंगलवार को सर्वोदय नगर में लोगों ने विरोध जताया था कि नगर निगम का पानी का कनेक्शन उन्होंने नहीं लिया है फिर भी वाटर टैक्स वसूल किया जा रहा है। कर्मचारी नगर इलाके के मोहल्लों में भी कुछ समय पहले सीवर टैक्स का विरोध जताया गया था। अफसरों का कहना है कि नगर निगम पानी की मेन पाइप लाइन बिछाता है जिससे लोग अपने घरों तक लाइन डलवाकर कनेक्शन कराते हैं। इसलिए माना जाता है कि लोग पानी का उपभोग कर रहे हैं। इसी तरह सीवर लाइन अगर दो सौ मीटर के अर्धव्यास में भी है तो उस इलाके के लोगों को सीवर टैक्स देना होगा।

### चूल्हे अलग हो गए लेकिन घर नहीं बंटा, कौन भरे टैक्स


सर्वोदयनगर में लगाए गए शिविर में समस्याएं सुनती टीम। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : परिवार बंट गया। चूल्हे अलग हो चुके हैं। रह एक ही घर में रहे हैं। टैक्स का बिल पिता के नाम ही आ रहा है। ऐसे में कौन टैक्स भरेगा, यह तय नहीं हो पा रहा है। ऐसी समस्याएं सर्वोदय नगर में लगे शिविर में कई लोगों ने रखीं। सर्वोदय नगर में टैक्स विभाग की टीम मंगलवार को पहुंची थी तो लोगों ने विरोध करते हुए गलत बिल भेजने और सीवर-वाटर लाइन नहीं होने के बाद भी दोनों के टैक्स जोड़ने पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद कर निधार्रण अधिकारी विपिन कुलदीप ने बुधवार को यहां कैंप लगाकर समस्याएं सुनीं। आरआई नीरज गंगवार, टीसी और कर्मचारी भी कैंप में थे। कैंप में कई लोग ऐसे आए जो टैक्स देने को राजी थे लेकिन समस्या थी कि बंटवारे के बाद टैक्स कौन और कितना भरे। अफसरों ने सभी के रजिस्ट्री के पेपर देखे और टैक्स अभिलेखों में उन दस्तावेजों को दर्ज कराने की बात कही। इस दौरान एक लाख 15 हजार रुपये की वसूली हुई।

# दावा : हरूनगला में बन रहा सीवर ट्रीटमेंट प्लांट मार्च में होगा शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** नमामि गंगे परियोजना के तहत 234 करोड़ की लागत से हरूनगला में बन रहा 42 एमएलडी का सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) मार्च में शुरू होगा। कार्यदायी संस्था का दावा है कि 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जल निगम ग्रामीण की एक्सईएन कुमकुम गंगवार के अनुसार एसटीपी प्लांट को सिक्वेंसियल बैच रियेक्टर (एसबीआर) तकनीक से तैयार किया जा रहा है। इससे बैरियर टू चौकी से सेटेलाइट चौराहा तक नकटिया नदी में गिरने वाले 13 नालों के पानी को शोधित कर खेती, पशुओं एवं कपड़े धोने के प्रयोग में लिया जाएगा।

### लखनऊ की टीम आज करेगी समीक्षा बैठक

**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पर गुरुवार को तीन सौ बेड अस्पताल में समीक्षा बैठक होगी। सभी एनएचएम स्टाफ को रिपोर्ट देने को कहा गया है। सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वित्तीय समीक्षा बैठक के लिए लखनऊ से टीम गुरुवार को पहुंचेगी। इसमें जिला अस्पताल, महिला जिला अस्पताल, समस्त सीएचसी-पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों के एनएचएम की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

# दो सप्ताह बाद बहाल होंगी कोहरे में निरस्त हुईं ट्रेनें

**बरेली,अमृत विचारः** करीब ढाई माह से कोहरे ने ट्रेनों पर ब्रेक लगा रखा है। तीन दर्जन से ज्यादा ट्रेनें निरस्त हैं जिसकी वजह से यात्रियों को खासी तकलीफ उठानी पड़ रही है। यह तकलीफ दो सप्ताह तक और झेलनी पड़ेगी। इसके बाद ट्रेनों का संचालन बहाल हो जाएगा। एक मार्च से ट्रेनें बहाल होना शुरू हो जाएंगी।



जो ट्रेनें निरस्त हैं उनमें 14236 बरेली वाराणसी चार मार्च से, 14308 बरेली प्रयागराज एक मार्च से, 14004 नई दिल्ली मालदा टाउन तीन मार्च से, 12584 लखनऊ एसी डबल डेकर एक मार्च से, 14524 हरिहर एक्सप्रेस तीन मार्च से, 12583 आनंद विहार एसी डबल डेकर में एक मार्च से चलना शुरू हो जाएंगी। वहीं जिन ट्रेनों के फेरे कम किए गए हैं उनमें 15120 देहरादून वाराणसी एक्सप्रेस 29 फरवरी से,15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस एक मार्च से, 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 29 फरवरी से पूर्व की तरह हर दिन चलने लगेंगी। इन सभी ट्रेनों में टिकटों की बुकिंग शुरू हो चुकी है।

### माघ मेले में जाने वालों को हो रही दिक्कत

प्रयागराज के माघ मेले में बड़ी तादाद में बरेली और आसपास के जिलों से श्रद्धालु स्नान के लिए जाते हैं। ट्रेनें निरस्त होने के कारण उन्हें परेशान का सामना करना पड़ रहा है। बरेली से रोज चलने वाली 14308 बरेली-प्रयागराज एक्सप्रेस अभी निरस्त चल रही है।

इसके अलावा 14230 योगनगरी ऋषिकेश-प्रयागराज एक्सप्रेस भी कोहरे के कारण निरस्त है। 15074 त्रिवेणी एक्सप्रेस को फेरे कम करके चलाया जा रहा है। फिलहाल बरेली से नौचंदी एक्सप्रेस ही एक मात्र विकल्प है।






# ऐसे खत्म हुआ केस... लकवा पीड़ित बुजुर्ग भाग रहे थे, सांड़ से टकराकर हुई मौत

## सीहौर में बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने लगाई फाइनल रिपोर्ट, डीएम के आदेश पर महिला प्रधान और सचिव पर दर्ज हुआ था गैर इरादतन हत्या का केस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भड़के प्रधानों-सचिवों ने धरना देकर दी थी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी
- डीडीओ और डीपीआरओ पहले ही दे चुके थे केस वापस लेने का आश्वासन

**अमृत विचार :** करीब दस दिन पहले शाही इलाके के सिहौर गांव में सांड़ के हमले में बुजुर्ग जागनलाल की मौत के बाद डीएम के आदेश पर ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ दर्ज हुए केस को पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगाकर बंद कर दिया है। हैरतअंगेज कारण यह बताया गया है कि जागनलाल लकवाग्रस्त थे लेकिन फिर भी भाग रहे थे और खुद सांड़ के सामने आ गए थे। वैसे, असल कारण यह बताया जा रहा था कि यह केस दर्ज होने के बाद जिले भर के प्रधानों और सचिवों ने जोरदार विरोध किया था और हड़ताल तक की धमकी दे दी थी।

सिहौर में रहने वाले 65 वर्षीय जागनलाल पिछले शनिवार को धूप सेंक रहे थे। इसी दौरान रास्ते पर निकले सांड़ ने अचानक उन पर हमला कर दिया जिसमें उनकी मौत हो गई थी। घटना के अगले ही दिन जागनलाल के बेटे रामआसरे, देवेंद्र पाल, प्रदीप कुमार ने एडीओ पंचायत राजीव शर्मा से शिकायत की थी जिसके बाद डीएम के आदेश पर एडीओ ने ग्राम प्रधान मीना देवी और सचिव श्रीपाल गंगवार पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करा दिया था।

यह केस दर्ज होने के बाद जिले भर के प्रधान और सचिव बुरी तरह भड़क गए थे। उन्होंने विकास भवन में धरना देकर जमकर नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर केस फौरन वापस न लिया गया तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगे। डीडीओ और डीपीआरओ के जल्द केस वापस लेने का आश्वासन देने पर धरना खत्म हुआ। अब पुलिस ने केस में जागनलाल के बेटों के एक बयान के आधार पर फाइनल रिपोर्ट लगा दी है। लेकिन इसमें फाइनल रिपोर्ट लगाने का हास्यास्पद कारण बताया गया है।

पुलिस के अनुसार जागनलाल के बेटों ने पत्र दिया है कि उनके पिता लकवा पीड़ित थे और भागते समय सांड़ के सामने आने से घायल होकर उनकी मौत हो गई। इस घटना में प्रधान और सचिव दोषी नहीं हैं।

विवेचक ने फाइनल रिपोर्ट में वादी और गवाहों के बयान के साथ घटनास्थल की जांच और जागनलाल के बेटों के प्रार्थना पत्र के आधार पर साक्ष्यों का अभाव होने का तर्क दिया है। हालांकि यह सवाल भी छोड़ दिया है कि जागनलाल लकवाग्रस्त होने के बावजूद भाग कैसे रहे थे।

### जिंदा रह गया सवाल, प्रधान-सचिव पर क्यों दर्ज हुआ केस

पुलिस के फाइनल रिपोर्ट लगाने के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि ग्राम प्रधान और सचिव पर रिपोर्ट गांव में सांड़ के घूमने पर दर्ज कराई गई थी या सांड़ के जागनलाल पर हमला करने पर। अगर सांड़ के गांव में घूमने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी तो केस में फाइनल रिपोर्ट लगाने का यह आधार कैसे बनता है कि जागनलाल खुद सांड़ से टकराए या उसने उन पर हमला किया। और अगर सांड़ के हमले में मौत पर दर्ज कराई गई थी तो यह कैसे हो सकता था कि आवारा घूमते सांड़ को काबू में रखने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और सचिव की थी।

# मेयर-सांसद का सीएम को पत्र... सपा के करीबी एसडब्ल्यूसी आरएम को हटाएं

## भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, रसुइया गोदाम में हेराफेरी के बाद विवादों में घिरे हैं एसएन यादव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रसुइया गोदाम में खाद्यान्न की हेराफेरी और जिले में लंबे समय से तैनाती के कारण विवादों में घिरे एसडब्ल्यूसी (छाए राज्य भंडारण निगम) के आरएम एसएन यादव का ट्रांसफर करने के लिए आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप और मेयर उमेश गौतम ने मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री को लिखी है। एसएन यादव को सपा का करीबी और भ्रष्ट अफसर बताने के साथ कई और भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

मेयर उमेश गौतम ने लिखा है कि आरएम चार साल से ज्यादा समय से बरेली में तैनात हैं। कई बार ट्रांसफर होने के बावजूद राजनीतिक रसूख की वजह से वह बरेली में ही टिके हैं। चैयरमेन/निदेशक के नाम पर अवैध वसूली कर अकूत संपत्ति अर्जित की है। इसी कारण मंडल के सभी जिलों में एसडब्यूसी के गोदामों पर खुली लूट का माहौल है। धर्मेंद्र कश्यप ने चिट्ठी में लिखा है कि आरएम एसएन यादव निरंकुशता के साथ प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त विचारधारा के खिलाफ काम कर रहे हैं। लंबे समय से बरेली में तैनात होने से उनकी मनमानी चल रही है। हाल ही रसुईया गोदाम से 105 बोरी खाद्यान्न चोरी में भी उनका नाम आया था। वह सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। उन्हें जल्द से जल्द बरेली से हटाकर कहीं और भेजा जाना चाहिए।

### खुद फंसे तो डिपो प्रभारी पर की कार्रवाई

दिसंबर में रसुईया गोदाम से 105 बोरी खाद्यान्न चोरी होने के मामले में एफसीआई और एसडब्ल्यूसी के अफसर आमने-सामने आ गए थे। एफसीआई के डिपो प्रभारी ओमकार सिंह का दावा था कि उन्होंने बगैर गेटपास गोदाम से ट्रक में ले जाया जा रहा 105 बोरी राशन पकड़ा थी। इसके बाद एफसीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार ने कमेटी बनाकर जांच कराई जिसमें 105 बोरी राशन ज्यादा पाया गया। एसडब्ल्यूसी के आरएम एसएन यादव ने अलग कमेटी बनाकर जांच कराई और स्टॉक में कोई गड़बड़ी होने से इन्कार कर दिया। हालांकि बाद में खुद फंसने लगे तो गोदाम प्रभारी दिनेश यादव पर कार्रवाई कर दी। गोदाम प्रभारी से भी 105 बोरी राशन की कीमत के तौर पर करीब 1.43 लाख रुपये की कटौती कर ली गई है।


रसुइया गोदाम में खाद्यान्न हेराफेरी पर अफसर फंसे तो एक-दूसरे के सामने तने

### रजिस्टर पर लिखा...पैसा मांगते हैं आरएम

पिछले दिनों आरएम एसएन यादव पर एक ठेकेदार ने पैसा मंगाने के आरोप लगाए थे। उसने एसडब्ल्यूसी कार्यालय के आगंतुक रजिस्टर पर ऑफिस आने की वजह वाले कॉलम में लिख दिया था कि आरएम पैसा मांगते हैं। आरएम ने कुछ समय बाद पत्र लिखकर सफाई दी थी कि सपा नेता और उनका ठेकेदार बेटा सरकार की छवि खराब करना चाहते हैं। लेखा विभाग के कर्मचारियों इस आरोप में स्पष्टीकरण भी मांगा कि वे गोपनीय कागज लीक कर देते हैं।

# बसपा नेता से बोला विवेचक- भाजपा नेता होते तो नहीं दर्ज होता बिजली चोरी का केस

## तौफीक प्रधान के खिलाफ पिछले साल विजिलेंस ने दर्ज कराई थी बिजली चोरी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इंस्पेक्टर को अखिलेश यादव का आदमी बताकर केस खत्म कराने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार :** पशुपतिनाथ विहार में बसपा नेता तौफीक प्रधान के आवास पर बिजली चोरी के केस की विवेचना करने पहुंचे पावर कॉरपोरेशन की विजिलेंस के विवेचक ने उनके साथ यह कहकर सहानुभूति जताई कि बसपा नेता होने घर पर बसपा का झंडा लगे होने की वजह से उन पर रिपोर्ट दर्ज हो गई। भाजपा नेता होते तो बिजली चोरी करने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज न होती। उन्होंने इंस्पेक्टर को भी सपा प्रमुख अखिलेश यादव का आदमी बताया।

विवेचक की बसपा नेता से इस बातचीत का वीडियो वायरल होने के बाद विभाग में हल्ला कटा हुआ है। तौफीक प्रधान बसपा के टिकट पर बिथरी चैनपुर क्षेत्र से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। करीब साल भर पहले उनके आवास पर पावर कॉरपोरेशन की विजिलेंस टीम के इंस्पेक्टर शुजात हुसैन ने टीम के साथ चेकिंग की थी। घर में चोरी पकड़ने के बाद विजिलेंस ने बसपा नेता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि बसपा नेता ने घर में बिजली चोरी होने से इन्कार किया था। अब बिजली चोरी के इस केस की विजिलेंस के विवेचक सत्येंद्र कुमार विवेचना कर रहे हैं।

हाल ही में सत्येंद्र कुमार विवेचना के लिए तौफीक प्रधान के घर पहुंचे थे। अब विवेचक सत्येन्द्र कुमार का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह तौफीक प्रधान से कह रहे हैं कि उनके मकान पर बसपा का झंडा लगा होने की वजह से उनके खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। अगर बसपा की जगह भाजपा का झंडा लगा होता तो चोरी होने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती। विवेचक ने कहा कि इंस्पेक्टर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आदमी हैं। उनका कहना है कि उनके खिलाफ जो शिकायत दी गई है, उसे वापस लेने पर मुकदमे में समझौता किया जा सकता है। विवेचक वीडियो में यह आश्वासन दे रहे हैं कि जांच उनके हाथ में है, वह इस केस को खत्म करा देंगे।

यह वीडियो कब का है, यह तो पता नहीं लग पाया लेकिन बुधवार को वायरल हुआ तो विभाग में भी इसकी चर्चा शुरू हो गई।

### महिला की मौत पर हटाई गई थी विजिलेंस टीम

विजिलेंस टीम ने पिछले साल 10 जुलाई को कांकरटोला में दिन निकलने से पहले सरवर जहां का दरवाजा खटखटाया था। आरोप है कि दरवाजे पर डंडे मारे और शोर मचाया। इससे सदमे में आई सरवर जहां की हार्टअटैक से मौत हो गई। मामले का शासन के संज्ञान लेने के बाद डीजी विजिलेंस के आदेश पर एसपी विजिलेंस जांच के लिए पहुंचे थे। जांच के बाद डीजी ने छापा मारने वाली टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर और चारों पुलिसकर्मियों को हटाकर अलग-अलग जिलों में भेज दिया था।

# कमांडेंट के लिए रिश्वत ले रहा होमगार्ड गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- एंटी करप्शन ने रंगे हाथों दबोचा, थाना बारादरी में दोनों के खिलाफ एफआईआर
- होमगार्ड की निलंबित ड्यूटी बहाल करने को मांगे थे 30 हजार

**अमृत विचार :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने बुधवार को होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए सेटेलाइट चौराहे के पास गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि एक होमगार्ड की निलंबित की गई ड्यूटी बहाल करने के लिए गौरव जिला कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ले रहा था। थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में होमगार्ड गौरव के साथ जिला कमांडेंट को भी नामजद किया गया है।

एफआईआर एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर आनंद कुमार वर्मा की ओर से दर्ज कराई गई है। इसके मुताबिक आंवला के गांव आजमपुर निवासी सतीश चंद्र वर्मा ने 10 फरवरी को कार्यालय आकर शिकायत की थी कि वह होमगार्ड के पद पर तैनात हैं। उनका 27 जनवरी को जमीन को लेकर भाई जगदीश से विवाद हो गया था। उन पर उनके पिता ने एनसीआर दर्ज करा दी थी। आंवला पुलिस की ओर से 30 जनवरी को इसकी रिपोर्ट भेजने के बाद जिला कमांडेंट होमगार्ड शैलेंद्र प्रताप सिंह ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर अगले आदेश तक के लिए उनकी ड्यूटी निलंबित कर दी थी।

सतीश के मुताबिक नौ फरवरी को वह जिला कमांडेंट को स्पष्टीकरण देने पहुंचे थे। कमांडेंट ने उन्हें अपना पत्र होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को देकर बात करने को कहा। गौरव ने उन्हें बताया कि साहब ने ड्यूटी बहाल करने के लिए 30 हजार रुपये मांगे हैं। इसमें 10 हजार उन्हें अभी देने होंगे और बाकी 20 हजार दो-चार दिन के अंदर। सतीश का आरोप है कि उन्होंने रकम बहुत ज्यादा होने की बात कहकर कम करने को कहा लेकिन गौरव ने साफ इन्कार कर दिया। इसके बाद उन्होंने एंटी करप्शन की टीम से शिकायत की। बुधवार को टीम ने उन्हें केमिकलयुक्त नोटों के साथ भेजा था। सेटेलाइट चौराहे के पास अपनी स्कूटी से पहुंचे गौरव ने जैसे ही रकम हाथ में ली, उसे दबोच लिया गया।

> होमगार्ड को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। छानबीन में पता चला है कि होमगार्ड कमांडेंट के इशारे पर रिश्वत ली जा रही थी, इसलिए होमगार्ड कमांडेंट को भी नामजद करते हुए थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।
> 
> – यशपाल सिंह, सीओ एंटी करप्शन

# सांस लेने में दिक्कत पर नवजात बच्ची को बदायूं रेफर किया

**बरेली, अमृत विचार:** भोजीपुरा क्षेत्र में पड़ी मिली नवजात बच्ची को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। जिला अस्पताल के डाक्टरों ने उसे बदायूं मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। दूसरे दिन भी बच्ची को फेंकने वालों का पता नहीं लग सका। पुलिस जहां बच्ची मिली वहां के आसपास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव कमुआ मकरुका में ग्रामीणों को मंगलवार की सुबह स्कूल के मैदान में कंबल में लिपटी एक दिन की बच्ची मिली थी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया था।

# पुराना शहर में ताबड़तोड़ छापे, 11 बिजली चोरों के खिलाफ रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। बुधवार तड़के टीमों ने पुराना शहर में छापेमारी की। इस दौरान बिजली चोरी के कई मामले पकड़े गए। बिजली चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसके अलावा पीर बहोड़ा में भी छापामारी की गई।

बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग और विजिलेंस छापेमारी कर रहा है। बिजली चोरों पर कार्रवाई की जा रही है। एसडीओ गौरव शर्मा ने बताया कि बुधवार तड़के सूफी टोला, पुराना शहर, कासिम मियां की मजार, गंगापुर चौराहा समेत अन्य जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। टीम ने 11 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा।

बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बिजली विभाग की टीम ने इज्जतनगर क्षेत्र के पीरबहोड़ा में भी बिजली चोरी पकड़ने को अभियान चलाया। अधिशासी अभियंता अनुज गुप्ता ने बताया कि लाइन लॉस कम करने के लिए बिजली चोरी करने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है।



**सड़क के निर्माण की तैयारी शुरू**
कुतुपखाना फ्लाईओवर पर बुधवार को सड़क बनाने की तैयारी शुरू हो गई। सेतु निगम के अधिकारियों ने पहली मार्च से इसे जनता के लिए शुरू करने का वादा किया है। ● अमृत विचार

# डीसीएम पलटी, गेहूं की बोरियों में दबे बाइक सवार दंपती

कार्यालय संवाददाता, बरेली


अस्पताल में विशेष।


विनीता श्रीवास्तव।

- देर रात चौपुला पुल के पास हादसा, शादी समारोह से लौट रहे थे पति-पत्नी

**अमृत विचार :** किला सिटी स्टेशन रोड पर मढ़ीनाथ क्रासिंग के सामने चौपुला पुल के पास गेहूं भरी डीसीएम का पहिया डिवाइडर से टकरा गया। इससे वह पलट गई। बोरियों के नीचे दबकर बाइक पर जा रहे पति-पत्नी घायल हो गए।

पंजाबपुरा के रहने वाले विशेष श्रीवास्तव और उनकी पत्नी विनीता श्रीवास्तव किसी शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। सिटी स्टेशन रोड पर चौपुला पुल के पास डीसीएम का अगला पहिया डिवाइडर से टकरा गया, जिससे एक्सल टूट गया। डीसीएम पलट गई। डीसीएम में गेहूं भरा था। गेहूं की बोरियों के नीचे विशेष और विनीता दब गए। चीख पुकार मची तो लोग जुट गए। पुलिस भी तिराहे पर मौजूद थी। दंपती को किसी तरह बाहर निकालकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। डाक्टरों ने दोनों को खतरे से बाहर बताया है। किला इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह का कहना है बाइक सवार दंपती को मामूली चोटें आई हैं। जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। डीसीएम को हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया है।


हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने गेहूं हटवाकर रास्ता साफ कराया। ● अमृत विचार

### पीलीभीत बाईपास पर कई जगह स्ट्रीट लाइट बंद

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर कई जगह स्ट्रीट लाइट बंद हो गई हैं जिसकी वजह से सड़क पर अंधेरा छाया हुआ है। लोगों का कहना है कि पिछले दिनों शिकायत पर कुछ लाइट लगाई गईं थीं लेकिन कुछ ही दिन बाद फिर बंद हो गईं।

### ट्रक की टक्कर से पिता की मौत, बेटा घायल

**बरेली, अमृत विचार :** पिता-पुत्र को फतेहगंज पूर्वी में हाईवे पर बेकाबू ट्रक ने टक्कर मार दी। पिता की मौत हो गई और पुत्र घायल हो गया। मोहल्ला चकमहमूद में मौर्या वाली गली में रहने वाले राजेश वर्मा (35) बुधवार रात एक बरात में फतेहगंजपूर्वी गए थे। बेटा अमन (10) भी साथ में था। बस से फतेहगंज पहुंचे पिता-पुत्र को सड़क पार करते समय ट्रक ने टक्कर मार दी। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। यहां राजेश को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# जिले में तैनात होंगे दो एसपी देहात

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के देहात क्षेत्र को दो भागों में बांटने का काम पूरा हो गया है। मुख्यालय से जिले को एक नए आईपीएस भी मिल गए हैं। शासन की अनुमति मिलते ही दो एसपी देहात तैनात हो जाएंगे।

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि देहात को दो भागों में विभाजित कर दो एसपी नियुक्त करने के लिए मुख्यालय और शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। एक एसपी देहात के पास मीरगंज, आंवला और फरीदपुर सर्किल होगा। जबकि दूसरे एसपी देहात के पास बहेड़ी, नवाबगंज और हाईवे सर्किल होगा।

# कानून व्यवस्था! सड़क चलते युवक को मारी गोली, फिर भी रिपोर्ट नहीं

संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

- बिथरी इलाके में नरियावल के पास हुई मंगलवार रात हुई थी वारदात
- घटनास्थल का मुआयना करने इंस्पेक्टर के साथ पहुंचे थे सीओ हाईवे

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाश युवक को गोली मार कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल को नरियावल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हैरानी की बात यह है कि वारदात के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर सर्किल सीओ को पूरे मामले की जानकारी ही नहीं। उधर थाना प्रभारी ने जांच की जगह मामले में लिपा-पोती कर घटना ही संदिग्ध बता कर पल्ला झाड़ लिए।

कैंट इलाके में आरटीओ कार्यालय के पास रहने वाले नंदकिशोर उर्फ रिंकू के मुताबिक मंगलवार रात करीब 10 बजे किसी काम से वह घर से पैदल नरियावल चौराहे तक गए थे। रिंकू के मुताबिक परसौना पहुंचकर वह सड़क किनारे लघुशंका करने लगे। इसी बीच पहले से पीछा करते आ रहे बाइक पर सवार दो लोगों ने उन्हें गोली मार दी जो उनके दाएं कंधे में घुस गई। उनके लहूलुहान होकर सड़क पर गिरने के बाद बाइक सवार हमलावर भाग निकले। उन्होंने घटनास्थल से फोन पर पुलिस को सूचना दी। इस पर सीओ हाईवे नितिन कुमार और इंस्पेक्टर बिथरी संजय तोमर मौके पर पहुंचे। उनसे पूछताछ की और लौट गए।

रिंकू के मुताबिक उन्होंने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी लेकिन न रिपोर्ट दर्ज की गई न गोली मारने वालों का पता लगाने की कोशिश। उन्होंने बताया कि जहां उन्हें गोली मारी गई थी, उससे कुछ ही दूर पुलिस पिकेट तैनात रहती है, लेकिन घटना के बाद पिकेट तक नहीं पहुंची।



### सीओ बोले- इंस्पेक्टर जानें, इंस्पेक्टर ने कहा- अभी तहरीर नहीं मिली

सीओ हाईवे नितिन कुमार ने बताया कि रिंकू ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर दी थी। रिपोर्ट दर्ज हुई या नहीं, उन्हें जानकारी नहीं है। यह इंस्पेक्टर को पता होगा। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि पीड़ित ने अभी तहरीर नहीं दी है। घटना भी प्रथमदृष्ट्या संदिग्ध लग रही है। इसलिए जांच की जा रही है।

# शहामतगंज में तौकीर के प्रदर्शन से लौटते लोगों ने नहीं किया था पथराव, खुद उन्हीं पर चली थीं ईंटें

## अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल की बैठक में लगाया आरोप, कहा- सीसीटीवी से हो जाएगा खुलासा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- व्यापार मंडल की आड़ में की जा रही है नफरत फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश

**अमृत विचार :** अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल ने आरोप लगाया है कि शहामतगंज में मौलाना तौकीर रजा के प्रदर्शन से लौट रहे लोगों ने पथराव नहीं किया था बल्कि शरारती तत्वों ने उन पर पथराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज चेक करे तो पूरा खुलासा हो जाएगा। यह भी आरोप लगाया है कि व्यापार मंडल के नाम पर कुछ संदिग्ध लोग शहर में नफरत फैलाकर शांत माहौल गरमाने की कोशिश कर रहे हैं।

अंजुमन की बुधवार को हुई एक बैठक में सचिव शान रजा ने कहा कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने मस्जिदों और मदरसों पर हो रहे हमलों, मस्जिदों को मंदिरों में बदलने की कोशिशों के खिलाफ गिरफ्तारी देने का एलान किया था।

यह कार्यक्रम संवैधानिक दायरे में होना था लेकिन पुलिस-प्रशासन ने तौकीर रजा को बिहारीपुर पुलिस चौकी पर ही रोक दिया। मौलाना ने अपना विरोध दर्ज कराने के बाद लोगों से बिना किसी शोरशराबे के घर लौटने के लिए कहा था। शान रजा ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन से लौट रहे लोगों पर शहामतगंज की गुड़ मंडी में अराजक तत्वों ने पथराव कर दिया।

अंजुमन के उपाध्यक्ष हाजी उवैस खां और हाजी शावेज हाशमी ने कहा कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच करने से खुलासा हो जाएगा कि माहौल खराब करने के पीछे किन शरारती तत्वों का हाथ था। उन्होंने कहा कि कुछ संदिग्ध किस्म के लोग व्यापार मंडल के नाम पर नफरत फैलाने के साथ शांत शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। बैठक में प्रशासन से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। बैठक का संचालन अंजुमन के वरिष्ठ सदस्य हाजी आसिम हुसैन ने किया।

### हल्द्वानी में जान गंवाने वालों के परिवारों को मिलें 10-10 लाख

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने हल्द्वानी में पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाते हुए गृहमंत्री को पत्र लिखकर गिरफ्तारियों पर रोक लगाने की मांग की है। जमात की बैठक में मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि हल्द्वानी में पुलिस ज्यादती कर रही है। घरों पर दबिश और गिरफ्तारियां रोकी जाएं। जान गंवाने वालों के परिवारों को 10-10 लाख और घायलों को दो-दो लाख का मुआवजा दिया जाए। बैठक में हाजी नाजिम बेग, वसीम मियां, सय्यद शाबान अली, मौलाना मुजाहिद हुसैन कादरी, अजहर बेग आदि मौजूद रहे। वर्चुअल तौर पर उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सैयद मोहम्मद अशरफ कादरी भी जुड़े।

# बीडीए की टीम ने पांच अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

## पीलीभीत रोड पर 48 बीघा में बन रही थीं, बुलडोजर चला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बीडीए की टीम ने बुधवार को पीलीभीत रोड पर पांच अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलवाकर ध्वस्त करा दिया। यह कॉलोनियां करीब 48 बीघा क्षेत्र में बनाई जा रही थीं।

खजुरिया घाट पर 12 बीघा क्षेत्रफल में रिजवान खां, तौफीक आदि अवैध कॉलोनी का निर्माण कर रहे थे। इसी क्षेत्र में मुन्ना खां आदि करीब तीन बीघा में सड़क निर्माण, बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहे थे। बीडीए से नक्शा पास कराए बगैर इन कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा था। सूचना पर पहुंची बीडीए टीम ने इन कॉलोनियों को ध्वस्त करा दिया।

रजपुरा माफी गांव में 20 बीघा क्षेत्रफल में जगन्नाथ राठौर आदि अवैध कालोनी का निर्माण कर रहे थे। कुम्हरा में छह बीघा क्षेत्र में रीतराम और यहां प्राइमरी स्कूल के पीछे रफीक सड़क, बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहे थे। बीडीए टीम में शामिल सहायक अभियंता हरीश कुमार, अवर अभियंता रमन अग्रवाल, एसके सिंह ने इन कालोनियों पर बुलडोजर चलवाकर निर्माण ध्वस्त कर दिए। अफसरों के अनुसार अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।



पीलीभीत रोड के पास अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कराती बीडीए की टीम।

> निर्माण से पूर्व बीडीए से कॉलोनी के लेआउट मंजूर कराकर ध्वस्तीकरण कार्रवाई से बचा जा सकता है। अवैध कालोनियों पर कार्रवाई जारी रहेगी।
> **-मनिकन्दन ए**, उपाध्यक्ष, वीसी बीडीए

# विकास के नाम पर प्रधान और सचिव ने किया घोटाला

**बरेली, अमृत विचार :** दखखोदा ब्लाक की ग्राम पंचायत खमरिया गोपाडांडी में कई कार्यों का पैसा बिना काम कराए ही निकाल लिया गया। डीएम के आदेश पर जांच हुई तो मामला सही पाया गया। मामले में प्रधान और सचिव से 1.65 लाख रुपये वसूली के आदेश दिए गए हैं। 20 जनवरी को गांव के मोहम्मद युसुफ, लालता प्रसाद, मोहम्मद तस्लीम, शेर बाबू, वीरेंद्र कुमार, अजय कुमार आदि ने शपथ पत्र के साथ अफसरों से शिकायत की थी। मामले को लेकर डीएम ने सहायक सेवा योजन अधिकारी को जांच सौंपी थी। सहायक सेवायोजन अधिकारी की जांच में आरोप सही मिले। नाली का निर्माण कराए बगैर 105920 रुपये निकालने की भी पुष्टि हुई। सीसी रोड के निर्माण में धांधली पाई गई। आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य भी मानक अनुरूप नहीं मिला। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने डीपीआरओ को कार्रवाई के आदेश दिए हैं। प्रधान, पंचायत सचिव और जेई से जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायतों को जल्द मिलेंगे स्थाई अधिशासी अधिकारी

- जिले में फिलहाल तीन ईओ संभाल रहे आठ नगर पंचायतों का कामकाज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले के नगर निकायों में तैनात अधिशासी अधिकारियों को जल्द ही दोहरे और तिहरे चार्ज से मुक्ति मिल जाएगी। शासन स्तर से कई ईओ की जल्द तैनाती की जाएगी। इससे विकास कार्यों को गति मिलेगी। मौजूदा समय में तीन ईओ आठ निकायों का प्रभार संभाल रहे हैं। खासकर नगर पंचायतों में स्थाई ईओ की भारी कमी है।

अधिशासी अधिकारियों (ईओ) की संख्या कम होने की वजह से एक ईओ को कई निकायों का चार्ज देकर काम चलाया जा रहा है। मौजूदा समय में ईओ बहेड़ी वीरेंद्र प्रताप सिंह के पास शेरगढ़ और फरीदपुर नगर पंचायत का भी चार्ज है। फतेहगंज पश्चिमी के ईओ शिवराम लाल के पास सेंथल का अतिरिक्त प्रभार है। जबकि देवरनिया नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अंकित गंगवार के शाही और रिठौरा का अतिरिक्त चार्ज है। ये ईओ पिछले एक-डेढ़ साल से मूल तैनाती के अलावा अतिरिक्त नगर पंचायतों की जिम्मेदारी संभाले हैं। इससे विकास के कामों के अलावा कई तरह के कागजी काम भी प्रभावित होते हैं। पिछले दिनों शासन स्तर से अधिशासी अधिकारियों की भर्ती की गई। इन अधिकारियों को रिक्त पदों पर जल्द तैनाती दी जाएगी।

### कई ईओ का तबादला, कुछ आए फिर भी पद खाली

फरीदपुर नगर पालिका के ईओ नितिन गंगवार का तबादला लखीमपुर हो चुका है। हालांकि अभी वह रिलीव नहीं हुए हैं। नितिन के पास अभी फतेहगंज पूर्वी का अतिरिक्त चार्ज है। ईओ धौराटांडा रहे देवेंद्र गौतम के पास रिछा का अतिरिक्त प्रभार था। उनका तबादला बदायूं के लिए हो गया है। बदायूं से आए संदीप को धौराटांडा का ईओ बनाया गया है। सिरौली नगर पंचायत के ईओ श्याम वचन सरोज मीरगंज का भी चार्ज संभाले थे। इनका बदायूं तबादला होने के बाद सिरौली में उनके स्थान पर देवरिया से आए शिवनाथ तिवारी को चार्ज दिया गया है। शीशगढ़ नगर पंचायत में ईओ नूरजहां का शाहजहांपुर के लिए तबादला होने के बाद यहां मैनपुरी से आए दुर्गेश कुमार की तैनाती हुई है।


# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

Associated with Asia's No.1 Dental Lab



डॉ० एम.बी. गौतम (डायरेक्टर)

बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)

Consultant & Cosmetic Dental Surgeon

PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)

(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720

प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली

डॉ० अतुल कुमार

बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडेन्टिक्स

Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार

बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.

(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)

एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)

पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)

मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट

मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ

Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient

उपलब्ध सुविधायें :

- शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
- दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler )
- हिलते हुए दाँतों को जाम करना।
- दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT)
- मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
- दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
- सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless)
- दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing)
- टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces /Aligner)
- डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges)
- मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
- गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज।
- एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा।
- एडवान्स एक्स-रे यनिट

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

कैंसर लाइलाज नहीं है।

रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।

ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग

डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)

होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी

होम्योपैथी चिकित्सा

एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक

ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

डा० आदित्य त्यागी

MBBS, DOMS DNB MINAMS

CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON

Trust your eyes with us

भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली

TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM

8077344353

50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव

ADITYA

अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर

ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ

डा. आरिफ हुसैन अन्सारी

M.B.B.S., M.S.

• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai



मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।

परामर्श शुल्क ₹ 200/-

मिलने का समय

सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)

सुविधायें

- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली (सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)

सम्पर्क करें 94566 58250, 70785 69786

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर

66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली

रेनबो हॉस्पिटल

प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली

हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी

बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव

डॉ. राकेश मिश्रा

MD, Physician, Dip. Card.

वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ

पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव

ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा

व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू

MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)

Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi

वरिष्ठ न्यूरो सर्जन

मो. 7417389433

सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर

पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली

मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8

7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा

M.D. (Ayu.)

बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ

क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है

जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।

क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।

श्रद्धा केयर अस्पताल

मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी

एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)

Consultant Urologist & Andrologist

गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन

- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज

आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त

MIZAN E.N.T. & URO Care Centre

निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक 8394838281, 9897838286

डॉ. एम. खान हॉस्पिटल

मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर

स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली

समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक

हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन

TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा

नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम

एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)

रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित

मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से

मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक

डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778

ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली


# रीढ़ की हड्डी में थी दिक्कत, डॉक्टर ने लिख दिया गर्दन का सीटी स्कैन

- तीन सौ बेड अस्पताल का मामला, शिकायत की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक युवक बीमारी पत्नी को लेकर तीन सौ बेड अस्पताल पहुंचा। महिला के रीढ़ की हड्डी में दिक्कत थी। उसके पति का आरोप है कि डॉक्टर ने रीढ़ की जगह गर्दन का सीटी स्कैन लिख दिया। उसके कहने के बाद भी डॉक्टर ने रीढ़ का सीटी स्कैन नहीं करवाया।

लालफाटक निवासी संजीव के अनुसार पत्नी कामिनी की रीढ़ में दिक्कत है। बुधवार को वह पत्नी को तीन सौ बेड अस्पताल लाए। उन्होंने चिकित्सक को रीढ़ की हड्डी तक दर्द बताया। आरोप है कि पहले तो डॉक्टर ने सीटी स्कैन के लिए मना कर दिया। जब उन्होंने अनुरोध किया तो डॉक्टर ने पर्चे पर सीटी स्कैन गर्दन का लिख दिया, जबकि उन्हें बैक स्पाइन का सीटी स्कैन कराना था। संजीव पत्नी का गर्दन का ही सीटी स्कैन कराकर दवाई लेकर लौट गए। इस संबंध में सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने बताया कि मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से सीटी स्कैन लिखा जा रहा है। चिकित्सकों की ओर से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### एडीएम सिटी बोले- दोषियों को सजा दिलाने में लाएं तेजी



**बरेली, अमृत विचार :** विकास भवन में बुधवार को जनवरी माह के अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक में एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने कहा कि चुनाव से संबंधित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाए। उन्होंने चुनाव के मुकदमों को देख रहे अभियोजकों से निस्तारण में तेजी लाने को कहा। एनडीपीएस के मामलों के भी जल्द निस्तारण पर जोर दिया। एडीएम सिटी ने कहा कि आबकारी के जो भी मामले लंबित हैं, उनका चुनाव चुनाव से पहले निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्हें बताया गया कि गुंडा एक्ट के मामलों में 14 लोगों को जिला बदर किया गया है। 24 लोगों को पाबंद किया गया है। पॉक्सो एक्ट में 8 मामलों में सजा हुई है। एक मामले में आरोपी को सजा-ए-मौत, चार मामलों में चार लोगों को उम्रकैद हुई है। एडीएम सिटी ने अन्य मामलों में भी तत्परता दिखाते हुए अपराधियों को सजा दिलाने पर जोर दिया। कहा कि, महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधिक मामलों में गवाही कराकर आरोपियों को सजा दिलाई जाए। माफिया से जुड़े मामलों में भी अतिशीघ्र पैरवी कर कड़ी सजा दिलाएं। संयुक्त निदेशक अभियोजन अवधेश पांडेय, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रुद्रेंद श्रीवास्तव, एसपी क्राइम, शासकीय अधिवक्ता फौजदारी व अन्य मौजूद रहे।

### सीएआरआई और पारूल विवि के बीच हुआ एमओयू



**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ मानव संसाधन विकास सहित मुर्गीपालन, प्रसंस्करण, जैव प्रौद्योगिकी से संबंधित अनुसंधान के लिए केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान और पारूल विश्वविद्यालय वडोदरा गुजरात के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। सीएआरआई के निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि इस एमओयू से दोनों यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को शोध में लाभ मिलेगा। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुदीप सरन, डॉ. जयदीप रोकड़े, लाल बहादुर गुर्जर, वैभवी कटरू आदि मौजूद रहे।

### किसानों को बागवानी के लिए करेंगे प्रेरित

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में किसानों को उद्यान विभाग की ओर से बागवानी की खेती करने को लेकर जागरूक किया जाएगा। इसमें आईवीआरआई के विशेषज्ञों की ओर से सहयोग लिया जाएगा। बागवानी विशेषज्ञ डॉ रंजीत सिंह को नामित किया गया है। शासन ने बागवानी का पांच हेक्टेयर लक्ष्य आवंटित किया है। इसमें किसानों को निशुल्क बीज, अनुदान और क्रेट उपलब्ध कराई जाएगी। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने बताया कि किसानों को संकर शाकभाजी, शिमला मिर्च, संकर टमाटर, लौकी, पातगोभी, फूलगोभी, मसाला, पुष्प उत्पादन, लहसुन, प्याज आदि की खेती को लेकर जागरूक किया जाएगा। योजना में किसानों के पंजीकरण के लिए जिला उद्यान कार्यालय पर व्यवस्था की गई है। बागवानी से किसानों की आय बढ़ेगी और तरक्की की राह खुलेगी। इसके साथ ही पर्यावरण में भी सुधार होगा।

# कहता है सेवायोजन रिकॉर्ड... कोरोना काल में दी गईं सर्वाधिक नौकरियां

## पिछले पांच बरसों में 23 हजार नौकरी दिलाईं, शासन की ओर से दिए गए लक्ष्य की तुलना में 65 फीसदी ज्यादा उपलब्धि

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** भले ही धारणा हो कि कोरोना काल में लोग सबसे ज्यादा बेरोजगार हुए लेकिन सेवायोजन विभाग का रिकॉर्ड बता रहा है कि पिछले कई बरसों में उसने कोरोना के दौरान ही जरूरतमंद बेरोजगारों को सबसे ज्यादा नौकरियां दिलाईं। आंकड़ों के आधार पर दावा यह भी है कि विभाग ने इन पांच बरसों में युवाओं को रिकॉर्ड संख्या में रोजगार दिलाया है।

बेरोजगारी कई बरसों से पूरे देश में बड़ा मुद्दा है। बरेली में भी पढ़ाई-लिखाई में जीवन कई साल खपाने और लाखों फूंकने के बाद प्रोफेशनल डिग्री हासिल करने वाले हजारों युवा नौकरी पाने के लिए धक्के खा रहे हैं लेकिन सेवायोजन विभाग का रिकॉर्ड इससे कुछ अलग कहानी बयां कर रहा है। इस रिकॉर्ड के मुताबिक बरेली में सेवायोजन विभाग ने पिछले पांच बरसों में शासन की ओर से दिए जाने वार्षिक लक्ष्यों को पूरा ही नहीं किया बल्कि कई गुना ज्यादा मेले लगाकर लक्ष्य से 65 फीसदी ज्यादा युवाओं को रोजगार दिलाया है।

इस अवधि में जिले में 141 रोजगार मेले लगाकर 22998 बेरोजगार युवाओं को नौकरियां दिलाई गई हैं। सेवायोजना विभाग के आंकड़ों के मुताबिक हाल के बरसों में सबसे ज्यादा नौकरियां कोरोना काल में दिलाई गई हैं। कहा जा रहा है कि विभाग की कोशिश थी कि कोरोना के भयावह दौर में लोगों को रोजगार से जोड़े रखा जाए। यह कोशिश 2020-21 में 8041 बेरोजगारों को नौकरी दिलाकर सफल हुई। कोरोना काल में ही सबसे ज्यादा 33 रोजगार मेले भी लगाए गए, जिनकी संख्या पिछले चार बरसों में सबसे ज्यादा है।


रोजगार मेले में प्रतिभाग करने पहुंचे बेरोजगार युवा। फाइल फोटो

### पिछले पांच साल : हर बरस लक्ष्य से ज्यादा रोजगार मेले लगाए, चुनावी साल में लगे सर्वाधिक

रिकॉर्ड के अनुसार 2019-20 में 16 रोजगार मेले लगाने का लक्ष्य दिया गया था लेकिन 21 मेले लगाए गए। इस वर्ष अभ्यर्थियों के चयन का लक्ष्य नहीं था, लेकिन फिर भी 2769 लोगों को नौकरियां दिलाई गईं। 2020-22 में 18 के सापेक्ष 33 रोजगार मेले लगाकर 36 सौ के बजाय 8041 युवाओं को रोजगार दिए गए। 2021-22 में 19 के बजाय 23 रोजगार मेले लगे और 35 सौ के बजाय 5387 बेरोजगारों को नौकरियां दिलाई गईं। 2022-23 में 14 मेले लगने थे लेकिन 28 लगे जिनमें 2550 के बजाय 6801 युवाओं को नौकरियां दिलाई गईं। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 मेले लगाने का लक्ष्य था लेकिन विभाग अब तक 36 मेले लगवा चुका है। सिर्फ 2560 लोगों को नौकरी दिलाने का लक्ष्य था लेकिन अब तक नौकरी पाने वालों की संख्या 5321 हो चुकी है। साल पूरा होने में डेढ़ महीना अभी बाकी है। माना जा रहा है कि चुनावी साल होने की वजह से विभाग इस बार काफी सक्रिय रहा।

### यह भी रिकॉर्ड : मेलों में आए 79 हजार को नहीं मिला रोजगार

रोजगार मेलों के आंकड़ों के मुताबिक पांच बरसों में नौकरी के लिए 79 हजार से ज्यादा लोग प्रतिभाग करने पहुंचे, लेकिन किसी न किसी वजह से वह सफल नहीं हो सके। वर्ष 2019-20 में 6733, वर्ष 2020-21 में 23281, वर्ष 2021-22 में 16212, वर्ष 2022-23 में 18576, वर्ष 2023-24 में अब तक 14357 लोग रोजगार मेले में प्रतिभाग कर चुके हैं।

| | |
|---|---|
| 84881 | हैं जिले में कुल बेरोजगार |
| 59109 | पुरुष बेरोजगारों की संख्या |
| 25772 | महिलाएं भी हैं लाइन में |



"विभाग सरकार की मंशा के अनुरूप काम कर रहा है। लक्ष्य से कई गुना ज्यादा रोजगार मेले लगाकर लक्ष्य से ज्यादा युवाओं को नौकरियां दिलाई जा रही हैं। जिले की स्थिति प्रदेश में बेहतर है। इसमें डीएम का विशेष सहयोग रहता है। – त्रिभुवन सिंह, सहायक निदेशक सेवायोजन बरेली मंडल

## एक नजर

### लक्ष्य गीत के साथ तीसरे दिन शुरू किया शिविर



**बरेली, अमृत विचार :** एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन वॉलंटियर्स ने लक्ष्य गीत के साथ शुरुआत की। बुधवार को पहले सत्र में मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र की मनोवैज्ञानिक डा. यशिका वर्मा ने छात्रों को नैतिक मूल्यों में कमी व चारित्रिक पतन के बारे में बताया। दूसरे सत्र में छात्रों ने कार्यक्रम अधिकारी फरहान अहमद के निर्देशन में सदभावना रैली निकाली। अजय, अनिल, अरुण कुमार, अयान खान, धवल सिंह, करन, माहेशान, मो. अली उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता 29 को

**बरेली, अमृत विचार :** डाक विभाग की ओर से 29 फरवरी को यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें 9 से 15 साल के बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों को 23 फरवरी तक संबंधित प्रभाग के जरिये आवेदन करना होगा। सर्किल स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने पर प्रथम स्थान पाने पर 25 हजार, दूसरा स्थान पाने पर 10 हजार, तीसरा स्थान पाने पर पांच हजार रुपये और प्रमाणपत्र मिलेगा। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने पर प्रथम स्थान आने पर संबंधित को 50 हजार रुपये और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। एसएसपीओ अमित दत्त ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर विद्यालयों से भी सहयोग लिया जा रहा है।

### शिक्षकों को दिया जा रहा आपदा से बचाव का प्रशिक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** आपदा से बचाव के लिए प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शासन के आदेश के मद्देनजर एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह ने सभी प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों को प्रशिक्षण देने का आदेश दिया है। 12 फरवरी से प्रशिक्षण चल रहा है। यह 16 तक चलेगा। प्रत्येक तहसील में दो-दो मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण दे रहे हैं। ट्रेनिंग लेने के बाद प्रधानाचार्य और शिक्षक स्कूल के छात्र-छात्राओं व अन्य स्टाफ को जागरूक करेंगे। ट्रेनिंग में प्राकृतिक और मानव निर्मित खतरों पर बुनियादी समझ, आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जागरूक करना, बुनियादी प्राथमिक चिकित्सा, आपदा तैयारियों की संस्कृति समेत अन्य बिंदु शामिल हैं।

### कंट्रोल रूम से आज जुड़ेंगे परीक्षा केंद्र, कल से निगरानी शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** 22 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा की निगरानी के लिए डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम तैयार हो गया है। डीआईओएस ने सभी प्रधानाचार्यों को गुरुवार को परीक्षा केंद्रों को कंट्रोल रूम से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। कंट्रोल रूम से ऑनलाइन नहीं जुड़ने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई कर तीन साल तक के लिए डिबार कर दिया जाएगा। जिले में कुल 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हाईस्कूल और इंटर में 96 हजार से अधिक परीक्षा में बैठेंगे। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं और जरूरी परीक्षा सामग्री पहुंचा दी गई है। 16 फरवरी से सभी केंद्रों की निगरानी कंट्रोल रूम से शुरू करा दी जाएगी। इस बार माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय पर भी कंट्रोल रूम तैयार कराया जा रहा है। सभी जिलों के परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए यह कदम उठाया गया है। क्षेत्रीय सचिव डॉ. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि सभी केंद्र व्यवस्थापकों को ऑनलाइन कंट्रोल रूम से जुड़ना जरूरी है।

# ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा कर मनाई वसंत पंचमी

## स्कूल-कॉलेजों ने शिक्षक और बच्चों ने किया पूजन, मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्कूल-कॉलेजों में बुधवार को श्रद्धा के साथ वसंत पंचमी मनाई गई। इस मौके पर मां सरस्वती का पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। श्री त्रिवटीनाथ, पशुपति नाथ, सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर, तपेश्वर नाथ आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा की। दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा।

ज्योति कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी में वसंत पंचमी पर प्रबंध निदेशक डीडी शर्मा, उपनिदेशक अखिलेन्द्र सिंह, निदेशक डा. मनोज कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्राचार्या डॉ. अनीता चौहान, उपप्राचार्य विवेक त्रिवेदी, आरएस पाल, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

जयनारायण कॉलेज में वसंतोत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्रीरामचरित मानस का पाठ हुआ। यज्ञ में सभी लोगों ने आहुतियां दीं। मुख्य अतिथि विद्या वर्ल्ड स्कूल के प्रबंध समिति की रेनू अग्रवाल, उप प्रधानाचार्य संयोगिता चौधरी, डॉ. नीरव आनंद सिंह, अभिषेक पांडेय, प्रधानाचार्य डॉ. रवि शरण सिंह चौहान, नरेंद्र गंगवार उपस्थित रहे।

**एक गूंज ने मनाया वसंतोत्सव : बरेली, अमृत विचार :** एक गूंज संस्था ने सैनिक कॉलोनी स्थित कार्यालय में वसंतोत्सव मनाया। सदस्यों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया। प्रदेश अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह, सत्येंद्र पटेल, आलोक सिंह, पूजा कश्यप, जतिन, राधेश्याम, उदय जौहरी, खुशी, पारस सिंह, विनोद यादव आदि उपस्थित रहे।


जयनारायण कॉलेज में आयोजित हवन में आहुति देते शिक्षक। ● अमृत विचार

### धूमधाम से निकली कलश यात्रा

देवचरा स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा और लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के उपलक्ष्य में बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा मंदिर से शुरू होकर रम्पुरा गांव स्थित मढ़ी पर पहुंची। यहां से रम्पुरा तिराहा, बदायूं रोड से होते हुए कलश यात्रा वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, महंत बाबा श्रीधरदास, एडीजीसी क्राइम संतोष श्रीवास्तव, सन्नी टंडन, राजा गुप्ता, सतीश सिंह दीपक शर्मा, राज गुप्ता, रामबाबू श्रीवास्तव, दिनेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



### मां सरस्वती का पूजन किया

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, कॉलेज आफ ला, मेडिकल कालेज और रिद्धिमा स्थिति लाइब्रेरी में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना हुई। इस मौके पर विद्यार्थियों ने भजन प्रस्तुत किए। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. आरपी सिंह, डीन यूजी डा. नीलिमा मेहरोत्रा सहित सभी एचओडी और विद्यार्थियों ने पूजन किया। डीएसडब्ल्यू डा. क्रांति कुमार, सभी विभागाध्यक्ष, पैरामेडिकल स्टाफ, डॉक्टर्स, विद्यार्थी उपस्थित रहे। सीईटी में प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. अनुज कुमार, सीईटीआर में डा. एलएस मौर्य और शिक्षकों ने मां सरस्वती की आराधना की।



# प्रज्ञा परिषद ने आयोजित किया सरस्वती पूजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** प्रज्ञा परिषद प्रज्ञा प्रवाह की ब्रज प्रान्त इकाई के तहत आने वाली बरेली महानगर इकाई, जिला इकाई, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय इकाई, इन्वर्टिस विश्वविद्यालय इकाई ने सरस्वती पूजन सह समर्पण कार्यक्रम का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के सभागार में किया।

प्रज्ञा परिषद के प्रांत अध्यक्ष डा. प्रवीण तिवारी ने भारतीय शिक्षा के मूल तत्व व उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व के विषय में जानकारी दी। संचालन महानगर संयोजक डा. अजिता सिंह तिवारी ने किया। प्रान्त संपर्क प्रमुख डॉ. योगेश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रान्त कोषाध्यक्ष डॉ. रश्मि रंजन, प्रान्त युवा आयाम संयोजक मृदुल दीक्षित, रीता शर्मा, डा. प्रतिभा शर्मा, डा. अमिता गुप्ता, दीपिका मिश्रा, एडवोकेट राशि पाराशरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।


पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए लोग। ● अमृत विचार


सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में मौजूद बटुक। ● अमृत विचार

# ब्रह्मचारि बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार यज्ञ संपन्न

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ दंड धारण कर स्वजनों से याचना कर भिक्षाटन भी किया

**अमृत विचार :** श्रीत्रिबटीनाथ सांग्वेद संस्कृत महाविद्यालय में 74 ब्रह्मचारी बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न हो गया। बुधवार को महाविद्यालय प्रांगण में यज्ञोपवीत संस्कार यज्ञ आचार्य महेश चंद्र शर्मा व वरिष्ठ छात्रों के निर्देशन में कराया गया।

इस मौके पर बटुकों को प्रधानाचार्य बंशीधर पांडेय ने दीक्षा मंत्र, गुरु मंत्र ग्रहण कराया। ब्रह्मचार बटुकों ने गुरुकुल परिवेश में दण्ड धारण कर स्वजनों से याचना कर भिक्षाटन किया। इस दौरान परिजन भी भावुक हो गए। प्रधानाचार्य ने बताया कि यज्ञोपवीत संस्कार के बाद ही ब्रह्मचारि वेदाध्ययन का अधिकारी माना जाता है। इस मौके पर मां सरस्वती की पूजा- अर्चना की गई। प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रेमशंकर अग्रवाल, मंत्री सुधीर गोयल, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, शशिकांत मोदी, डा. सुरेश चन्द्र शर्मा, निधि सक्सेना, सपना सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित छात्रों को अंतिम मौका

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं एक हफ्ते बाद शुरू हो जाएंगी। इससे पहले माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जिलों में प्रयोगात्मक परीक्षाओं से वंचित छात्रों को दोबारा मौका देने का निर्णय लिया है। क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार 16 फरवरी को सभी जिलों में छूटे हुए छात्रों की दोबारा प्रयोगात्मक परीक्षा कराई जाएगी। क्षेत्रीय सचिव डा. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। जिले में 40 तो शाहजहांपुर में सबसे अधिक 1190 छात्र प्रयोगात्मक परीक्षा देने से छूट गए हैं। इन छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया गया है।

# सीबीएसई की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा आज से

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो रही हैं। विद्यालयों की ओर से परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। 10 वीं का पहला पेपर पेंटिंग का होगा। जबकि 12 वीं के विद्यार्थी इंटरप्रेन्योरशिप की परीक्षा देंगे। पेंटिंग में 60 और इंटरप्रेन्योरशिप की परीक्षा में दो विद्यार्थी पंजीकृत हैं। जिले में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन ब्रिज भूषण लाल पब्लिक स्कूल, अल्मामातेर डे बोर्डिंग स्कूल और इज्जत नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा होगी।

सीबीएसई की सिटी समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि परीक्षा के लिए शनिवार से ही प्रवेश पत्र वितरित किए जा रहे थे। बताया कि श्रेणी सुधार के लिए जिन परीक्षार्थियों ने फार्म भरे थे, उनके प्रवेश पत्र भी वितरित करा दिए गए हैं।

# रुविवि का स्थापना दिवस आज, दस छात्रों को दिए जाएंगे पदक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 49वां स्थापना दिवस गुरुवार को मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश करेगा। अटल सभागार में स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में दस टॉपर छात्रों को स्वर्ण पदक और तीन को डिग्री वितरित की जाएगी। इसके अलावा खेलों में पदक जीतने वाले और अन्य प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामपुर विधायक आकाश सक्सेना होंगे। रुहेलखंड विश्वविद्यालय की स्थापना 14 फरवरी 1975 को हुई थी। इसकी स्थापना के लिए काफी संघर्ष हुआ। अटल सभागार में स्थापना दिवस का कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा।

### इन टॉपर को मिलेंगे स्वर्ण पदक

बीएससी कृषि में धीरज माहेश्वरी, बीएससी मेडिकल लैबोरेटरी टेक्निक्स में कृतिका पांडेय, बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री में सानिया बी, बीएससी ऑपरेशन थियेटर टेकनिक्स में मनीषा मिश्रा, बैचलर ऑफ फिजियोथेरिपी में आयुषी गुप्ता और बीएससी रेडियोलॉजी इमेजिंग टेक्निक्स पायल गुप्ता टॉपर्स हैं। इसके अलावा सत्र 2022 में बीएएमएस में अनु विश्वकर्मा, बीयूएमएस में मेराजुन्निषा, एम फार्मा में हर्षदीप श्रीवास्तव और एमएससी बायोटेक्नोलॉजी में आयुषी गंगवार टॉपर हैं। इन्हें स्वर्ण पदक दिए जाएंगे।

## अधिकारियों, नेताओं, समाजसेवियों और व्यापारियों ने दिया आशीर्वाद

# अनाथालय की बेटी सुष्मिता की धूमधाम से हुई शादी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ हिमांशु संग लिए फेरे, पूर्व प्रधान हर्षवर्धन ने निभाईं सभी रस्में

**अमृत विचार:** आर्य समाज अनाथालय के आंगन में पली बढ़ी सुष्मिता का विवाह बुधवार को हिमांशु के साथ धूमधाम से हुआ। अधिकारियों, नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और व्यापारियों ने नवदंपत्ती को खुशहाल जीवन का आशीर्वाद दिया। अनाथालय के पूर्व प्रधान हर्षवर्धन ने सभी रस्मों को पूरी लगन के साथ निभाया। शाम करीब 4:30 बजे विदाई हुई तो सभी भावुक हो गए।

2020 से आर्य समाज अनाथालय में पली बढ़ी सुष्मिता के विवाह की तैयारियां पिछले कई दिनों से चल रही थीं। अनाथालय में रह रहीं सभी बालिकाओं ने उसकी बहनें, सखी-सहेलियां बन हल्दी, मेंहदी, महिला संगीत की रस्में धूमधाम से कीं। बुधवार को प्रेमनगर के एक शादी हाल में सुबह से ही तैयारियां शुरू हो गईं। दोपहर में करीब एक बजे हिमांशु बरात लेकर पहुंचे। सभी बरातियों का वधु पक्ष के लोगों ने स्वागत कर जलपान कराया। सुष्मिता के कन्यादान की रस्म अनाथालय के पूर्व प्रधान हर्ष वर्धन ने निभाई। इतने सारे लोगों को अपनी शादी में शामिल देख सुष्मिता कई बार भावुक हो गई।

इस मौके पर वन व पर्यावरण मंत्री डा. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, सांसद संतोष गंगवार, मूलचंद्र यादव व अन्य आशीर्वाद देने पहुंचे। हर्षवर्धन ने बताया कि विवाह की तैयारी करीब 2 माह पहले से ही की जा रही थीं।


नवदंपती को आशीर्वाद देते विधायक संजीव अग्रवाल। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए



**बरेली, अमृत विचार :** पद्मावती सीनियर सेकेंड्री स्कूल में वसंतोत्सव मनाया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष पारुष अरोरा, प्रधानाचार्या ममता सक्सेना, उप प्रधानाचार्या शिवानी सूरी, कोऑर्डिनेटर वैशाली गुप्ता और छात्रों ने मां सरस्वती का पूजन किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पतंग बनाओ, फ्लॉवर मेकिंग, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं भी हुईं।

### पूजन में शिक्षक और छात्रों ने लिया भाग



**बरेली, अमृत विचार :** वसंत पंचमी पर आलमगीरीगंज स्थित पं. श्यामा चरण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हवन पूजन किया गया। इस मौके पर छात्रों को को पर्व का महत्व बताया गया। रोचिष अग्रवाल, गौरव शर्मा, अनुराग खंडेलवाल, कृष्ण चंद्र, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### मां सरस्वती का पूजन कर भंडारा किया



**बरेली, अमृत विचार :** बंगाली कल्चर एवं वेलफेयर सोसायटी ने बुधवार को अवधपुरी कॉलोनी में वसंतोत्सव मनाया। सबसे पहले मां सरस्वती की पूजा की गई। पुरोहित असोम बनर्जी ने भक्तों को पुष्पांजलि दिलवाई। बच्चों ने भी पूजन में भाग लिया। भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सीए विकास राय चौधरी, सनत तरफदार, मानस गोराई, संजय दास, शुभम बागची, संजय दास, दिलीप चटर्जी, संतोष तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### महानगर कॉलोनी में मनाया वसंत पंचमी पर्व



**बरेली, अमृत विचार :** गायत्री परिवार ने महानगर कॉलोनी स्थित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कार्यालय में मां सरस्वती का पूजन कर वसंत पंचमी पर्व मनाया। डा. दीपमाला शर्मा, गीता भारती, अंजली शर्मा, राखी शर्मा, रामेश्वरी पाल, कमला गंगवार सरस्वती गंगवार, कमला पांडेय, सुनीता यादव, मोना, चमन गुप्ता, संजय गुप्ता उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध




**बरेली, अमृत विचार :** राजेंद्र नगर स्थित जिंगल बेल्स स्कूल में वसंतोत्सव मनाया गया। पीले रंग के आकर्षक परिधानों में सजे छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षिकाओं ने छात्रों को वसंत पंचमी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

### अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** वसंत उत्सव के पर्व पर विद्या भारती के विद्यालयों में अखंड रामायण के पाठ किए गए, इसके बाद हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। सरस्वती शिशु मन्दिर भोजीपुरा में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे गोपीनाथ अग्निहोत्री जन शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक ने रामायण का पाठ के बाद, हवन में आहुतियां दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य राम आसरे शुक्ला, प्रबंधक गोपाल सिंह यादव, दीपक सक्सेना, दुष्यंत कुमार, रामवीर यादव, सोमपाल गंगवार, सुरेश आर्य हरीश वर्मा, आशीष सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

चतुर्थ पुण्यतिथि



अब कौन सहारा है मेरा, जब तेरा सहारा छूट गया।
जब तुम्हीं हमसे रूठ गई, दुनिया का सहारा छूट गया।।
जो दिल में खुशी बनकर आयीं, वो दर्द बसाकर चली गई।
क्यों आँख मिलाने आयीं थी, जो आँख चुराकर चली गई।
हम सब आपकी याद में श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
चतुर्थ पुण्यतिथि पर आपको शत्-शत् नमन।

स्व. कुसुम लता सक्सेना
भूतपूर्व कार्यालय अधी.
रेलवे इज्जतनगर
15.02.2020

श्रद्धावनत:
प्रमोद कुमार सक्सेना (पति)
क्षितिज कुमार सक्सेना (पुत्र)
एवं समस्त सक्सेना परिवार।

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Groth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolaction Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर
WhatsApp पर करें
और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist
रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

## किसानों के साथ हो रहा है बुरा बर्ताव : साजिद

**बरेली, अमृत विचार** : समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद साजिद ने शंभू बार्डर पर किसानों पर लाठीचार्ज और आंसूगैस छोड़े जाने की घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ दुश्मन मुल्क की तरह बर्ताव किया जाना अच्छा नहीं। देश में करीब 10 करोड़ से अधिक किसान परिवार हैं। जीडीपी में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 14 फीसद से अधिक है। इसके बावजूद किसानों की सुनवाई नहीं हो रही। किसानों के लोन माफ होने चाहिए। 2021 में किसान आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस होने चाहिए। एमएसपी को सरकारी गारंटी दिए जाने की जरूरत है।



## बिना अनुमति काटे पेड़

**नवाबगंज।** लकड़ी ठेकेदार ने रातों रात बिना वन विभाग की अनुमति और जांच के ही ग्राम बबूरा बबूरी में अवैध रूप से शीशम और आम के पेड़ काट डाले। इसकी शिकायत पर तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने लेखपाल को भेजकर जांच कराई तो मामला सही निकला।

# किसान आंदोलन : आज 12 ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

## कोलकाता से अकाल तख्त एक्सप्रेस को रास्ता बदलकर चलाया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मांगों को लेकर किसानों ने गुरुवार को पंजाब में रेल रोको आंदोलन का आह्वान किया है। इसकी वजह से गुरुवार को मुरादाबाद रेल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

रेल प्रशासन ने तीन ट्रेनों के निरस्त, छह ट्रेनों के डायवर्जन, तीन ट्रेनों के को देरी से चलाने की जानकारी दी है। कुल 12 ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। जंक्शन से होकर गुजरने वाली केवल एक ट्रेन कोलकाता से अमृतसर 12317 अकाल तख्त एक्सप्रेस को रास्ता बदलकर चलाया जाएगा।



जंक्शन पर चेकिंग करती रेलवे पुलिस की टीम। ● अमृत विचार

### जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी ने की चेकिंग

**बरेली, अमृत विचार** : जिले के किसान संगठनों ने भी दिल्ली कूच की चेतावनी दी है। इसको लेकर आरपीएफ और जीआरपी अलर्ट नजर आई। बुधवार को दोनों ने संयुक्त रूप से जंक्शन पर चेकिंग भी अभियान चलाया। सर्क्युलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म, आरक्षण कार्यालय, वेटिंग रूम आदि को चेक किया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेटफार्म पर अतिरिक्त स्टाफ को तैनात किया गया है। लगातार संयुक्त रूप से चेकिंग की जा रही है।

# धोखाधड़ी के आरोपी ने पुलिस को दिया फर्जी समझौतानामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी के आदेश पर चार आरोपियों पर एक और मुकदमा
- प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला

**अमृत विचार :** प्लाट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में दर्ज रिपोर्ट में विवेचना कर रहे विवेचक को आरोपी ने शिकायतकर्ता के फर्जी हस्ताक्षर कर समझौता नामा थमा दिया। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रामपुर गार्डन की रहने वाली सपना अग्रवाल ने बताया कि उनके पति अजय अग्रवाल ने डोहरा रोड स्थित सुपर सिटी निवासी अमित सिंह राठौर से एक प्लाट का सौदा किया था। रुपये एडवांस मिलने के बाद अमित ने धोखाधड़ी की। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपी अमित राठौर ने एक फर्जी समझौता नामा 29 जून 2020 को विवेचक को दिया। इसमें वीरपाल और जायसवाल को गवाह दिखाया गया। नोटरी अधिवक्ता एके सिंह की ओर से नोटरी दिखाई गई। विवेचक ने सपना को बुलाकर समझौता नामा के बारे के बताया तो धोखाधड़ी का पता चला।

उन्होंने बताया कि उन्होंने कोई समझौता नहीं किया है। उनके फर्जी हस्ताक्षर किये गए। सपना ने थाना पुलिस से इसकी शिकायत की। कार्रवाई न होने पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से गुहार लगाई।

एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने अमित राठौर, जायसवाल, एके सिंह नोटरी अधिवक्ता और वीरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

Manoj Khanna
For C.C.Tv
For INDUSTRIES, COLLEGE'S, HOSPITAL'S & HOME etc...
......total security solutions
Techno India
R/8 B, Rampur Garden, Bareilly (U.P.)
Mob:. 9412294008, 8057020000

# शादी का झांसा देकर महिला से एक साल तक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली/कैंट

- युवक ने ढाई लाख रुपये के जेवर हड़पकर घर से निकाला, एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** कचहरी पर मिली महिला को युवक ने प्रार्थना पत्र लिखवाने के बहाने कमरे पर बुलाया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस में शिकायत करने की बात कहने पर शादी करने का झांसा दिया। इसके बाद एक साल तक अपने साथ रखा। इस बीच गर्भपात भी कराया। आरोप है कि लाखों के जेवर हड़प कर घर से निकाल दिया।

एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि दिसंबर 2022 में उसकी मुलाकात विकास माथुर से कचहरी पर हुई थी। युवक ने महिला को प्रार्थना पत्र लिखवाने के बहाने कैंट के कांधरपुर में अपने कमरे पर बुलाया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया।

महिला ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो युवक ने शादी का झांसा दिया। इसके बाद युवक ने महिला को अपने साथ रखा। इस बीच कई बार शारीरिक संबंध बनाए। महिला गर्भवती हो गई तो रामपुर गार्डन में एक अस्पताल में ले जाकर 18 अप्रैल 2023 को गर्भपात करा दिया। इस दौरान युवक ने उसे कई जगह रखा। 12 फरवरी को मारपीट व गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं करीब ढाई लाख रुपये के जेवर भी हड़प लिए। कहीं शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

महिला ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस ने मंगलवार देर रात विकास माथुर के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## परामर्श केंद्र पर पहुंचे सिर्फ चार मामले

**बरेली, अमृत विचार** : वसंत पंचमी के चलते परामर्श केंद्र पर चार ही मामले पहुंचे। काउंसलर हरिंदर चड्ढा ने बताया वह आठ साल पहले फाउंडर सदस्य के रूप में परामर्श केंद्र से जुड़ी हैं। वर्ष 2002 में परामर्श केंद्र की स्थापना हुई थी। उसवक्त 15-16 काउंसलरसें की बेंच लगा करती थी। एक-एक दिन में भी कई मामले सुलझाए जाते थे, लेकिन अब मामले कम आते हैं। हालांकि, काउंसलरों की संख्या भी कम हो गई है। कई बार मामले थाना स्तर से ही सुलझ जाते हैं। हमारी कोशिश यही रहती है कि मामले कोर्ट तक न जाए।

बहुत कर लिया सभी पार्टियों ने आपको इस्तेमाल !
अबकी बार आपका वोट इस्तेमाल नहीं होगा,
आपकी ताकत बनेगा
मुझसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करे
WHATSAPP करे
969 0 12345 0
WASEEM MIAN
बरेली सांसद उम्मीदवार

## ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार करेंगे सफाई कर्मी

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राम लाल कश्यप की अध्यक्षता में बुधवार शाम गांधी उद्यान में बैठक हुई। इसमें ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले में 1937 ग्रामीण सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। सफाई कर्मियों पर कई कामों की जिम्मेदारी है। ऐसे में ऑनलाइन हाजिरी संभव नहीं है। 19 फरवरी को ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा।

# बैंककर्मी बताकर लिया क्रेडिट कार्ड का ब्योरा, एक लाख रुपये निकाले

बरेली/सीबीगंज

- एसएसपी के आदेश पर थाना सीबीगंज में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** फोन पर खुद को बैंक कर्मचारी बताकर युवक ने क्रेडिट कार्ड की डीटेल लेकर करीब एक लाख रुपये का ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के तिलियापुर गांव निवासी मुरसलीन खां ने बताया कि 10 फरवरी को उसके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले युवक ने खुद को आईसीआईसीआई बैंक का कर्मचारी बता कर क्रेडिट कार्ड के अंतिम चार अंक पूछे। उसने बताने से मना किया तो कार्ड पर पांच हजार रुपये का चार्ज लगाने की बात कही। चार्ज से बचने के लिए उसने क्रेडिट कार्ड की डीटेल बता दी। इसके बाद अलग-अलग क्रेडिड कार्ड से करीब 97 हजार 640 रुपये निकाल लिए। पुलिस जांच कर रही है।

## रुपये लेने के बाद नहीं दिया प्लॉट, एडीजी के आदेश पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : रुपये लेकर प्लाट की रजिस्ट्री न कराने के आरोप में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इज्जतनगर क्षेत्र के रहने वाले केपी मीना ने बताया कि लालकुआं निवासी मनोज गुप्ता और इज्जतनगर के सोपलीन सक्सेना ने एक प्लाट दिलाने के लिए उनसे एक लाख दस हजार रुपये ले लिए, लेकिन प्लाट की रजिस्ट्री नहीं कराई। इसकी शिकायत पुलिस से की, मगर सुनवाई नहीं हुई। इस पर उन्होंने एडीजी पीसी मीना से शिकायत की। एडीजी के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RiSAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में
परामर्श शुल्क
₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच )
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

## फर्जीवाड़े में फंसे ठेकेदार के दो टेंडर स्वीकृत, शिकायत

- अब तक चार ठेकेदारों ने नोटिस का नहीं दिया जवाब

**बरेली, अमृत विचारः** लोक निर्माण विभाग में ई-टेंडरों की धरोहर राशि में फर्जीवाड़ा करने वाले ठेकेदारों पर शिकंजा कसने के बजाए अफसर उन्हें बचाने में लगे हैं। मामला पीलीभीत जनपद का है। फर्जीवाड़ा में दो ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के बाद पिछले महीने चार अन्य ठेकेदारों को भी इसी तरह से फर्जीवाड़ा करने पर नोटिस जारी किए गए थे।

एसई ने आरएस इंटरप्राइजेज और पीलीभीत के एक्सईएन प्रांतीय खंड ने ठेकेदार राजेश कुमार को नोटिस भेज जवाब मांगा। अब तक चारों ठेकेदारों की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है। चीफ इंजीनियर ने दो ठेकेदारों को रिमाइंडर भेजा है। इधर, फर्जीवाड़ा की आरोपी फर्म आरएस इंटरप्राइजेज को दो नए टेंडर स्वीकृत कर दिए गए। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के प्रमुख सचिव और प्रमुख अभियंता से शिकायत की गई है। मुख्य अभियंता संजय कुमार तिवारी ने कहा कि ई-टेंडर प्रक्रिया में धरोहर राशि में फर्जीवाड़ा करने वाले पीलीभीत के चार ठेकेदारों को नोटिस जारी किया जा चुका है। मामले की जांच सर्किल और डिवीजन स्तर पर की जा रही है। आरएस इंटरप्राइजेज के नए टेंडर स्वीकृत हुए हैं। चूंकि अभी तक फर्म की जांच पूरी नहीं हुई है इसलिए कार्रवाई का प्रावधान नहीं बनता। जांच रिपोर्ट के आधार पर निश्चित ही कार्रवाई होगी।

## चौपुला क्रासिंग पर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**बरेली, अमृत विचार** : मढ़ीनाथ की रहने वाली सूरजमुखी (60) चौपुला क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आ गईं। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। बैग से आधार कार्ड से पुलिस ने पहचान कर परिजनों को मामले की जानकारी दी। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मढ़ीनाथ निवासी प्रदीप ने बताया कि बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे सूरजमुखी फरीदपुर में भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए जा रही थीं। चौपला क्रासिंग के पास ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं बैग में मिले आधार कार्ड से महिला की पुलिस ने पहचान की। परिजनों के अनुसार सूरजमुखी को ऊंचा सुनाई देता था। उन्हें दिखाई भी कम देता था।

## पुलिस भर्ती परीक्षा : बस अड्डों पर लगेगा अतिरिक्त स्टाफ, नोडल अधिकारी भी रहेंगे मुस्तैद

**बरेली, अमृत विचार** : पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को आने जाने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए परिवहन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए पुराने और सेटेलाइट बस अड्डे पर अतिरिक्त स्टाफ लगाया जाएगा। वहीं दोनों स्थानों पर नोडल अधिकारी को भी तैनात किया जाएगा। जिले में 17 और 18 फरवरी को पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। इसमें दूर दराज से अभ्यर्थी शहर में परीक्षा देने आएंगे। परीक्षा छूटने के बाद अभ्यर्थी एक साथ घर वापसी करेंगे, इससे बसों और ट्रेनों पर भी दबाव बढ़ेगा। एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुराने और सेटेलाइट बस अड्डे पर परीक्षा को लेकर एक- एक नोडल अधिकारी को तैनात किया जाएगा। बस अड्डों पर परीक्षा वाले दिन स्टाफ भी बढ़ा दिया जाएगा। जिस रूट पर अधिक परीक्षार्थी होंगे, उसपर बसों को समय से चलाया जाएगा। परीक्षा छूटने के बाद परीक्षार्थी को किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

## दूसरी पत्नी से की मारपीट-गालीगलौज, रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार** : एक व्यक्ति अपनी पहली पत्नी व पुत्र के साथ दूसरी पत्नी के घर जाकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही मकान छोड़कर चले जाने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी और उसकी पहली पत्नी व बेटे पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना सीबीगंज के महेशपुर अटरिया निवासी सुरईया ने बताया कि वह रईस अहमद की दूसरी पत्नी है और अपनी बेटी के साथ ननिहाल वाले मकान में रहती है। काफी समय से रईस अहमद, उसकी पहली पत्नी बिलकीस और बेटा सादिक उसे मकान से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। आए दिन गाली गलौज व मारपीट करते हैं। आरोप है कि 12 फरवरी को वे तीनों उसके घर आए और उसके अलावा बेटी मुस्कान, आशिया व दामाद इश्तियाक के साथ गाली-गलौज, मारपीट की। पीड़िताकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## 50 प्रतिशत से कम सवारी मिलीं तो परिचालक पर कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार** : 50 प्रतिशत से कम सवारी ले जाने पर परिचालकों पर गाज गिरेगी। आरएम ने यातायात निरीक्षकों के साथ बैठक में कम सवारी ले जाने वाले परिचालकों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं चालक और परिचालक अगर वर्दी में नहीं मिले तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई करने को कहा। पुराने रोडवेज बस अड्डे पर अपने कार्यालय में बुधवार को आरएम दीपक चौधरी ने रीजन भर के यातायात निरीक्षकों के साथ बैठक की। निर्देश दिए कि रीजन की बसों में अगर 50 प्रतिशत से कम सवारी हों तो मौके पर ही परिचालक पर जुर्माना डालकर रिपोर्ट उन्हें दें। इसके अलावा बिना वर्दी के मिलने वाले चालकों के साथ परिचालकों पर भी कार्रवाई करें। आरएम ने कहा कि सर्दी कम हो गई है। मौसम साफ होने पर यात्री भी आ रहे हैं। ऐसे में 50 प्रतिशत से कम सवारी होने पर बसों का संचालन किसी हाल में नहीं किया जाए।

## एक नजर

### आरएसके के तहत रिन्युवल के दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** सीएमओ ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम ( आरएसके ) के तहत पांच यूपीएचसी बाकरगंज, गंगापुरम, आंवला, बहेड़ी और फरीदपुर के एमओआईसी को रिनुअल कराने के लिए पत्र लिखा है। सीएमओ डॉ .विश्राम सिंह ने बताया कि योजना के तहत फर्नीचर, स्टेशनरी व अन्य सामान खरीद के लिए एक लाख रुपये का बजट आवंटित किया जाता है। इस संबंध में पांच यूपीएचसी को रिनुअल को निर्देशित किया है, ताकि बजट आवंटित किया जा सके।

### युवक की हत्या में एक आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर कलां, अमृत विचार :** पिटाई से युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि वह अंकुर भाटी, हेड कांस्टेबल कमल कुमार के साथ गश्त पर थे इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि राजवीर के हत्या में आरोपी दिनेश पाल कही भागने की फिराक में है जिसे घेराबंदी करके पकड़ लिया।

### गोवंशीय पशु के वध का आरोपी गिरफ्तार

**भुता, अमृत विचार :** भुता पुलिस ने गोवंशीय पशु के वध के मामले में फरार आरोपी को कीरतपुर में नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना नाम शरीफ निवासी मीरपुर वाहनपुर थाना बीसलपुर बताया। आरोपी के पास से तीन छुरी और दो प्लास्टिक की रस्सी बरामद हुई। आरोपी पर थाना बीसलपुर में कई मुकदमे दर्ज हैं।

# नगर निगम का विकास... एक साल में ही धंसीं सड़कें

## खड़ौआ में सड़कों-नालियों की गुणवत्ता पर नहीं दिया ध्यान,अधिकारियों को परवाह नहीं, ठेकेदार कर रहे काम में मनमानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


खड़ौआ में एक साल पहले बनी सड़क पर हुआ जल भराव।


इंटरलॉकिंग सड़क कई और जगह धंसकर ऊबड़खाबड़ हो गई है।

**अमृत विचार :** नगर निगम विकास कार्यों पर धन तो खूब खर्च कर रहा है लेकिन गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। अधिकारियों के सोते रहने का नतीजा यह कि बनते ही सड़कें-नालियां उखड़ने लगती हैं। अधिकारियों की बेफिक्री और ठेकेदारों की मनमानी का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

सीबीगंज में खड़ौआ मोहल्ले में कराये गये कागजों में मजबूती वाले विकास कार्यों की एक साल में ही परतें उधड़ने लगीं। यहां दो काम कराए गए और दोनों ही कार्यों में गुणवत्ता की तरफ इंजीनियरों व अन्य अफसरों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। एक प्रोजेक्ट 10 लाख रुपये का बताया जा रहा है। इसमें 80 मीटर इंटरलॉकिंग टाइल्स की सड़क, नालियां और नाले का निर्माण होना था। सुनील की चक्की से अंतराम के मकान तक सड़क और नालियां बन गईं लेकिन नाले का निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है। अभी करीब एक साल हुआ है सड़क जगह-जगह से धंस गई और नालियों के ऊपर से चुनाई उधड़ गई और पीली ईंटें दिखाई देने लगी हैं। सूत्रों का कहना है कि सड़क और नाला बनाने का काम जिस ठेकेदार को दिया गया था। उसका भुगतान नहीं होने से उसने नाला निर्माण नहीं शुरू किया। ठेकेदार का रनिंग बिल बन गया है।

दूसरा विकास कार्य भी खड़ौआ मोहल्ले में ही किया गया है। यहां छत्रपाल के मकान से होली चौराहे तक लगभग 200 मीटर सड़क का निर्माण कराया गया। यह सड़क भी एक साल में ही अफसरों की गंभीरता की कलई खोलने लगी है। सड़क जगह-जगह धंसने से ऊंची-नीची हो गई है। बताते हैं कि सड़क का ढाल मुख्य मार्ग की तरफ कर दिया गया है जबकि मुख्यमार्ग पर कोई नाला ही नहीं है। जल निकासी नहीं होने से बरसात का पानी सड़क पर ही भरा रहता है। जर्जर सड़क पर गिरकर पिछले दिनों कुछ लोग चोटिल हुए तो उन्होंने पार्षद अंजुल के पास जाकर कड़ी आपत्ति जताई। पार्षद ने दो दिन पहले नगर आयुक्त को पत्र भेजकर सड़क दुरुस्त कराने की मांग की।

### ठेकेदार से कहा-सड़कें ठीक करो

अवर अभियंता विकास साहू से एक साल में ही सड़कों के जर्जर होने की जानकारी की तो उन्होंने बताया कि उनकी तैनाती कुछ समय पहले हुई है। उन्हें सड़कें व नालियां खराब होने की जानकारी मिली है। उन्होंने ठेकेदार से सड़कों को फिर से दुरुस्त करने को कह है।

## कृषक उत्पादक संगठनों की हर समस्या का होगा निदान

**बरेली, अमृत विचार:** कृषक उत्पादक संगठन की कार्यक्षमता विकास के लिए एफपीओ प्रशिक्षण एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक मंडलायुक्त कार्यालय स्थित सभागार में हुई। इसमें कृषक उत्पादक संगठन के गठन एवं संचालन पर चर्चा की। ग्रीन फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक शमशेर सिंह ने बताया कि पराली प्रबंधन कर गेहूं की फसल बोने पर उत्पादन अधिक होता है। बदायूं फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के संदीप कुमार ने बताया कि यूपीएफपीओ शक्ति पोर्टल पर 15 वी रैंक पर हैं। राकेश कुमार पांडेय निदेशक गंगा भूमि सीड फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड शाहजहांपुर ने बताया कि 30 लाख की पराली एचपीसीएल प्लांट बदायूं को सप्लाई की गई है। अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. राजेश कुमार, उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह, अपर निदेशक पशुपालन एलके वर्मा आदि मौजूद रहे।

# आंवला में पकड़ी एक करोड़ की जीएसटी चोरी

संवाददाता, बरेली/आंवला


एसआईबी की जांच के दौरान दुकान के बाहर मौजूद अधिकारी व पुलिस कर्मी।

**अमृत विचार:** जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) की जांच में आंवला के सरिया-सीमेंट और खाद कारोबारी के यहां एक करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। इसके बाद टीम ने फिलहाल व्यापारी से 20 लाख रुपये की वसूली की है। उधर, कस्बे में कई व्यापारियों ने छापे के डर से दूसरे दिन भी अपनी दुकानों के शटर नहीं खोले।

एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर राजीव पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार को पांच गाड़ियों से टीम ने आंवला में रामनगर रोड पर उमेश कुमार और संजीव कुमार के प्रतिष्ठान पर छापा मारा था। देर शाम तक जांच के बाद टीम लौट गई थी। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड वन जीएसटी ओपी चौबे ने बताया कि बुधवार को जांच पूरी हुई। फर्म के डेटा की जांच से पाया गया कि फर्म इनवर्ड सप्लाई के संबंध में जारी ई वे बिल में दर्ज वाहन नंबर पर एक ही समय एक से ज्यादा ट्रांजेक्शन कर रही है।

इसके साथ माल की वास्तविक सप्लाई प्राप्त किए बिना लाखों में इनवर्ड सप्लाई दिखाई गई। फर्म के मुख्य व्यापार स्थल के साथ ब्रांच स्थलों पर भी बड़ी गड़बड़ियां मिलीं। नियमित रूप से टैक्स इनवॉइस जारी नहीं किया जाना पाया गया। लगभग एक करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी गई। मौके पर व्यापारी ने 20 लाख का टैक्स और अर्थ दंड जमा किया। टीम में विकास मिश्रा, वेद प्रकाश शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, प्रवीन माथुर, परमहंस यादव, इंद्रजीत सिंह, अमित उपाध्याय, भगवती प्रसाद आदि भी मौजूद रहे।

▸▸ सरिया-सीमेंट कारोबारी ने 20 लाख अदा किए, छापे के डर से बंद रहीं बड़ी संख्या में दुकानें

### चुनाव का तकाजा, आंवला सांसद समेत कई जनप्रतिनिधि पहुंचे

एसआईबी के छापे की सूचना से बुधवार को दुकानदारों में खलबली का माहौल रहा। आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप के साथ कई और जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बात की। टीम के अभिलेखों के अनुसार ही जांच करने की बात कहने पर सांसद मौके से लौट गए। एडिशनल कमिश्नर ओपी चौबे बताया कि टीम ने स्टॉक रजिस्टर समेत अन्य कागजात कब्जे में लेने के बाद मौजूद स्टॉक का मिलान किया था। इस दौरान टीम ने कर्मचारियों से पूछताछ भी की। फर्म के कई गोदामों का भी निरीक्षण किया।

# इमाम हुसैन की यौम-ए-विलादत का जश्न मनाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कुतुबखाना पर फैजान ए नियाजिया की ओर से बांटा गया शर्बत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** इमाम हुसैन की यौम-ए-विलादत पर बुधवार को घरों और इमामबाड़ों पर नियाज नज्र की गई। फैजान-ए-नियाजिया वेलफेयर सोसायटी ने कुतुबखाना सिटी पोस्ट आफिस के सामने, खानकाहे नियाजिया ख्वाजा कुतुब, मलूकपुर फतेहनिशान, कर्बला बाकरगंज, पुराना शहर के कई इलाकों में शरबत और पानी की सबीलें लगाईं। इमाम हुसैन की जिंदगी के बारे में बताया।

सोसायटी के संस्थापक डॉ. कमाल मियां नियाजी ने इमाम हुसैन की विलादत को अदब और अकीदत से मनाने की अपील की। हमजा मियां नियाजी ने लोगों से पानी की बर्बादी रोकने का आह्वान किया। जैन नियाजी, मुत्तकी नियाजी, राशिद नियाजी, आफताब उन नबी, सैय्यद मुनाजिर अली, हसीन नियाजी, वसीम नियाजी, मुस्लिम नियाजी, सूफी नसीम उर रहमान, अबरेज नियाजी, हाफिज साजिद नियाजी, दानिश नियाजी आदि मौजूद रहे।

**लगाया नेत्र शिविर:** पैगाम इमाम हुसैन सामाजिक संस्था ने इमाम हुसैन की यौम-ए-पैदाइश पर कपड़े और मिठाई बांटी। वहीं नेत्र जांच शिविर लगाया। जिसमें लोगों की जांच कर उन्हें मुफ्त चश्मे बांटे गए। मोहनपुर स्थित कार्यालय पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. अख्तर आफाक खान ने कार्यक्रम की सरपरस्ती की। संस्थापक हकीम आहिद हुसैन, संरक्षक सैय्यद हैदर, डॉ. शाहलीन अहमद खान, डॉ. कमरून निशा , अबरार खान, ताहिर अली, आमीन खान, फैसल हुसैन, आसिफ शेख, जाहिद हुसैन, असलम खान, मुस्ताक मंसूरी आदि मौजूद रहे।

### शिया समुदाय ने किया चिरागा



शिया समुदाय ने इमाम हुसैन की यौमे विलादत पर शिया जामा मस्जिद किला में महफिल का आयोजन किया। वहीं घरों और इमामबाड़ों में नियाज नज्र के अलावा चिरागा किया। शिया जामा मस्जिद में इमाम-ए-जुमा मौलाना शमसुल हसन खां ने कार्यक्रम की सरपरस्ती की। ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी व बुशरा नकवी ने कर्बला में चिरागा किया। शानू काजमी ने बताया कि गुरुवार इमाम हुसैन के भाई हजरत अब्बास की यौमे विलादत मनाई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### जीएसटी में राजस्व वृद्धि के लिए प्रेरित किया



**बरेली, अमृत विचार :** वसंत पंचमी पर कैंट स्थित राज्य कर विभाग के जोनल कार्यालय में मां सरस्वती का पूजन किया गया। जीएसटी राजस्व की वृद्धि में योगदान के लिए अफसर और कर्मियों को प्रेरित किया गया। अध्यक्षता अपर आयुक्त ग्रेड-1 ओपी चौबे ने की। उपायुक्त प्रशासन ब्रजेश, नाजिर राजीव सक्सेना,अपर आयुक्त ग्रेड-टू मूलचन्द्र, संयुक्त आयुक्त ( कार्यपालक ) सुभाष चन्द्र, विजय कुमार गौड़, संतोष कुमार वर्मा, नीलम रानी, कंचन गुप्ता, केएम मिश्रा, रविन्द्र कुमार द्विवेदी, आशीष पांडेय, दीपक कुमार सिंह, बेगराज सिंह, योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही भाजपा सरकार



**बरेली, अमृत विचार :** बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी का गांव नदोसी में सौरभ कश्यप के निवास पर स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार को आम जनता से कोई सरोकार नहीं है। यह सरकार सिर्फ चंद पूंजीपतियों के लिए काम कर रही है। जिला उपाध्यक्ष जुनैद हसन एडवोकेट, सुरेश चन्द वाल्मीकि, निशाकत अली, चन्द्रपाल कश्यप, मुदित प्रताप सिंह, अमजद खान, सौरभ कश्यप, भगवान दास कश्यप, प्रेमपाल कश्यप, श्यामलाल कश्यप, रामौतार पाठक आदि मौजूद रहे।

### इंस्पायर अवार्ड के लिए स्कूल के दो बच्चों का चयन




**बरेली, अमृत विचार :** इंस्पायर अवार्ड के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से आयोजित विज्ञान शोध एवं मॉडल प्रदर्शनी में आलमपुर जाफराबाद के पथरा स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल के कक्षा सात के राजेश और कक्षा आठ के छात्र जसवीर का चयन हुआ है। जसवीर की एक आंख में रोशनी नहीं है। इसके बाद भी उसने प्रदर्शनी में टॉयलेट क्लीनिंग मशीन का शानदार मॉडल तैयार किया था। इसमें उसने दूसरा स्थान हासिल किया था। विज्ञान शिक्षिका सारिका सक्सेना ने बताया कि दोनों बच्चे शुरू से ही होनहार हैं।

### बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग, कैंडल मार्च निकाला



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग को लेकर अस्थाई कर्मचारियों ने बुधवार रात कैंडल मार्च निकाला। कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के नेता जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में अस्थाई कर्मचारियों ने कॉलेज के शहीद स्तंभ पार्क में परिसर में सभा भी की। जितेंद्र मिश्रा ने कहा बरेली कॉलेज को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिलना चाहिए। यह मानकों पर खरा उतर रहा है। इसके लिए 20 फरवरी को प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर दोबारा मांग दोहराएंगे। बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने समर्थन करते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांग जायज है। हरिश्चंद्र मौर्य ने कहा कि आंदोलन तेज किया जाएगा। सुनील कुमार, संजय सिंह, पूरनलाल मशीह, गंगा प्रसाद, शिवम मौर्य, ओमकार, हरे राम, राजाराम, रजत मौर्य, दीपक, राजीव, रामगोपाल वर्मा आदि मौजूद रहे। पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

### छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैड बांटे



**बरेली, अमृत विचार :** माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को ताल गौटिया स्थित राजकीय हाईस्कूल में छात्राओं को निशुल्क सेनेटरी पैड वितरित किए। उन्होंने कहा कि यदि अच्छा करियर बनाना है तो सबसे पहले अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा। अच्छी सेहत के लिए साफ-सफाई बेहद जरूरी है। कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से निशुल्क सेनेटरी पैड बांटे जाएंगे। प्रधानाध्यापक डॉ. सुभाष चंद्र मौर्य ने प्रबंधक का आभार जताया।

खबरे www.amritvichar.com पर भी पढ़े।

### सड़क सुरक्षा माह के समापन पर दिलाई शपथ



**बरेली,अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा माह के समापन के मौके पर लोगों यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। 15 जनवरी से शुरू राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल रोड पर किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कर्दम ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए वाहन चलायें। उन्होंने तेज गति एवं नशा करके वाहन न चलाने का आह्वान किया और नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना के अलाव स्कूल के अध्यापक ,छात्र-छात्राएं व अन्य लोग मौजूद रहे।

### पीएम आवास योजना में धांधली की मंत्री से शिकायत

**आंवला, अमृत विचार :** भारतीय मजदूर संघ की ओर से पीएम आवास योजना में धांधली का आरोप लगाकर कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से शिकायत की गई है। संगठन जिला अध्यक्ष अकबर अली के नेतृत्व में महिलाएं और पुरुष कैबिनेट मंत्री के कार्यालय पर पहुंचे और शिकायत की। उन्होंने बताया आवास के नाम पर 25 से 50 हजार की वसूली की जा रही है। इससे अपात्रों को लाभ मिल रहा है। पात्र लाभ पाने को तरस रहे हैं। संगठन ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे* | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
मिलने का समय : सायं 5 से 8 बजे तक (नाइस क्लीनिक)
रेलवे फाटक सिसईया रोड, नियर मौर्य एग्री क्लीनिक केन्द्र, फरीदपुर, बरेली
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सूचित हो कि मेरे पुत्र के अभिलेखों में पहले नाम साहिल (SAHIL) भूलवश गलत दर्ज है। जो बदलकर सही नाम साहिल खान (SAHIL KHAN) रख लिया है। साहिल व साहिल खान दोनों मेरे पुत्र के ही नाम है। भविष्य में मेरे पुत्र को साहिल खान नाम से जाना व पहचाना जाये। ताहिर खान पुत्र नईम खान, निवासी- पुरवा बब्बन खां, सुभाष नगर, तहसील व जिला बरेली

आर्यन्स रेस्टोरेन्ट
पीलीभीत बाईपास बरेली पर तेज गति से रोटी बेलने वाले हैल्पर और झाडू पोंछा सफाई वाले की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार, रहना खाना फ्री।
फोन : 9027526127

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## सार-संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री ने समूह की महिलाओं को किया सम्मानित



**आंवला, अमृत विचार :** शक्ति वंदन अभियान के तहत अलग-अलग तीन स्थानों पर शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह रहे। उन्होंने स्वयं सहायता समूह में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। नगर के सुभाष इंटर कॉलेज, सर गंगाराम सरस्वती ज्ञानपीठ विद्यालय और कैबिनेट मंत्री के नगर कार्यालय पर अलग-अलग सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने कहा भाजपा की सरकार ने महिलाओं को जो सम्मान दिया है। वह आज तक किसी सरकार ने नहीं दिया। इस दौरान सुभाष इंटर कालेज में चेयरमैन सय्यद आबिद अली, अधिशासी अधिकारी, जितेन्द्र कुमार आदि, सर गंगाराम सरस्वती ज्ञान पीठ में रोहित सिंह रघुवंशी, आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक प्रमुख आरती यादव पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना, ऊषा सतीजा, मीना मौर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

### इंजन लेने गए पिता-पुत्र समेत चार लोगों से मारपीट

**रिठौरा, अमृत विचार :** खेत से इंजन लेने के गए पिता पुत्र समेत चार लोगों से दबंगों ने मारपीट की, घायलों ने आरोपियों के खिलाफ थाने पहुंचकर रिपोर्ट कराई। नगर के मोहल्ला नई बस्ती के नरेंद्र यादव का बेटा केशव यादव भोजीपुरा थाने के गांव तुलसीपुर में खेत से इंजन लेने गया था। वहां गांव के हेमकार और उसके बेटों गिरीश, रवीन्द्र, धर्मवीर ने इंजन ले जाने से रोका तो इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसे लेकर केशव को धारदार हथियार से मारकर लहुलुहान कर दिया। खेतों में काम कर रहे अन्य लोगों ने इसकी जानकारी नरेन्द्र को दी वह तुरन्त भाई योगेन्द्र के साथ मौके पर गया। जब तक वह कुछ पूछताछ करता आरोपियों ने दोनों भाइयों को भी पीटा, उन्हें बचाने आए गांव के श्यामलाल और उसकी पत्नी वीरावती को भी घायल कर दिया। वहीं नरेंद्र को मरा जानकर खेत में ही छोड़कर भाग गए। 112नंबर पर काल कर नरेंद्र के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। नरेंद्र के पिता श्याम बिहारी यादव ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### वसंत पंचमी पर नगर में हुए भंडारे

**नवाबगंज, अमृत विचार :** वसंत पंचमी पर जहां लोगों ने पतंग उड़ाकर त्योहार मनाया, वहीं इस अवसर पर नगर में कई स्थलों पर भंडारों का आयोजन किया गया। नगर के राधा कृष्ण मन्दिर पर समाज सेवी लवी शर्मा व उनके सहयोगियों ने तो बाबूराम धर्मशाला पर रामबहादुर गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, पुष्पेंद्र गुप्ता, पूर्व सभासद वीरेन्द्र गुप्ता, मोनू गुप्ता, प्रशान्त शर्मा पप्पी, मनोज गुप्ता, विकास गुप्ता, सोनू राठौर, चन्द्रपाल गुप्ता व विजय पाल आदि ने भंडारे का आयोजन किया।

### पांच पशु चोर पुलिस ने पकड़े, भेजा जेल

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने बुधवार को पांच पशु चोरों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। बीते दिनों क्षेत्र में हुई भैंस चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बुधवार को पुलिस ने पांच चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से चोरी की भैंस और दो हजार की नकदी बरामद हुई। पकड़े गए चोरों ने अपने नाम सर्वेश निवासी खानपुर थाना फतेहगंज पूर्वी, रामौतार निवासी कीरतपुर धिहरी थाना फरीदपुर, रामप्रकाश उर्फ पप्पू निवासी कीरतपुर धिहरी थाना फरीदपुर, इन्द्रपाल निवासी शाहपुर बनियान थाना फतेहगंज पूर्वी, इन्द्रेश मिश्रा निवासी ग्राम मैशुलपुर नयागांव थाना जलालाबाद शाहजहांपुर बताया है। पकड़े गए चोरों ने बताया कि वह क्षेत्र में घूमकर पशु चोरी करते हैं।

### फेयरवेल पार्टी में सीनियरों को दी गई विदाई

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** राजकीय विद्यालय अलीनगर में दसवीं के छात्रों को विदाई दी गई। प्रधानाचार्य मनोज दिवाकर ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सादिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्रधानाचार्य ने सीसी टीवी कैमरे, वाटर फिल्टर, आरओ प्यूरीफायर, इंसीनरेटर मशीन के साथ-साथ विद्यालय में सीसीटीवी वॉइस रिकॉर्डर कैमरे लगवाए जाने पर विद्यालय आधुनिक शिक्षा से पूर्ण बताकर उनको बधाई के पात्र बताया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुति की गई।

### नशे में घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**भुता, अमृत विचार :** शराब के नशे में दबंगों ने घर में घुसकर सगे भाइयों से मारपीट करके घायल कर दिया, घायल ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव मगरासा निवासी अभय ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया गांव का संदीप पाठक मंगलवार को शाम लगभग 5 बजे मेरी दूध की डेयरी पर आए और बेवजह गालियां देने लगे जब मैंने मना किया तो वह अपने परिजनों के साथ मेरे घर में घुस आए और मुझे व मेरे भाई प्रेमराज को मारपीट कर घायल कर दिया।

### एशियन लॉ कालेज के छात्रों को मिले मोबाइल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एशियन लॉ कालेज के छात्रों को पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार और विधायक डॉ. एमपी आर्य ने मोबाइल वितरित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने छात्रों से मोबाइल पर नमो एप डाउनलोड कर अपनी समस्याएं सरकार तक पहुंचाने की अपील भी की। महाविद्यालय में हुए मोबाइल वितरण समारोह में इन नेताओं के साथ ही एनआ एल चैरिटेबिल ट्रस्ट के अध्यक्ष नन्द किशोर श्रीवास्तव, सचिव रेशमा, प्रधानाध्यापक डॉ. विमलेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# इफको के खिलाफ धरना दे रहे तीन किसानों की हालत बिगड़ी

## संगठन के पदाधिकारी आज होने वाली महापंचायत की तैयारी में जुटे

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में किसान इफको में रोजगार पाने को तहसील कार्यालय के सामने छह दिन से धरना दे रहे हैं। बीती रात एक किसान की हालत बिगड़ गई थी। जिसे इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था। बुधवार को दो और किसानों की हालत बिगड़ गई। वहीं संगठन पदाधिकारी गुरुवार को होने वाली महापंचायत की तैयारी में जुटे है।

संगठन के नेता महाराज सिंह ने बताया कि इफको में भूदाताओं को रोजगार देने के लिए किसानों और इफको अधिकारियों के मध्य लिखित समझौता हुआ था। जिसमें तत्कालीन एसडीएम के भी हस्ताक्षर है। परंतु इफको अधिकारियों ने किसानों के साथ वादा खिलाफी की है। माह में 24 दिन योग्यता के आधार पर निरंतर रोजगार देने की सहमति बनी थी। परंतु इफको अधिकारी ठेकेदार के माध्यम से माह में 7 से 14 दिन काम देने की कोशिश रहे है। जानबूझकर उन ठेकेदारों के यहां किसानों को भेजा जा रहा है। जिनका काम गटर, शौचालय आदि साफ- सफाई का कार्य है। 9 से तहसील पर अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया है। उन्होंने बताया कि धरना स्थल पर नौगवां गांव निवासी ओमप्रकाश, रामप्रकाश, और सेंधा गांव निवासी तेजपाल की हालत बिगड़ गई है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को महापंचायत बुलाई है। जिसमें प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष सोमवीर सिंह, जिला प्रभारी पप्पू गंगवार, समेत जिले के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होगें।



इफको प्रबंधन के खिलाफ छठे दिन धरना स्थल पर जमे किसान।

# घर से लापता किसान का 22 दिन बाद कुएं में मिला शव

संवाददाता, दुनका



● शाही थाने में दर्ज थी चंद्रसेन की गुमशुदगी की रिपोर्ट

> मृतक मंदबुद्धि था इससे पहले भी वह गांव के तालाब में डूबने की कोशिश कर चुका था, कुएं में काफी पानी था, उसी में शव मिला है। -सतीश चंद्र नैन, प्रभारी निरीक्षक, थाना शाही

**अमृत विचार :** 22 दिन पहले घर से लापता किसान का शव उसी के खेत के पास कुएं में मिला, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मृतक चंद्रसेन (50) के भाई मिठाई लाल ने बताया कि वह थोड़ा मंदबुद्धि थे 22 जनवरी को वह घर से निकले थे, शाम तक नहीं घर लौटे तो उनकी तलाश की। पता नहीं चलने पर उसी दिन शाम को शाही थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई थी। बुधवार सुबह गांव के ही किसान राजेंद्र अपने खेत पर गए थे, इस दौरान जब वह कुएं पर गए तो बदबू आने पर हुआ तो कुएं में झांककर देखा तो शव दिखाई दिया। इसकी सूचना उन्होंने गांव में दी, मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पहले शव निकालने की कोशिश की, जब नहीं निकला तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंपिग सेट चलवाकर कुएं में पानी भरवाया जिससे शव बाहर आ गया, जिसे निकाला गया तो उसकी शिनाख्त चंद्रसेन के रूप में हुई। पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जहां पर चंद्रसेन का शव मिला वह कुआं गांव से आठ सौ मीटर दूर हैं। उसी खेत से दो खेत दूर मृतक किसान का भी खेत हैं। चंद्रसेन दो भाई थे दोनों की शादी नहीं हुई थी। उनकी दो बहने हैदोनों शादीशुदा हैं। मिठाई लाल ने उन्होंने 22 दिन पहले शाही थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन आज तक कोई पता नहीं चला था। हमारी गांव में किसी से रंजिश नहीं है। हमारी खेती बहनोई की देखरेख में होती है।

# गर्भवती की मौत प्रताड़ना का आरोप

**फरीदपुर, अमृत विचार :** आठ माह की गर्भवती की इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मायके वालों ने इलाज में लापरवाही और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कोतवाली में पति सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीलीभीत के गांव शाही निवासी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने पांच वर्ष पहले बेटी प्रीति की शादी फरीदपुर के मोहल्ला फर्रखपुर निवासी संजीव से की थी। शादी के बाद से ही प्रीति शर्मा को सास लीलावती, नंद विनीता, देवर राजीव और प्रमोद उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। मंगलवार शाम 8:00 बजे उनकी बेटी के पेट में दर्द हुआ जो की आठ माह की गर्भवती थी जिसे वे लोग अस्पताल लेकर जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। उन्होंने ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना और इलाज के लिए लापरवाही बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बुजुर्ग ने गोवंश के साथ किया दुष्कर्म

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग ने गोवंश से दुष्कर्म किया, जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो बजरंग दल के जिलाध्यक्ष रोहित गंगवार को मिला। जिस पर उन्होंने आरोपी बुजुर्ग काशीराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के मोहल्ला माली निवासी काशीराम (65) ने बुधवार को एक खाली खंडहर में गोवंश से दुष्कर्म किया। किसी ने इस दौरान उनकी वीडियो बनाकर वायरल कर दी। वीडियो किसी तरह बजरंग दल के हाथ लगी। बुधवार को बजरंग दल के जिलाध्यक्ष सीबी गंज निवासी रोहित गंगवार ने वीडियो पुलिस को देते हुए आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराईहै। हालांकि अभी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

# शाहना से शारदा बनकर मंदिर में प्रकाश के साथ रचाई शादी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मारपीट का विरोध करने पर बुलंदशहर की शाहना को तीन तलाक देकर ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया था। तलाक पीड़िता ने सनातन धर्म अपनाकर बहेड़ी के रहने वाले प्रेमी प्रकाश के साथ मंदिर में सात फेरे लेकर अपना नाम शारदा रख लिया।

शाहना ने बताया कि उसका पति नौकरी नहीं करता था। मजबूरी में उसने प्राइवेट नौकरी शुरू की, इसके विरोध पर पति और सास उससे मारपीट करते थे। साथ ही उसका वेतन पति और सास छीन लेते थे। विरोध करने पर मारपीट करता था। एक दिन पति ने मारपीट कर तलाक देकर ससुराल से निकाल दिया। दोबारा घर में रखने के लिए हलाला करने का दबाव बनाया। दो साल पहले उनकी मुलाकात बहेड़ी के प्रकाश के साथ हुई। दोस्ती मोहब्बत में बदल गई। शाहना ने सनातन धर्म में रूचि दिखाते हुए बुधवार को प्रेमी प्रकाश के साथ बहेड़ी में भीटा नाथ मंदिर में शादी कर ली। शाहना ने शादी के बाद अपना नाम शारदा रख लिया। उन्होंने कहा कि शादी उन्होंने अपनी मर्जी और बिना किसी दबाव के की है।



मंदिर में शादी करती सहाना।

# छावनी परिषद की सड़कें 3.20 करोड़ से संवरेगीं

**कैंट, अमृत विचार :** छावनी परिषद की मासिक बैठक बुधवार को हुई। बैठक में कैंट क्षेत्र की बदहाल सड़कों की मरम्मत के लिए 3.20 करोड़ कर बजट स्वीकृत हुआ। कैंटोनमेंट जनरल अस्पताल में आयुर्वेदिक दवाएं भी शीघ्र उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही कैंट की दो गलियों में इंटरलॉकिंग टाइल्स भी बिछाई जाएगी। बैठक में अध्यक्ष ब्रिगेडियर गौतम पेंटल, छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी रविंद्र और कैंट बोर्ड के नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल की उपस्थिति में उक्त कार्यों को कराए जाने के लिए मंजूरी मिली है। इसके साथ ही नामित सदस्य ने क्षेत्र में नई पेयजल पाइपलाइन और नई सीवर लाइन डलवाए जाने की मांग की।

# कागजात और रकम न लौटाने पर ट्रैक्टर एजेंसी मालिक पर रिपोर्ट

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** पूरी रकम मिल जाने के बाद भी ट्रैक्टर के कागजात और दो लाख रुपये न लौटाने पर पीड़ित ने एजेंसी मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

गांव हथमना निवासी सेवा सिंह के अनुसार, उसने दो साल पहले कस्बा स्थित कृपाल ट्रैक्टर एजेंसी से ट्रैक्टर खरीदा था और भुगतान एजेंसी मालिक के खाते में आरटीजीएस से किया था। भुगतान चेक कर लेने के बाद एजेंसी मालिक ने दो महीने बाद ट्रैक्टर के कागजात देने का वादा किया था। काफी समय बीत जाने पर भी जब कागजात नहीं मिले तो एजेंसी मालिक से कहा रकम लौटाने को कहा। इसके बाद उसने दो लाख रुपये वापस कर दिए। आरोप है कि बाकी दो लाख लौटाने को जब भी एजेंसी मालिक से कहता, वह गाली देकर भगा देता था। परेशान सेवा सिंह ने तहरीर देकर पुलिस से रकम दिलाने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की रात्रिकालीन ड्यूटी न लगाने की मांग

**नवाबगंज, अमृत विचार :** बीआरसी केंद्र से रात्रिकालीन ड्यूटी से लौट रहे कर्मचारी की हादसे में मौत के बाद अब शेष कर्मी इस ड्यूटी से बचना चाह रहे हैं। इन कर्मियों ने बीएसए से रात्रिकालीन ड्यूटी न लगाने की मांग की हैं। बुधवार को विभिन्न विद्यालयों में तैनात भगवत सरन, विजय पाल, ओम प्रकाश, हरप्रसाद, यशपाल, तोताराम, देवेश्वर दयाल व नंद किशोर आदि ने बीएसए को ज्ञापन सौंप कर रात्रिकालीन ड्यूटी न लगाए जाने की मांग की है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि दुर्घटना को ड्यूटी से जोड़ना उचित नहीं है, दुर्घटना तो कभी भी हो सकती है। केंद्र पर ड्यूटी लगना भी इनकी सेवा का ही हिस्सा है। इन कर्मचारियों की ड्यूटी अब रोटेशन से सप्ताह वाइज या तीन-तीन दिनों की ही लगाई जाएगी।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम

### रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली

**नीलाम आम बहार वर्ष 2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रथम उपखण्ड, रूहेलखड नहर खण्ड, किच्छा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड के मौका क्रमशः सिंचाई निरीक्षण भवन सतुईया एवं निरीक्षण भवन दैय्यावोझ की आम बहार नीलामी वर्ष 2024-25 (एक वर्ष) हेतु दिनांक: 22.2.2024 को 12.00 बजे स्थान कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, किच्छा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड, निकट रोडवेज बस स्टैण्ड, किच्छा पर अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा प्रतिनिधि द्वारा नीलामी की जायेगी। नीलामी की शर्ते एवं धरोहर धनराशि की मात्रा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, किच्छा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड, निकट रोडवेज बस स्टैण्ड, किच्छा में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता
प्रथम उपखण्ड किच्छा
रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली

UP-203443 दिनांक 14.02.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत महिमा नगला, वि.खं. फतेहगंज पश्चिमी, बरेली

### निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा/ ग्राम निधि/आईसीडीएस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से कराए जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं / फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्रा.पं. महिमा नगला में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कार्य | 12 लाख | मनरेगा/ग्राम निधि /आईसीडीएस |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र दिनांक 15/02/2024 से कार्यालय ग्राम पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म द्वारा मोहरबन्द लिफाफे में प्राप्त निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 17/02/2024 को अपराह 2:00 बजे खोली जाएगी।

ग्राम प्रधान-श्रीमती अनीता सचिव-राजन बाबू



## कार्यालय ग्राम पंचायत ठिरिया बन्नोजान, विकास खंड भदपुरा (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ठिरिया बन्नोजान में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मेन रोड से मरघट तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य निर्माण कार्य | 120 मी. | 4,19,032/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 16.02.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में नियत तिथि व समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिन दिनांक 16.02.2024 को प्रातः 11:00 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-विमला देवी सचिव-उमेश चन्द्र


### जमीन के विवाद में चले लाठी डंडे दो लोग घायल

**भमोरा, अमृत विचार :** जमीन के विवाद में चले लाठी डंडे में दो लोग घायल हो गए। पुलिस को दी तहरीर में गांव पखुर्नी निवासी कैलाश ने बताया की उनका ताऊ से जमीन को लेकर विवाद चल रहा हैं। वुधवार सुबह ताऊ और उनका लड़का लाठी डंडा लेकर उनके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। बचाने आए मामा रामावतार को भी पीटा। आरोपी जान से मारने की धमकी दे चले गए, पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांगा की, पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए भिजवाया।

### प्रशासन ने कई गांवों में हटवाया अतिक्रमण

**नवाबगंज, अमृत विचार :** तहसीलदार के नेतृत्व में निकली राजस्व टीम ने बुधवार को गांवों में अभियान चलाकर ग्राम समाज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। इसके साथ ही पैमाइश में अवरोध उत्पन्न करने पर कई अतिक्रमण कारियों पर रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है। राजस्व निरीक्षक व लेखपालों की टीमों ने बुधवार को विलासनगर, कोठा मक्खन व दलेलनगर में चकमार्गों व सरकारी भूमि पर से ट्रैक्टर चलवा कर अतिक्रमण हटवाए। वहीं ग्राम चन्दुआ चमरौआ में चकमार्ग की पैमाइश करने में व्यवधान उत्पन्न करने पर लेखपाल वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने किसान सियाराम, नरपत सिंह, हरीशंकर, महेन्द्रपाल व हरनन्दन के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने व सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 2 व 3 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मार्ग को कब्जा मुक्त कराने की मांग भी आईजीआरएस पर सियाराम ने ही की थी लेकिन पैमाइश के दौरान दोनों पक्षों में झगड़ा होने पर पैमाइश नहीं हो सकी थी। तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने बताया कि गांवों में अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार जारी रहेगा और अतिक्रमणों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो।

# वसंत पंचमी पर मां सरस्वती की हुई अर्चना

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** वसंत पंचमी पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती की जगह- जगह पूजा अर्चना की गई, हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

**मीरगंज में छात्रों ने छात्रों ने की मां की अर्चना:** मीरगंज के स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वसंत पंचमी पर मुख्य अतिथि सत्यवीर गंगवार और निदेशक पंकज गंगवार ने सरस्वती पूजन किया। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति दी। आचार्य भीमसेन गंगवार ने वसंत पंचमी के पर्व पर प्रकाश डाला।

**फरीदपुर में हुआ हवन-पूजन:** वसंत पंचमी पर प्रेरणा पब्लिक स्कूल में मां सरस्वती का जन्म दिवस हवन पूजन के साथ मनाया गया। इस मौके पर मोनिका सिंह, सुनीता पाल, आरती शर्मा, राखी मिश्रा, सपना, पूजा यादव, पूजा मौर्या का सहयोग रहा।

**दुनका में हुआ भंडारा:** क्षेत्र में जगह-जगह रामायण पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बसई जगदीशपुर, बिंदीमती हायर सेकेंडरी स्कूल ओर सहोड़ा के शिव मंदिर पर रामायण पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। राममूर्ति लाल रस्तोगी ग्राम प्रधान सतीश कुमार गंगवार सर्वेश कुमार आदि सहयोग रहा।

**सीनियर छात्रों को जूनियरों ने दी विदाई:** बीडीएम पब्लिक स्कूल में 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस मौके पर स्कूल के उपाध्यक्ष अचल मिश्रा, प्रिंसिपल नमिता दीक्षित सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं के बाद नीलाक्षी को मिस और कनक गुप्ता मिस्टर फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथियों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सफलता के मंत्र दिए।

**जगह- जगह हुए धार्मिक अनुष्ठान:** बहेड़ी में वसंत पंचमी पर जगह- जगह धार्मिक स्थलों पर अनुष्ठान कर प्रसाद वितरण किया गया। मेला कमेटी की देखरेख में चल रहे श्रीराम जानकी मंदिर में पूजा के बाद खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। मेला कमेटी की पदेन अध्यक्ष कार्यवाहक तहसीलदार मंजरी सिंह ने लोगों को प्रसाद वितरित किया।

**पौधरोपण कर मनाई वसंत पंचमी:** नवाबगंज में पालिकाध्यक्षा प्रेमलता राठौर ने नगर परिषद के एमआरएफ सेंटर स्थित पार्क में सभासदों के साथ पौधरोपण कर वसंत पंचमी मनाई। इस दौरान नीरेन्द्र सिंह, अजय गंगवार, रामप्रकाश, विजय कुमार, इदरीस, अजय शर्मा, सोनू राठौर, गोविन्द कुमार, सन्तोष कुमार, वंटी रस्तोगी समेत अन्य रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, पसगवां-खीरी

पत्रांक : 3378/लेखा./वि.म.क्षे.वि.नि./अल्पकालिक निविदा सूचना/2023-2024 दिनांक : 14.02.24

### ई-टेण्डर/निविदा आमंत्रण

विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो पर विकास खण्ड-पसगवां द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित ठेकेदारों/फर्मो से विकास खण्ड मोहम्मदी के अन्तर्गत ठेकेदारों से 10 लाख रू. से अधिक के कार्यो पर ई-निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 23.09.2023 को प्रातः 11:00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 15.02.2024 को दोपहर12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा 10 लाख रू. से कम के कार्यो पर निविदा प्रपत्र विकास खण्ड से कार्यालय कार्य दिवस में दिनांक 15.02.2024 प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी जो दिनांक 29.02.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक खण्ड विकास के सील्ड टेण्डर बॉक्स में डाली जा सकती है। समस्त निविदाओं को दिनांक 01.03.2024 को अपरान्ह 02:00 बजे गठित निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की आगणन धनराशि | जमानत (2%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रामसभा मुल्लापुर में रामदास शुक्ला के मकान से होली स्थान के पास तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य, 155 मी. (इण्टरलॉकिंग 155 मी.X 3.30 मी. औसत=कुल 511.50 वर्ग मीटर तथा नाली एक तरफ 155 मी.) | 12,38,300.00 | 247766.00 | 1120.00 | 3 माह |
| 2. | ग्रामसभा मुल्लापुर में खेल के मैदान के पास सेमीहाईमास्ट लाइट का अधिष्ठापन। | 178900.00 | 3578.00 | 1120.00 | 3 माह |

**नियम व शर्ते :-**

1. निविदा फार्म व उससे सम्बन्धित निर्देश क्रय किये जाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी पसगवां के कार्यालय में दिनांक 15.02.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक कार्यालय दिवस में 1120.00 रू. नकद धनराशि श्री अयूब अली खां कैशियर/भण्डार लिपिक के पास जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की धनराशि मूल्य का 2 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक का एफ.डी.आर./एन.एस.सी. खण्ड विकास अधिकारी पसगवां के पक्ष में समस्त अभिलेख मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर दिनांक 29.02.2024 तक दोपहर 12:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी पसगवां के कार्यालय में सीलबंद टेण्डर बॉक्स में डाले जायेंगे/डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. कार्यआदेश निर्गत की तिथि से कार्यपूर्ण करने की अवधि तीन माह निर्धारित की जाती है।
4. प्राप्त टेण्डर को खण्ड विकास अधिकारी पसगवां खीरी के द्वारा गठित समिति के समक्ष 01.03.2024 को समय 02:00 बजे सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
5. भुगतान हेतु प्राप्त बिलों पर नियमानुसार 2 प्रतिशत आयकर, 2 प्रतिशत जी.एस.टी., 1 प्रतिशत लेबर सेस 8 प्रतिशत जमानत तथा रॉयलटी की कटौती करने के बाद 16 प्रतिशत जी.एस.टी. बिल की धनराशि के साथ भुगतान की जायेगी।
6. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
7. किसी भी एक निविदा को स्वीकार्य करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी विवाद की दशा में जनपद न्यायालय खीरी ही मान्य होगा।
9. निविदा भरते समय निविदा की दरें अंकों के साथ-साथ शब्दों में भी उल्लिखित की जाये।
10. निविदा प्रपत्र के साथ सीलबन्द लिफाफे में फर्म रजिस्ट्रेशन, आयकर, जी.एस.टी. तथा जमानत धनराशि का एफ.डी.आर. एवं आयकर रिटर्न की प्रति जिस पर ठेकेदार/ फर्म स्वामी के हस्ताक्षर हों साथ में संलग्न किया जाये।

(मोहित कौशिक)
खण्ड विकास अधिकारी
पसगवां-खीरी



## कार्यालय ग्राम पंचायत जिगनिया भगवंतपुर, विकास खंड भदपुरा (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जिगनिया भगवंतपुर में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम समाज की जगह सीमा से बुद्धसेन के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य निर्माण कार्य | 3,99,000/- |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 15.02.2024 से दिनांक 16.02.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में नियत तिथि व समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिन दिनांक 16.02.2024 को प्रातः 11:00 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-बबली गंगवार सचिव-सचिन गंगवार



## कार्यालय प्रकाश विभाग, नगर निगम, बरेली

### ई-निविदा आमन्त्रण सूचना

पत्रांक 157/प्र.वि./2023-24 दिनांक : 14.02.2024

नगर निगम, बरेली द्वारा 15वां वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत नगर के पथ-प्रकाश व्यवस्था को सुचारू रूप से कराये जाने हेतु एवं विद्युत अपव्यय को रोकने हेतु स्वचलित ऑन-ऑफ स्विच (Centralized Control & Monitoring System) की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य किये जाने हेतु अनुभवी फर्मों से उनकी श्रेणी के अनुसार ई-निविदाएं द्वि-बिड पद्धति के अन्तर्गत प्रस्तावित हैं। ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं.-4848/नौ-5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग-05 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क+GST ऑनलाइन आर.टी.जी.एस. के माध्यम से E-TENDER BNN/NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से नगर निगम कोष में नगर निगम बरेली के खाता सं.-3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन कापी टेन्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। अन्य शर्तें एवं विवरण निम्नवत् उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। ई-निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 15-02-2024 - (01:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 15-02-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 29-02-2024 - (02:00 PM) |
| तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि/समय | 29-02-2024 - (03:00 PM) |
| वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि/समय | तकनीकी बिड खुलने के पश्चात |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

प्रभारी प्रकाश,
नगर निगम, बरेली

## साहूकार ने लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर की आत्महत्या

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक साहूकार ने खुद की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग कमरे में पहुंचे और घायल को निजी अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना कटघर क्षेत्र के मोहल्ला गाड़ीखाना निवासी अमित शर्मा पुत्र राजाराम शर्मा साहूकार थे। उनके परिवार में पत्नी सोनी शर्मा, बेटा निकांश शर्मा और बेटी श्रेया शर्मा है। अमित तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। छोटे भाई दीपेंद्र गौड़ ने बताया कि बीते मंगलवार की रात लगभग 11 बजे बड़े भाई अमित शर्मा के बच्चे ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में पढ़ रहे थे, जबकि भाभी रसोईघर में थी। इसी बीच अमित के कमरे से गोली चलने की आवाज आई। परिवार के लोग पहुंचे तो अमित खून से लथपथ पड़े थे।

# श्रम विभाग के पोर्टल में सेंध लगाकर 1 करोड़ की ठगी, प्रेमी-प्रेमिका सहित 6 लोग गिरफ्तार

## मास्टरमाइंड उदित दो बार केंद्र सरकार की ओर से सम्मानित भी हो चुका है

कानपुर, कार्यालय

अमृत विचारः श्रम विभाग के पोर्टल से एक करोड़ सात लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने प्रेमी जोड़े के साथ चार अन्य आरोपियों को छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग शहरों से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुछ माल की बरामदगी भी हुई है।

मास्टरमाइंड उदित ने बताया कि श्रमविभाग की योजनाओं का दो बार पूरे देश में टॉप पर नाम लेकर आया इसके लिए उसे केंद्र सरकार ने दो बार सम्मानित भी किया। लखनऊ में आयुष्मान योजना में टारगेट पूरा करने के लिए बुलाया गया था। इस



प्रेमी उदित मिश्रा, प्रेमिका नैंसी।

फर्जीवाड़े में लखनऊ स्थित श्रम विभाग में कार्यरत अकाउंटेंट दिनेश दीक्षित ने उसे पूरी जानकारी दी थी। बुधवार को पुलिस ऑफिस में आयोजित प्रेसवार्ता में डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि एक फरवरी 2024 को अपर श्रमायुक्त कानपुर मंडल कल्पना श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर दी थी कि साइबर अपराधियों ने कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत अनुदान के फर्जी आवेदन कर उनकी आईडी व अधिकारियों के फर्जी डिजिटल सिग्नेचर का प्रयोग कर डीएलसी तथा एलसी की आईडी को स्कीप करते हुए लगभग 196 अपात्र श्रमिकों के खाते में लगभग एक करोड़ सात लाख की धनराशि ट्रांसफर कर ली थी।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के आदेश पर सर्विलांस तथा स्वाट टीम समेत चार टीमों का गठन किया गया। जांच शुरू की तो पता चला कि इस घटना के मुख्य मास्टरमाइंड प्रेमी जोड़ा उदित मिश्रा निवासी सजेती हाल पता 19 वीं मंजिल बिल्डिंग पारा थाना लखनऊ और उसकी प्रेमिका नैंसी ठाकुर निवासी नागपुर महाराष्ट्र हैं। उदित श्रम विभाग के टेक्निकल सलाहकार के रूप में मदद करता था और ट्रेजरी ऑफिसर का डिजिटल सिग्नेचर कर इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस धोखाधड़ी में शामिल सजेती निवासी अंकित मिश्रा, मुरादाबाद के थाना मोजपुर निवासी मोहम्मद यासीन, मुरादाबाद के थाना कटघर अंबेडकर नगर निवासी ललित कश्यप, सीतापुर के आदर्श नगर निवासी विनय दीक्षित को गिरफ्तार किया है। डीसीपी ने बताया कि उदित और अंकित भाई हैं।मास्टरमाइंड उदित ने बताया कि उसे धोखाधड़ी करने के लिए कुल धनराशि में 20 फीसदी रकम मिलनी थी। कुछ रकम उसके भाई अंकित के खाते में गई। उसने बताया कि कृष्णा नगर स्थित एक ज्वैलर्स के पास नकद का आदान-प्रदान किया गया था।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचल विवाहिता की मौत, बच्ची को खींचकर बचाया

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बहन की शादी में शामिल होने के लिए पति और बच्ची के साथ मायके जाने के लिए निकली विवाहिता की गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर मौत हो गई। बच्ची भी पहिए के नीचे आने वाली थी कि पति ने उसे खींचकर बचा लिया। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर मौके से भाग गया। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और जाम लगाकर प्रदर्शन किया। पुलिस से भी नोकझोंक हुई। करीब एक घंटे जाम लगा रहा। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर भीड़ को बमुश्किल समझाकर शांत कराया। बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम कैंचुआ निवासी प्रमोद कुमार (24) पुत्र मदनलाल खेती करते हैं। उनकी शादी करीब ढाई साल पहले बरखेड़ा क्षेत्र के पचपेड़ा गांव निवासी पूजा (21) से हुई थी। उनको एक साल की बेटी अन्नया है।

## सार-संक्षेप

### पुलिस अभिरक्षा में आत्महत्या के प्रयास के मामले में छह दिन बाद युवक ने दम तोड़ा

**कासगंज, अमृत विचार :** किशोरी को भगाकर ले जाने के आरोप में पकड़े गए युवक ने अमांपुर थाना परिसर में टॉयलेट में आत्महत्या का प्रयास किया था। छह दिन के बाद युवक ने उपचार के दौरान अलीगढ़ में दम तोड़ दिया है। मामले में अब संवेदनशीलता और बढ़ गई है। युवक की मौत से पुलिस महकमा अलर्ट हो गया है। थाना अमांपुर से लेकर युवक के गांव तक पुलिस ने नाकेबंदी कर दी है। गांव सुलहपुर निवासी गौरव पुत्र रघुराज सिंह पर गांव की एक किशोरी भगा ले जाने का आरोप लगा। उसे पुलिस ने 3 फरवरी को हिरासत में लिया था। अवैध रूप से पुलिस छह दिन तक हिरासत में रखे रही लेकिन उसे न्यायालय में पेश नहीं किया। जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हुआ। परिजनों का आरोप है कि पुलिस लगातार प्रताड़ना देती रही, जिससे उसने तंग आकर 9 फरवरी को थाने के शौचालय के जंगले में मफलर से फंदा लगाकर जान देने की कोशिश की थी। संतरी ने दरवाजा तोड़ उसे अस्पताल भेजा था। उसे अलीगढ़ रेफर किया था। वहीं बुधवार को गौरव ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### पत्नी की हत्या में अभियुक्त पति को आजीवन कारावास

**बदायूं, अमृत विचार :** पत्नी की हत्या करने के अभियुक्त को जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 35 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना इस्लामनगर क्षेत्र के मोहल्ला मछली बाजार निवासी जयकुमार पुत्र मनोज ने 6 फरवरी 2022 को तहरीर देकर बताया था कि उसी दिन सुबह लगभग 9 बजे उनकी मां पिंकी किसी काम से घर के बाहर गई थीं। मोहल्ला मुस्तफाबाद में बब्बू धर्मकांटा के सामने उनके पिता मनोज ने पिंकी को चाकू मार दिया। पिंकी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। पिंकी को रुदायन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थाना इस्लामनगर पुलिस ने आरोपी मनोज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचक विजेंद्र सिंह ने जांच करके कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। न्यायालय में मृतक के पति मनोज पुत्र प्रकाश पर पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह राठौड़ और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलील सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

### मुजफ्फरनगर में महापंचायत 17 को: राकेश टिकैत

**नोएडा, एजेंसी :** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने बुधवार को कहा कि देश में प्रदर्शनकारी किसानों पर हो रहे अत्याचार पर चर्चा के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में महापंचायत आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा के किसानों और बीकेयू के कार्यकर्ताओं से सिसौली के 'किसान भवन' में आयोजित होने वाली महापंचायत में शामिल होने का आह्वान किया गया है। टिकैत ने फेसबुक पर किए पोस्ट में कहा कि आप सभी किसानों व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संदेश दिया जाता है कि राष्ट्रीय कार्य समिति के निर्णयानुसार 17 फरवरी को जफ्फरनगर स्थित किसान भवन सिसौली में मासिक पंचायत का आयोजन किया जाएगा,जिसमें देश के मौजूदा हालात व आंदोलन कर रहे किसानों पर हो रहे जुल्म को लेकर विचार किया जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की बुआ का निधन



**उन्नाव, अमृत विचार :** आग तापते समय गंभीर रूप से झुलसी प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की बुआ का बुधवार को कानपुर के हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर परिजनों व क्षेत्र व जिला वासियों में शोक की लहर दौड़ गयी। सूचना मिलने पर उनके आवास पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। बता दें कि कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की करीब 100 वर्षीया बुआ विद्यावती मिश्रा (सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षिका) नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के मोहल्ला इंद्रानगर में बीती 2 फरवरी को सुबह आग तापते समय गंभीर रूप से झुलस गयी थीं। परिजन उन्हें पहले स्थानीय निजी अस्पताल ले गये थे। जहां से उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया था। तभी से उनका इलाज हैलट में चल रहा था। बुधवार दोपहर करीब चार बजे इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया।

### प्रदेश में बनेंगे छह नए छात्रावास

**लखनऊ, अमृत विचार :** ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए शहर आने वाले अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को अब छात्रावास के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। अगले वित्तीय वर्ष से समाज कल्याण विभाग छह नए छात्रावास बनवाएगा। छात्रावास के निर्माण पर 25 करोड़ 38 लाख रुपये खर्च होंगे। प्रदेश के 75 जिलों में 230 छात्रावास संचालित हो रहे हैं, जबकि 31 छात्रावास जर्जर हो चुके हैं और इनको बंद कर दिया गया है। छात्रावास में 70 प्रतिशत अनुसूचित, 20 प्रतिशत ओबीसी और 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को दिया जाता है। ग्रामीण परिवेश से पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों को छात्रावास निशुल्क दिया जाता है। समाज कल्याण विभाग की ओर से बिजली और पानी की सुविधा छात्रों को दी जाती है जबकि नाश्ते और भोजन की व्यवस्था इनको स्वयं करनी होती है।

## ट्रैक्टर-ट्राली ने कार में मारी टक्कर पिता-पुत्र सहित तीन की गई जान

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** रिश्तेदार की शादी में मंडप की दावत खाकर घर लौट रहे लोगों की कार में मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। भीषण हादसे में पिता-पुत्र और सात माह की बच्ची की मौत हो गई। आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा। हादसा कोतवाली देहात क्षेत्र के मरथरा गांव के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कार से लोगों को बाहर निकाला। जब तक अस्पताल पहुंचाया गया तब तक विश्वनाथ की पुत्री मिस्टी (7 माह), नेपाल सिंह (40 वर्ष) और उनका बेटा निशांत (7 वर्ष) निवासी नगला मोहन, सहावर रोड, कासगंज की मौत हो गई।

घायलों में रुचि पत्नी विश्वनाथ प्रताप (25), प्रिया पुत्री नेपाल सिंह (13), भानु पुत्र रोहतास (6 वर्ष), रोहतास पुत्र मथुरा प्रसाद (35), सुनीता पत्नी रोहतास (35) निवासी नगला मोहन, सहावर रोड, कासगंज शामिल हैं। इनकी हालत नाजुक देखते हुए अलीगढ़ के लिए रेफर किया गया है।

### जन्मदिन की बधाई



भाजपा नेता अपर्णा यादव बुधवार को सपा के राष्ट्रीय महासचिव और वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव के घर जाकर उन्हें जन्मदिन की बधाई देतीं हुई। अपर्णा ने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दी है।

## बरेली में लगेगा फर्टिलाइजर-डेयरी उद्योग, मुरादाबाद में लॉजिस्टिक और लखनऊ में बसेगी एआई सिटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रधानमंत्री से परियोजनाओं का वर्चुअल भूमिपूजन कराने की तैयारी में बड़े उद्योगपति

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जीबीसी के दौरान वर्चुअल भूमिपूजन कराने के लिए कई बड़े उद्योगपतियों और सीईओ की ओर से तैयारी की जा रही है। मुरादाबाद में लॉजिस्टिक तो बरेली में फर्टिलाइजर और डेयरी उद्योग लगेंगे।

यूपीसीडा का 52 फीसदी निवेश के साथ पश्चिमाचंल हॉट स्पॉट बन गया है। लखनऊ में डिफेंस कॉरीडोर के साथ एआई सिटी, चंदौली में इंटीग्रेटेड टाउनशिप और झांसी में रेलवे कोच जैसे उद्यम स्थापित होंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 19 फरवरी को तैयार औद्योगिक गलियारा, रक्षा गलियारा समेत जनपद स्तरीय इंडस्ट्रियल क्षेत्रों में निवेश के लिए उपलब्ध लैंड बैंक में वॉलमार्ट, सऊदी अरामको, स्टेट ग्रिड, अमेज़ॅन, ऐप्पल, अल्फाबेट, टोयोटा मोटर, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स, माननीय हाई प्रिसिजन इंडस्ट्री, माइक्रोसॉफ्ट, नेस्ले, अडाणी ग्रुप, रिलायंस ग्रुप, महिंद्रा ग्रुप, बिड़ला ग्रुप समेत प्रदेश के तमाम उद्योगपतियों की ओर से प्रस्तावित कई परियोजनाओं का वर्चुअल भूमि पूजन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जीबीसी 4.0 में 10.11 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की तैयारी है। मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफ ग्रुप) लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ निवेश करेगा और 1250 रोजगार भी सृजित करेगा। अमेठी में वरुण बेवरेजेस 780 करोड़ से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश करेगी। बरेली में 638 करोड़ से इफ्को का नैनो फर्टिलाइजर प्लांट, 3450 करोड़ से एचपीसीएल का प्लांट, 212 करोड़ से डेयरी क्राफ्ट इंडिया का प्लांट, 25 करोड़ से मैसर्स कृष्णा एसोसिएट्स, 10 करोड़ से मैसर्स राघव डेयरी समेत कई प्रोजेक्ट का भूमिपूजन होगा।

# 11वां उम्मीदवार आया तो निर्विरोध नहीं होगा चुनाव

राज्यसभा चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सपा को तीसरे के लिए एक तो भाजपा से अगर 8वां उम्मीदवार आया तो 16 वोटों की पड़ेगी की आवश्यकता

**अमृत विचार :** राज्यसभा की 10 सीटों के लिए भाजपा और सपा ने अपने-अपने विधायकों की संख्या बल को देखते हुए सोच-समझ कर उम्मीदवार उतारे हैं।

एक ओर जहां भाजपा के पास आठवां उम्मीदवार जिताने के लिए आवश्यक संख्या बल नहीं है वहीं, सपा के पास भी अपने तीसरे उम्मीदवार को जिताने के लिए एक वोट फिलहाल कम पड़ रहा है। हालांकि, सपा में गहराए असंतोष का फायदा उठाकर भाजपा अपना आठवा उम्मीदवार भी ला सकती है। विधानसभा की गणित समझी जाए तो सपा के पास अपने 108 विधायक हैं और कांग्रेस को जोड़ लिया जाए तो यह संख्या 110 तक पहुंच जाती है। सपा को तो वैसे जीत के लिए 111 वोट चाहिए, लेकिन भाजपा द्वारा अगर आठवां उम्मीदवार नहीं उतारा जाता है तो मात्र एक वोट की जुगत करना ही उसके लिए रह जाएगा। वहीं, भाजपा को आठवां उम्मीदवार जिताने के लिए गठबंधन के धड़ों को मिलते हुए कुल संख्या बल के बाद भी 16 वोट की और आवश्यकता होगी। दरअसल, उप्र. विधानसभा में अभी 399 विधायक हैं। विधायकों के निधन से चार सीटें रिक्त हैं। इस गणित से राज्यसभा की 10 सीटों के लिए इसके आधार पर ही मतदान होगा। एक सीट जीतने के लिए 37 वोट की आवश्यकता होगी।

भाजपा के पास अपने 252 विधायक हैं। घटक दलों को मिला लें तो यह संख्या 271 तक होती है। रालोद के नौ विधायकों को भी साथ लें तो यह संख्या 280 तक पहुंच जाती है। इसके बाद भी उसे आठवां उम्मीदवार जिताने को 16 अतिरिक्त वोटों की जरूरत पड़ेगी। राजा भैया की पार्टी के दो सदस्यों को भी जोड़नेके बाद भी भाजपा को 14 वोट जुटाने पडेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। अगर अभी तक सपा और भाजपा को मिलाकर उप्र. कोटे से रिक्त हो दस सीटों के दस उम्मीदवार नामांकन कर चुके हैं। अगर ग्यारहवां उम्मीदवार मैदान में अचानक नहीं आया तो गुरुवार की शाम निर्विरोध निर्वाचन की तस्वीर साफ हो जाएगी।

## विवादित जमीन पर आंबेडकर की प्रतिमा रखने पर दो पक्ष भिड़े, पथराव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खमरिया के ऊंचगांव में विवादित जमीन पर डा भीमराव आंबेडकर और महात्मा बुद्ध की प्रतिमा रखने को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हो गया है। बुधवार को मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। स्थिति तनावपूर्ण बनने के बाद दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे के साथ जमकर ईंट पत्थर भी चले। पत्थरबाजी में कई लोग चोटिल हुए हैं लेकिन कोई सामने नहीं आ रहा है। प्रतिमा को हटवा दिया है। गांव में एहतियातन पीएसी तैनात की गई है। गांव ऊंचगांव में हरिजन आबादी की भूमि खाली है। मंगलवार की रात में कुछ लोगों ने आंबेडकर और भगवान बुद्ध की प्रतिमा रख दी। जानकारी बुधवार को गांव के अन्य लोगों को हुई तो लोगों में आक्रोश फैल गया। लोग जुटे तो दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। उनमें तीखी झड़प हुई। आरोप है कि चमारन पुरवा के रामचंद्र और मिश्री लाल आदि ने जबरन आंबेडकर और बुद्ध की प्रतिमा रात में रखी है। पुलिस ने मौके की नजाकत को भांपते हुए उच्चाधिकारियों को जानकारी दी।

# उत्तराखंड

## महिला की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, केस दर्ज

**शांतिपुरी, अमृत विचारः** शांतिपुरी क्षेत्र जवाहरनगर की एक युवती ने अपने पुरुष मित्र पर डरा धमकाकर उसकी आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाते हुए पंतनगर थाने में तहरीर दी है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जवाहरनगर पोस्ट नगला डेरीफार्म निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि इंस्टाग्राम पर उसकी मुलाकात गोविंद सिंह फर्त्याल नाम के युवक से हुई थी। अक्टूबर 2023 में उसने उसे फोन कर रुद्रपुर मिलने को बुलाया। जब वह रुद्रपुर पहुंची तो वह उसे जबरदस्ती होटल में ले गया।

# उत्तराखंड से होगी देश में पहली बार इमरजेंसी मेडिकल सेवा की शुरुआत

ब्यूरो, देहरादून

▸▸ डेढ़ सौ किमी के दायरे में हेलीकॉप्टर से मरीजों को लाने की होगी व्यवस्था

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर नवनिर्मित टर्मिनल भवन फेज-2 का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया वर्चुअली जुड़े। फेज-2 में टर्मिनल का 14 हजार वर्ग मीटर विस्तार हुआ है। इस विस्तार के बाद टर्मिनल 42 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में हो गया है। एयरपोर्ट का टर्मिनल दो चरणों में 486 करोड़ से बना है।

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री सिंधिया ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड से उनका पुराना नाता है। 5 साल राज्य में शिक्षा ग्रहण की। जौलीग्रांट एयरपोर्ट टर्मिनल के विस्तारीकरण से देश के 13 शहरों के लिए हवाई सेवा चल रही है। पिथौरागढ़-हिंडन हवाई सेवा के लिए कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के लिए हेलीकॉप्टर सेवा की देश में उत्तराखंड से शुरूआत हो रही है। एम्स ऋषिकेश में हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की जाएगी। 150 किलोमीटर के दायरे में हेलीकॉप्टर से मरीजों को लाने की व्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में तीन एयरपोर्ट देहरादून, पंतनगर और पिथौरागढ़ विकसित करने की पहल हो चुकी है। वर्ष 2014 में देवभूमि में मात्र एक हेलीपोर्ट था, जो अब 10 हो चुके हैं। उड़ान 5.0 योजना तक राज्य में 21 हेलीपोर्ट बनाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री धामी ने पिथौरागढ़-हिंडन हवाई सेवा की प्रक्रिया और इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के लिए हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत करने पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के साथ ही बाहर के लोगों को भी सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इससे राज्य को राजस्व प्राप्त होगा, आमजन को सरल एवं सस्ती हवाई सेवा उपलब्ध होगा।

## नकली दवा बनाने वाले की जमानत रद

**काशीपुर, अमृत विचारः** नामी कंपनियों की नकली दवा बनाने के आरोपी की जमानत प्रथम एडीजे कोर्ट ने सुनवाई के बाद निरस्त कर दी है। 30 जनवरी को पुलिस ने एक सूचना पर रम्पुरा में किराये के मकान में चल रही पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मारा। फैक्ट्री के अंदर पुलिस को कई नामी कंपनियों की दवाइयां बोरे में भरी हुई बरामद हुई हैं। मौके से दवाई बनाने की मशीन भी बरामद हुई है। पुलिस ने दो लोगों अरुण कुमार निवासी ग्राम शामली थाना आदर्श मंडी जिला शामली और रविकान्त निवासी शिवपुरम कॉलोनी थाना गंगनहर, रूड़की जिला हरिद्वार को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक आरोपी अरुण कुमार की ओर से अदालत में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

## मलिक बगीचा प्रकरण : हाईकोर्ट ने सरकार से 4 हफ्ते में मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में नजूल भूमि पर बने मलिक का बगीचा अतिक्रमण के मामले पर सुनवाई की। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को कोई राहत नहीं देते हुए राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ता से प्रति शपथपत्र पेश करने को भी कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 मई को होगी।

मामले के अनुसार सफिया मलिक ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि नगर निगम हल्द्वानी ने उन्हें 30 जनवरी 2024 को नोटिस देकर मलिक के बगीचे से अतिक्रमण हटाने को कहा है। उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका तक नहीं दिया गया। जो नोटिस दिया वह प्रशासनिक था, न कि किसी कोर्ट का। प्रशासन को ध्वस्तीकरण का आदेश देने का अधिकार नहीं है। ध्वस्तीकरण से पूर्व उन्हें पीपी एक्ट में नोटिस दिया जाना चाहिए था।

याचिकाकर्ता के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से पैरवी की। कहा कि नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने का जो नोटिस दिया है वह नियम विरुद्ध है। जवाब में राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर व मुख्य स्थायी अधिवक्ता सीएस रावत ने कहा कि नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए सरकार के पास पॉलिसी है। प्रशासन ने नियमों के तहत ही अतिक्रमण हटाया है।

## षड्यंत्र में सफेदपोश जल्द होंगे गिरफ्तार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे के षड्यंत्र में कुछ सफेदपोशों के नाम में सामने आए हैं और दो से तीन दिन के भीतर पुलिस इनकी गिरफ्तारी कर सकती है। फिलहाल पुलिस इनके खिलाफ मिले सुबूत को गहनता से परख रही है। जिन सफेदपोशों के नाम इस घटना से जुड़ रहे हैं, उनके फोन भी बंद हैं। बता दें कि जिन लोगों को पुलिस ने मुकदमे में नामजद किया है, उनमें से अधिकांश या तो सक्रिय राजनीति में हैं या फिर उनकी अच्छी राजनीतिक पहुंच है। कुछ को तो पुलिस सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है और कुछ की तलाश में दबिशें जारी हैं। इन सबके बीच अज्ञातों की शिनाख्त के लिए भी धर-पकड़ तेजी से जारी है। पुलिस को जांच में अभी तक जो सुबूत मिले हैं, उसमें कुछ बड़े नेता भी हैं।

## छात्रा से किया दुष्कर्म मिली 20 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शादी और दो बच्चों का बाप होने की बात छिपा कर दुष्कर्मी ने नाबालिग छात्रा को प्यार के जाल में फंसाया और सालों तक दुष्कर्म करता रहा। खुलासा हुआ तो पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया और अब अदालत ने दुष्कर्मी को 20 साल की सजा 41 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

होमगार्ड में तैनात दुष्कर्मी की मां अदालत ने बरी कर दिया है। पीड़िता की ओर से मामले की पैरवी कर रहे एडीजीसी फौजदारी नवीनचंद्र जोशी ने बताया, 2015 में पीड़िता 11वीं की छात्रा थी। वर्ष 2015 में स्कूल के वार्षिकोत्सव में पीड़िता अपने दोस्त के जरिये गुलजारपुर बंकी कालाढूंगी निवासी अरुण गड़िया से मिली। वह शादीशुदा और दो बच्चों का पिता था, लेकिन यह बात उसने पीड़िता से छिपाई और प्यार में फंसा लिया। उसे फोन गिफ्ट किया और एक दिन कार से उसके स्कूल पहुंच गया। वह उसे मुखानी ले गया जहां से उसके साथ दुष्कर्म किया।

## व्यापार मंडल के संरक्षक का निधन




**लालकुआं, अमृत विचार :** प्रमुख व्यवसायी व उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक सुंदर खुराना का बुधवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। नगर उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर व्यवसायियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर शोकाकुल परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। सुंदर खुराना बीती रात मथुरा वृंदावन से अपने साथियों के साथ घर लालकुआं आ रहे थे। रास्ते में उन्हें हल्का दर्द महसूस हुआ।

# मलिक समेत फरार 9 दंगाइयों की संपत्ति होगी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ कोर्ट से जारी हुआ 83 का नोटिस फरार दंगाइयों में मास्टर माइंड के बेटे समेत पार्षद भी शामिल



**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे के फरार मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत सभी फरार आरोपियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। पुलिस अब फरार सभी आरोपियों की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी कर रही है। इस घटना में अब्दुल मलिक का बेटा भी नामजद है।

दोनों दंगे की रात से ही शहर छोड़कर फरार हो गए थे। सभी फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली और हरियाणा तक दबिशें दे रही है। बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर बने अवैध मदरसा और धार्मिक स्थल को ढहाने के लिए पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम पहुंची थी। टीम के पहुंचते ही पथराव शुरू हो गया और करीब साढ़े 4 घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान लगातार दंगाइयों ने पथराव किया। टीम ने निकलने का प्रयास किया तो सरकारी वाहनों में आग लगा दी गई और कर्मियों को घेर पथराव व जलते टायर फेंके गए। इस मामले में पुलिस ने अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद समेत 18 लोगों को नामजद किया था। अभी नामजदों में नौ लोगों की गिरफ्तारी होनी बाकी है, जिसमें मलिक और उसका बेटा भी शामिल है। दोनों घटना की रात से फरार हैं। इन दोनों के साथ ही पुलिस फरार शकील अंसारी, वसीम उर्फ हप्पा, मौकिन सैफी, एजाज अहमद, तस्लीम, जियाउल रहमान और रईस उर्फ दत्तू की तलाश भी कर रही है। ये सभी दंगे के मामले में नामजद हैं। पुलिस को न्यायालय से इन सभी की संपत्ति कुर्क करने के आदेश मिल चुके हैं।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 6 टीमों को लगाया गया है। एक टीम अब्दुल मलिक और उसके बेटे के पीछे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने पड़ोसी जिले और राज्यों की पुलिस से संपर्क किया है। फरार आरोपियों की फोटो और अन्य डिटेल भी विभिन्न राज्यों की पुलिस से साझा किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इन सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। फिलहाल, पुलिस ने फरार आरोपियों की संपत्ति का आंकलन शुरू कर दिया है।

### इन आरोपियों की होनी है गिरफ्तारी व संपत्ति कुर्क

1. अब्दुल मलिक
2. अब्दुल मोईद
3. शकील अंसारी
4. वसीम उर्फ हप्पा
5. मौकिन सैफी
6. एजाज अहमद
7. तस्लीम
8. जियाउल रहमान
9. रईस उर्फ दत्तू

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।


## संपादकीय

# फिर किसान आंदोलन

चुनावों से पहले अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, हड़ताल और प्रदर्शन करना कोई नई बात नहीं है। यह भी नहीं कहा जा सकता कि यह तरीका संविधान सम्मत नहीं है। बीते दो दिनों से पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान अपनी मांगों को लेकर लामबंद हैं और दिल्ली की तरफ बढ़ने की बराबर कोशिश कर रहें हैं। धारा-144 लगाकर शंभू बॉर्डर पर पुलिस फोर्स की तैनाती और पुख्ता इंतजाम करके किसानों को रोकने की कोशिश जारी है। इस दौरान किसानों की पुलिस से कई बड़ी झड़पें भी हो चुकी हैं। सही है कि किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, लेकिन किसानों को भी यह सोचना है कि बिना किसी उपद्रव के संवैधानिक तरीके से अपनी बात को मजबूती के साथ रखें। यहां इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि किसान आंदोलन की आड़ में ऐसे तत्व भी अपनी जमीन तलाश रहें हैं जिनका मंसूबा हमेशा से देश को अस्थिर करने का रहा है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि 2021 में कृषि कानून के विरोध में आंदोलन चल रहा था, तब 26 जनवरी को दिल्ली के कई इलाकों खासकर लालकिला पर खूनी हिंसा का खेल खेला गया था जिसमें पुलिस अधिकरियों समेत कई जवान हिंसा का शिकार हुए थे।

आंदोलित किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, पुलिस मामलों को वापस लेने और लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय' की मांग कर रहे हैं। हालांकि मंगलवार को कृषि मंत्री अनुराग ठाकुर की किसानों से वार्ता हुई, लेकिन वार्ता किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी। यहां एमएसपी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों आदि मांगों से सहमत हुआ जा सकता है, लेकिन कृषि ऋण माफी और पेंशन की मांग से सहमत नहीं हुआ जा सकता है। क्योंकि पूर्व में अनेक ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें कृषि ऋण माफी की आड़ में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में कृषि कार्यों के नाम पर कर्ज लिया गया, लेकिन उसका उपयोग कृषि कार्यों में न करके व्यक्ति कार्यों में किया जाने लगा। इस तरह कृषि ऋण को उपभोग की वस्तु बना लिया गया है। इसी प्रकार पेंशन संबंधी मांग से भी सहमत नहीं हुआ जा सकता है, क्योंकि खेती एक व्यावसायिक कार्य है, जो निरंतर चलता है। साथ ही एक बात और गौरतलब है कि किसानों की आय पर किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं है। वर्तमान में हो रहे किसान आंदोलन से दिल्ली और आसपास के इलाकों में जाम की समस्या शुरू हो चुकी है जिससे जनजीवन तो प्रभावित हो रहा है, साथ ही व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। आंदोलनरत किसानों को समझना होगा कि वे अपना प्रदर्शन बेशक जारी रखें, लेकिन देश की संपत्ति और जनमानस को प्रभावित किए बिना प्रदर्शन करें।

# संस्मरणात्मक विरासत बनाती पुस्तक मेलों की संस्कृति


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है।

दिल्ली और अपने घर के आसपास के संस्थानों में लगने वाले पुस्तक मेलों में पचासों बार गया हूं। मेरा मकसद साहित्यिक विमर्श और वैचारिक आदान-प्रदान नहीं होता। इसके लिए पुस्तक मेला बिल्कुल अनुपयुक्त स्थल है। बेचने के लिए ही पुस्तक मेला आयोजित किया जाता है। प्रकाशकों से पहचान हो जाना और पुस्तक लेखन की योजना पर आंशिक चर्चा होना भी संयोग समझिए। पुस्तक मेले में मंथर गति से चलते हुए,सुबह से शाम तक पुस्तकें छांटना और अपनी पसंद की क्वालिटी पब्लिकेशंस खरीदना बहुत समय साध्य है। हर एक मनुष्य अपनी फाइनेंसियल और बौद्धिक क्षमता के अनुसार यहां आकर पुस्तकें खरीद सकता है।

हिंदी प्रकाशनों की बात करें तो इनमें कथा और उपन्यास साहित्य तो ओरिजिनल हो सकता है, लेकिन बाकी में आधे से अधिक ऐसा है जैसे कि हिंदी भाषा इंग्लिश की चेरी है। अंग्रेजी भाषा में जो भी कहीं भी प्रकाशित होता है आईडिया और कथ्य इसकी नकल मात्र प्रतीत होता है। वह समय सन् 1970 बीतते गया जब हिंदी भाषा के प्रकाशन ओरिजिनल हुआ करते अध्येता परिश्रम से इनमें ऐतिहासिकता,क्रिटिकैलिटी,विमर्श और इंटरप्रिटेशन की टाइपोलॉजी को उच्च स्तर पर रखा करते जैसे कि आचार्य वासुदेव शरण अग्रवाल के निर्देशन में अम्बा प्रसाद 'सुमन' जी की बृज क्षेत्र की कृषि शब्दावली। किताब तब खरीदी जाती है जब इसे लेने के लिए रुपया और रुचि दोनों मौजूद हैं। पढ़ने की ललक है और घर में रखने के लिए पर्याप्त स्पेस है। मंथर गति से चलने पर भी पुस्तक मेले में अवलोकन करते हुए थकान हो जाती है। करीब सात-आठ बार मेले में आने से तृप्ति होती थी। इस प्रक्रिया के चलते कुछेक बेहतरीन पुस्तकों और जर्नल्स का अच्छा कलेक्शन किया जा सकता है। मेरे निजी पुस्तकालय में पुस्तकों और जर्नल्स को देख-देख कर मुझे आनंद का अहसास होता रहता है। जीने की अनेक कलाओं में यह भी है। पुस्तकों को देखने मात्र से मिलने वाले आनंद के सहारे जिंदगी मजे से चल रही है। जब कुछ लिखता हूं तो इन्हें संदर्भ के लिए देख कर तसल्ली भी कर लेता हूं कि जो लिखा है वह त्रुटिपूर्ण तो नहीं है। हिंदी मीडिया के लिए लिखते समय संदर्भ का हवाला लेख की बॉडी में ही देना होता है और ऐसा

> मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है।

करने से लगता है कि यह मात्र विचार संप्रेषण नहीं है,बल्कि सबूत और संदर्भ के कारण इसे शोधपूर्ण भी बनाया गया है। लेखन चाहे पोलिटिको-सोशल हो या सोशियो-इकॉनोमिक, साइंटिफिक हो या सोशियो-साइंटिफिक या खेल से सम्बंधित,यह हर हाल में ऑथेंटिक होना चाहिए और चेंज एवं ट्रेंड्स को दिखाने वाला। लेखन को गहन, संयमित और संतुलित बनाकर इसे मानव ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसा आभास हमें पुस्तकों के अध्ययन से खासतौर से आत्मकथाएं पढ़ कर हासिल होता है।

मेले का विशाल आकार और लाखों किताबे देख-देख कर मैं चकित हुआ जाता हूं कि मनुष्य ने अपनी काबिलियत से विशाल ज्ञान का सृजन किया और चाहा कि उनके काम और परिणाम से संसार वाकिफियत रखे। इसीलिए प्रकाशन जरूरी है और सर्कुलेशन इसका अहम हिस्सा है। लाहौर के एक बड़े प्रकाशक 'फिरोज पब्लिशर्स' से मैंने एक बार बीसियों टाइटल्स खरीदे। वे मुझे आधे दाम में पड़े। ये सभी किताबें पाकिस्तान की ज्योग्राफिकल, आर्किटेक्चरल, आर्टिस्टिक, इंडस्ट्रियल क्राफ्ट्स और कल्चरल हिस्ट्री से संबंधित हैं और अब लगभग अप्राप्य हैं। पाकिस्तान के भिन्न ज्योग्राफिकल रीजन्स की कॉस्ट्यूम और फलों पर भी किताबों के टाइटल्स फिरोज पब्लिशर्स के कैटेलॉग में दर्ज थे,लेकिन किताब उपलब्ध नहीं थी। कहा कि अगले पुस्तक मेले में ले आएंगे। फिर वे कभी नहीं आए। जनाब शुएब राजा जो कि फिलवक्त डेरा गाजीखान में स्थित एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के मार्फत मुझे मालूम हुआ कि इन बुजुर्ग का काफी साल पहले इंतकाल हो चुका है। पुस्तक मेलों पर बहुत लेख मैंने पढ़े हैं,लेकिन एकाध लेखक ही ऐसा रहा होगा जो व्यक्तिगत शैली में जज्बाती होकर खुद के अनुभव लेख के जरिए साझा करता है। पुस्तकों को कभी एक उड़ती सी नजर से नहीं देखना चाहिए। मैं इसे ज्ञान की अवमानना मानता हूं। पुस्तकों में बंद ज्ञान को आत्मसात करने से आनंद चौगुना हो जाता है। मुझे तो जब कोई भी रेयर बुक अफोर्डेबल लगती है तो मुझे इस कीमती चीज का मालिक बन जाने से कौतुक और गर्व महसूस होता था। कुछ लाजवाब टाइटल्स केवल एक बार ही छपते हैं। इनका फुल-टेक्स्ट, पीडीएफ संस्करण भी सुलभ नहीं है। आप सजग नहीं और यह आपकी रुचि के बेहद करीब है तो समझिये कि एक खजाना हाथ से निकल गया। उदाहरण के लिए केंद्रीय साहित्य अकादमी ने 'इंडियन लिट्रेचर' जर्नल का जनवरी-फरवरी 2024 का ताजा अंक भारतीय विज्ञान कथा साहित्य को समर्पित किया है। दिल्ली में जवाहरलाल नेहरु विश्व विद्यालय में अंग्रेजी साहित्य के प्रोफेसर जी.जे.वी. प्रसाद ने चंडीगढ़ से प्रकाशित 'द ट्रिब्यून' में कुछ दिन पहले साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा प्रकाशित इस जर्नल के अंक में भारतीयों द्वारा लिखे गए विज्ञान कथा साहित्यिक सामग्री के बारे में समीक्षात्मक टिप्पणी प्रकाशित की है। इस संग्रह में जौनपुर के डॉ.अरविंद मिश्र की भी एक कहानी है। पढ़कर मैं उत्सुक हुआ और 10 फरवरी को मेरा बेटा जब पुस्तक मेले में गया तो इसकी एक प्रति वह ले आया इसमें दी गई कुछ कथाएं मैंने पढ़ ली हैं। सन् 1980 से ही विज्ञान कथा साहित्य मैं पढ़ता रहा हूं। जाहिर है उस समय भारत में विज्ञान कथा लेखन बहुत नहीं होता था,लेकिन दसेक साल से इसमें बढ़ोतरी हुई। इसे महिला और पुरुष दोनों लिख रहे हैं और ये सब पश्चिम के विज्ञान कथा लेखन से कुछ मायने में इसलिए भिन्न हैं कि इसमें पात्र, घटनाएं और विषय वस्तु लीक से हटकर है। शैली भी भिन्न है और कुछ तो आत्म कथात्मक है।

इससे पहले मैंने अमेरिकन पल्प साइंस फिक्शन, ब्रिटिश, पोलिश, रशियन और फ्रेंच (दोनों भाषाओं से अंग्रेजी जुबान में अनूदित) विज्ञान कथाएं और उपन्यासों के अलावा विज्ञान कथा साहित्य की थ्योरी और लिट्रेरी क्रिटिसिज्म को खूब पढ़ा है। जाहिर है विज्ञान कथा साहित्य को अब एक लिट्रेरी विधा मानकर भारतीय लेखक इस पर ध्यान दे रहे हैं। इसके पाठक भी हैं। कुछ महीना पहले हिंदी की पत्रिका 'विज्ञान प्रगति' ने विज्ञान कथाओं को लेकर एक विशेषांक प्रकाशित किया था। पुस्तक मेले में लोकरुचि शैली में वैज्ञानिक विषयों के बारे में सौ से अधिक टाइटल्स तो नेशनल बुक ट्रस्ट ने ही अब तक प्रकाशित किए हैं। विज्ञान कथा साहित्य प्रकाशित करने के बारे में भारतीय प्रकाशकों की रुचि अब बढ़ रही है। परंपरागत साहित्य में लोगों की रुचि घट रही है। इसलिए डाइवर्सिटी के बतौर विज्ञान कथा साहित्य का प्रकाशन एक सुखद बात है। हिंदी भाषा में आजकल बहुत ही शानदार और प्रभावपूर्ण टाइटल्स, साहस यात्रा, एंथ्रोपोलॉजी, एथ्नोग्राफी, पॉपुलर साइंस, एजुकेशन, संस्मरण, जीवनी, ज्योग्राफी, ट्रेवल, भाषा और मनुष्य समाज की सोशियोलॉजी के बारे में आ रहे हैं। इन्हें पढ़कर हमारी समझ में जो इजाफा होता है,वही हमारी संस्मरणात्मक विरासत है। पारंपरिक ट्रेवल राइटिंग हिंदी में अब घुमक्कड़ी साहित्य हो गया है,परंतु जो मॉडर्न है वह राहुल संकृत्यायन जैसे यायावरों की लेखन शैली और कथ्य से अभी कुछ दूर है,लेकिन इससे भी पहले ब्रिटिश राज के समय में लिखा गए सर्वे, मिलिट्री, व्यापारिक और एथनोग्राफिक प्रकृति के यात्रावृत्तों की लेखन शैली का और उसी समय के कुछ भारतीय यायावरों के संस्मरण संबंधी पुस्तकें डिटेल्स में गजब की थीं। ऐसी पुरानी पुस्तकों के नवीन संस्करण पुस्तक मेलों में नहीं लाए जाते जबकि कॉपीराइट समाप्त होने से इनका पुनर्प्रकाशन मूल भाषा के अलावा हिंदी में अनूदित रूप में संभव है। इनमें बृहत्तर भारत की वह जानकारी है जो अब दुर्लभ है। रुचि अनुसार हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं,लेकिन कहना चाहूंगा कि प्रांतीय सरकारों के वित्तीय अनुदान से चलने वाली ग्रंथ अकादमियों द्वारा सन् 1950 और 1960 आदि दशक तक प्रकाशित की गई पुस्तकों के अलावा सन् 1965 से लेकर 1990 तक प्रांतों की साहित्य अकादमियों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं भी अपने देश और लोगों से संबद्ध शानदार पठनीय सामग्री नियमित रूप से मामूली कीमत पर सुलभ कराती रहीं। बिहार राज्य की ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित 40-50 वर्ष पहले छापी गई। अनेक पुस्तकों की गुणवत्ता श्रेष्ठ थी जिनमें से मैंने दो-चार खरीदी थीं। असल में जैसी पुस्तकें मेरे जैसे व्यक्ति खरीदने और पढ़ने की उत्सुकता बनाए रखते हैं,उसकी वजह शायद ज्ञान के मूल स्रोत और इनके संदर्भों की जानकारी लेकर खुद को सक्षम बनाने की प्रवृत्ति ही अधिक है।

## प्रसंगवश

# महत्वपूर्ण है प्रेम में त्याग

कल वैलेंटाइंन डे था। हर तरफ बड़ा शोर था,खासकर महानगरों में। यह एक प्रेम दिवस है,ऐसा माना जाता है। जीवन में प्रेम की आस सब को है। इस दिवस के साथ कई कहानियां जुड़ी हुई हैं। कहानियों से अधिक महत्वपूर्ण है व्यक्ति का प्रेम के प्रति लगाव और उसके लिए अवसर की तलाश एवं प्रेम के लिए किया गया त्याग।

> वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी जिद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।

वह कहानियां महत्वपूर्ण हो सकती हैं,पर आज के संदर्भ में बहुत प्रासंगिक नहीं रह गई हैं। क्योंकि समाज बदल चुका है और वह परिस्थितियां जिन परिस्थितियों में प्रेम पर बंदिश लगाई गई थी, आज पूरी तरह से बदल चुकी हैं। पर प्रेम की कमी समाज में अवश्य महसूस की जा रही है। लोग अपनी ज़िद में और अपने अहम में जीवन से प्रेम का क्षरण कर रहे।


वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

शायद अहम -अहंकार-स्वार्थ, प्रेम-प्राप्ति के रास्ते के सबसे बड़े बाधक हैं। हम स्वकेंद्रित हो रहे हैं और समाज सापेक्षता एक बड़े वर्ग के जीवन से लुप्त हो रही। क्या एक स्व-केंद्रित व्यक्ति एक सच्चा प्रेम कर सकता है या पा सकता है? हैपी वैलेंटाइन डे के मैसेज एक प्रेम की आस से किया गया संदेश है। यह मात्र प्रेमी-प्रेमिका या पति-पत्नी के बीच के संबंधों से उपजा दिवस नहीं है।

इसके वृहद आयाम है। भारतीय इतिहास प्रेम-आख्यानों से भरा हुआ है-प्रेम परिवार के प्रति, पारिवारिक मान्यताओं के प्रति। प्रेम में त्याग महत्वपूर्ण है,यह संदेश प्रेम का सबसे आवश्यक अवयव है।

# लिव इन अब कोई खेल नहीं


शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

> उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा।

हाल ही में उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर विशेष प्रावधान एवं रस्मों तथा रिश्तों पर वैधानिक प्रतिबंध प्रस्तावित किए गए। विधेयक के दायरे में एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा भी रहा और यह मुद्दा है- सहमति संबंधों अथवा लिव इन रिलेशनशिप का।

वैसे तो भारतीय समाज में लिव इन की परंपरा एक नए नवेले मेहमान की तरह है,क्योंकि हमारी पुरानी संस्कृति व परंपराओं में कहीं भी लिव इन का जिक्र नहीं मिलता है। किंतु बहुत से रिवाज ऐसे हैं जिन्हें हमने पाश्चात्य सभ्यता से या तो मजबूरन ग्रहण किया है अथवा सदियों की दासता के परिणामस्वरूप हमारी परंपराएं एवं प्रथाएं भी पश्चिमी रंग में रंग गई हैं। इन्हीं आधुनिक परंपराओं में से एक है लिव इन रिलेशनशिप अथवा सहमति संबंध। बिना किसी वैवाहिक रस्म के और बिना किसी प्रतिबद्धता के किसी पुरुष एवं महिला का एक साथ रहने लगना आखिर किस हद तक उचित है। हालांकि बदलते वक्त के साथ सही और गलत के पैमाने भी पूर्णतया बदल गए हैं। हकीकत यह है कि लिव इन संबंध आज के समय में आधुनिकता के स्तर को स्पर्श करने का प्रतीक माना जाता है,लेकिन इस प्रथा के चहुं ओर किसी तरह का कोई सुरक्षा घेरा मौजूद नहीं था। कई मामले तो ऐसे सामने आए हैं जिनमें लिव इन में रहने वाले प्रेमी युगल के परिजनों को किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं थी और आखिरकार वे संबंध बालू की किसी भीत की तरह साबित हुए। स्वाभाविक सी बात है कि जिस संबंध में किसी तरह की कोई सीमाएं या नियंत्रण रेखा न हों,वह निश्चित रूप से अस्थिर ही सिद्ध होगा। यह बात तो समझ से पूर्णतया परे है कि सहमति संबंध का अर्थ सिर्फ यही है कि पुरुष व स्त्री स्वेच्छा एवं सहमति के आधार पर जब तक चाहें साथ रहें और जब चाहे अलग हो जाएं। लिव इन के साथ यौन संबंध न हों, ऐसा तो नितांत असंभव है,बल्कि सत्य कहा जाए तो लिव इन संबंधों का केंद्र बिंदु ही शारीरिक संबंध है। क्या ऐसा संभव है कि लिव इन में साथ रहने पर तो सहमति हो किंतु शारीरिक संबंधों पर नहीं। ऐसा हो जाए तो लिव इन का अस्तित्व क्षण भर में खत्म हो जाएगा।

उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सहमति संबंधों को अपनाने के बाद एक माह के भीतर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। ऐसा न होने की स्थिति में कानून दंड देगा। यह भी स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लिव इन में रहने के लिए पुरुष व स्त्री दोनों का वयस्क होना अनिवार्य है। पंजीकरण कराने के उपरांत मिलने वाली रसीद के आधार पर ही युगल किसी घर अथवा हॉस्टल को किराए पर ले सकेगा। पंजीकरण न करने की दशा में तीन माह का कारावास अथवा दस हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। पंजीकरण में गलत सूचना देने पर भी छह माह के कारावास एवं पच्चीस हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। निस्संदेह लिव इन संबंधों पर लगने वाले ये प्रतिबंध संबंधों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेंगे। पंजीकरण कराने वाले युगल की पूरी सूचना उसके माता-पिता को दी जाएगी। परिजनों को इस विषय में पूरी सूचना व जानकारी होना भी चाहिए ताकि वे निश्चिंत होकर रह सकें। विधेयक में यह भी प्रावधान किया गया है कि यदि लिव इन संबंधों के दौरान पुरुष के द्वारा महिला को छोड़ दिया जाता है तो महिला भरण पोषण की मांग करते हुए न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रख सकेगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि लिव इन संबंधों से पैदा हुआ बच्चा पैतृक संपत्ति का अधिकारी होगा। इस प्रावधान से लिव इन से पैदा होने वाले बच्चों को भी एक सुरक्षा कवच उपलब्ध हो जाएगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि लिव इन संबंधों को एक सुरक्षा आवरण देने के लिए उत्तराखंड सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की है। लिव इन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने वाले यह तर्क देते हैं कि इन संबंधों के माध्यम से पुरुष व महिला को एक दूसरे को समझने एवं परखने का अवसर मिलता है, लेकिन अनेक ऐसे मामले हैं जिनमें किसी पुरुष अथवा महिला को कुछ भी जानने एवं समझने का अवसर ही नहीं मिला और उनकी जिंदगी लिव इन की भेंट चढ़ गई। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लिव इन संबंधों को सख्त प्रतिबंधों एवं कानून के दायरे में लाना नितांत आवश्यक है। पंजीकरण अनिवार्य हो जाने से यह समस्या हल हो जाएगी। लिव इन संबंधों का उद्देश्य स्वतंत्रता एवं स्वच्छंदता प्राप्त करना है,किंतु यह भी निश्चित है कि स्वच्छंदता पर अगर बंदिशें न लगाई गईं तो वही स्वच्छंदता घातक भी सिद्ध हो सकती है।

## सोशल फोरम

# कौन हैं देवी सरस्वती

हिंदू धर्म की तीन पौराणिक महानायिकाओं लक्ष्मी, दुर्गा और सरस्वती में विद्या और कला की देवी सरस्वती वस्तुतः प्राचीन भारत की सबसे पवित्र नदी सरस्वती का मानवीकरण है। वैदिक भारत में उसके तट पर हुई विद्या, बुद्धि, साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में प्रगति का प्रतीक। प्राचीन आर्य सभ्यता-संस्कृति का केंद्र उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत हुआ करता था। आज की विलुप्त सरस्वती इस क्षेत्र की मुख्य नदी थी। सदानीरा सरस्वती के रास्ते अरब सागर होकर आर्य व्यापारियों का दुनिया के दूसरे हिस्सों से समुद्र व्यापार होता था। ऋग्वेद में एक नदी के रूप में ही सरस्वती के प्रति श्रद्धा निवेदन किया गया है।


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

आर्य सभ्यता के सारे नगर, गढ़ और व्यावसायिक केंद्र सरस्वती के किनारे बसे थे। उस युग की तमाम शिक्षण संस्थाएं, ऋषियों की तपोभूमि और आचार्यों के आश्रम सरस्वती के तट पर ही स्थित थे। ये आश्रम अध्यात्म, धर्म, कला, संगीत, चिकित्सा और विज्ञान की शिक्षा और अनुसंधान के केंद्र थे। वेदों, उपनिषदों और अनेक स्मृति ग्रंथों की रचना इन्हीं आश्रमों में हुई थी। ऋग्वेद के एक सूक्त के अनुसार-'प्रवाहित होकर सरस्वती ने जलराशि ही उत्पन्न नहीं की, समस्त ज्ञानों का भी जागरण किया है।' हजारों साल पहले सरस्वती में आई प्रलयंकर बाढ़ अथवा सूखे से अधिकांश नगर और आश्रम नष्ट हो गए थे। सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद आर्य सभ्यता धीरे-धीरे गंगा और यमुना के किनारों पर स्थानांतरित हो गई। कालांतर में सरस्वती विलुप्त हो गईं, लेकिन लोगों की धारणा है कि प्रयाग में वह अब भी अंतः सलिला होकर बहती है।

सरस्वती के तट से आर्यों के विराट पलायन के बाद भी जनमानस में सरस्वती की पवित्र स्मृतियां बची रहीं। प्रकृति की कल्याणकारी शक्तियों पर देवत्व आरोपित करने की हमारी सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप कालांतर में पुराणों में सरस्वती नदी को अलौकिक देवी का दर्जा दिया गया। आज वसंत पंचमी का दिन होने वाली सरस्वती पूजा वस्तुतः आर्य सभ्यता-संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, गीत-संगीत, धर्म और अध्यात्म के कई क्षेत्रों में विलुप्त सरस्वती नदी की भूमिका के प्रति हमारी कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है।

-फेसबुक वॉल से

# राजनीति से समाज में रहता है मूवमेंट का माहौल


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं।

कभी कांशीराम ने 'वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा', कहकर तत्कालीन राजनीति में चुनौती पेश कर हलचल पैदा कर दी थी। राजनीति में नारों का बहुत योगदान है। समाजवादी पार्टी का एक नारा बहुत प्रचलित हो रहा पीडीए मतलब पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक सवर्णों को भी खुश रखने हेतु कहा गया एका मतलब अगड़े भी आधी आबादी भी, लेकिन जानने वाले सब जान रहे हैं। यह नारा बहुजन के आधार पर लगा, क्योंकि बहुजन में भी दलित, पिछड़े व धार्मिक अल्पसंख्यक थे वो पार्टी भी जब बहुजनों के आधार पर स्थापित हो गई तो बहुजन से सर्वजन की पार्टी हो गई। जानते सब हैं कि उनके वोटर कौन हैं।

ऐसे ही मुझे समाजवादी पार्टी का बदलता हुआ रूप दिख रहा। जया बच्चन को बार-बार उच्च सदन भेजने का क्या औचित्य? अभी जब कांग्रेस और विपक्ष के दलों ने गठबंधन का नाम इंडिया दिया तो भाजपा ने भारत रखा, तब अमिताभ बच्चन ने कहा वे भारत के साथ हैं। कोरोना काल में खूब ताली, थाली, टॉर्च भी जलाई थी तब भी समाजवादी नेताओं को टॉर्च का प्रकाश किस ओर है नहीं दिख रहा। 22 जनवरी के राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अभिषेक बच्चन साथी फिल्मी कलाकारों के साथ मौजूद थे। अहसास नहीं होता किस विचारधारा के साथ हैं। ऐसे ही बिहार के फ्लोर टेस्ट में राजद विधायक चेतन आनंद ने विचारधारा के साथ जाना पसंद किया, क्योंकि उन्हें मनोज झा द्वारा ओमप्रकाश वाल्मीकि की ठाकुर का कुंआ पढ़ना पसंद नहीं आया। उनके पिता आनंद मोहन को सजा से बरी कराया गया, जो कि दलित जिलाधिकारी कृष्णईया की हत्या में भीड़ को उकसाने के दोषी थे। भाजपा पूरी तरह अपनी विचारधारा के आधार पर गरीब सवर्णों को आरक्षण के साथ लीडरशिप बढ़ा रही। साथ ही साथ पिछड़े दलितों को लोकसभा व विधानसभा और विधान परिषद व राज्यसभा भेज उन जातियों को साध रही, जो कभी बहुजनवादी या समाजवादी थे।

लगभग 12 राज्यसभा में दलित पिछड़े और 4 सामान्य लोग भेजने को टिकट का एलान किया है। कांशीराम कहते थे कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, यहां उलट हो रहा है। न उनकी संख्या भारी, न उनके समाज की वोट, तुम्हारी फिर सर पर बैठाने की तैयारी। न कोई अल्पसंख्यक, न कोई पिछड़ा केवल एक ही रामजी लाल सुमन को भेजने से पीडीए का सिद्धांत असरदार नहीं हो जाएगा।

कांग्रेस जातीय जनगणना की बात कर रही है। राहुल गांधी सवाल उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय में पिछड़े दलित कितने हैं। विश्वविद्यालय में वीसी प्रोफेसर कितने हैं, जो समाज निश्चित अवस्था मे वोट कर रहा है। उनको साधना जरूरी है। कहीं ऐसा न हो अनिश्चित को निश्चित बनाने के चक्कर में निश्चित भी चले जाएं। पाला खींचकर सामाजिक न्याय की बात करो जब देने की बात आए तो दो भी, उधर भाजपा चारों ओर बैटिंग कर रही है। जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर नीतीश कुमार से पाला बदलवा दिया। उधर चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा कर घोषित साथी जयंत चौधरी को छीन लिया। सत्ता मिले या न मिले सिद्धांत पर राजनीति करनी चाहिए। यही गलती हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री रहते कि, उन्होंने दलितों को मंत्री नहीं बनाया। समाजवादी राजनीति तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कर रहे। अब भी पिछड़े दलित समाज की राजनीति करने वालों ने अपना दिल बड़ाकर गठबंधन नहीं किया। हिदुत्व की धार में बेअसर हो जाओगे, भले ही बड़े नेताओं का कुछ न होगा, लेकिन जो समाज तुम्हारे पीछे है, उनका नुकसान बहुत बड़ा हो जाएगा, बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि राजनीतिक सत्ता वो मास्टर चाबी है जिससे सभी समस्याओं के ताले खोले जा सकते हैं।

# संभलकर करें डिजी यात्रा का प्रयोग


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

> उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी।

एयरपोर्ट और हवाई यात्रा के निजीकरण के बाद सरकार ने यात्राओं की सुविधाओं से जुड़े मामले में अनदेखी शुरू कर दी है। एयरपोर्ट पर हो रहे यात्रियों से झगड़े, हवाई यात्राओं में हो रही देरी और ग्राहकों की असुविधा जैसे एयरपोर्ट पर ही उनको लाक करने जैसी घटनाओं से उसे कोई सरोकार नहीं है,इन्हीं प्राइवेट पार्टनर्स ने सुरक्षा चेकिंग के नाम पर एयर पोर्ट और आसान सुरक्षा चेकिंग के नाम पर डिजी यात्रा पोर्ट शुरू किया है,जो देश के 13 एयरपोर्ट पर शुरू हो चुका है। इससे जल्दी सुरक्षा चेकिंग की बात कही जा रही है। इसमें चेहरे की बायोमेट्रिक होगी वो भी एक प्राइवेट मॉनिटरिंग डाटा सेंटर पर यानी आधार के बाद आपका बायोमेट्रिक डाटा भी इन सेंटर पर पहुंच जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस सेंटर को सरकार नहीं चलाती और उसका इससे कोई लेना देना भी नहीं है। वहीं दूसरी ओर यह आरटीआई में भी कवर नहीं है यानी अगर कोई इसकी जानकारी भी चाहेगा तो नहीं मिल सकेगी। एयर पर सुरक्षा चेकिंग के काउंटर घटाए जा रहे हैं और ग्राहकों को फोर्स किया जा रहा है कि इन डिजी काउंटर में सुरक्षा चेक कराए,ग्राहक भी समय बचाने और सुविधा को देखते हुए तेजी से इस ओर आगे बढ़ रहे हैं। हो सकता है आने वाले समय में देश के सभी एयरपोर्ट पर इन्हें चालू कर दिया जाए और जब कोई विकल्प नहीं रहेगा तो ग्राहक और भी तेजी से इस और रुख करेंगे। हम टेक्नोलॉजी के विरोध में नहीं है,लेकिन जिस तरह आधार बनाने और बैंक से लिंक करने को पहले स्वैच्छिक बताया गया और बाद में अनिवार्य बना दिया। उसी तरह जब सामान्य चेकिंग के काउंटर कम या खत्म हो जाएंगे तो इसी का प्रयोग होगा। हमारी सरकार भी जानती है कि जिस तरह आधार का थोड़ा सा विरोध हुआ वो भी कुछ समय के लिए उसी तरह देश की जनता इस डिजी यात्रा को अपना लेगी और फिर सारा खेल शुरू होगा। यही डाटा जगह-जगह प्रयोग होगा आपके मोबाइल पर विज्ञापन आएंगे,लोन लेने,होटल,टेक्सी बुक करने मकान खरीदने बेचने वाले ऐप आने शुरू हो जाएंगे जिनका प्रयोग करते ही जानता किसी बड़े स्कैम का शिकार भी हो सकती है।

यहां यह उल्लेख करना असंगत न होगा की वर्ष 2023 में देश में हवाई यात्रा करने वाले 90 लाख यात्रियों ने इस डिजी यात्रा का प्रयोग किया,लेकिन इसका डाटा कहा रखा गया यह पता नहीं। सरकार का कहना है कि यह डाटा पूरी तरह सुरक्षित,लेकिन प्राइवेट लोगों के हाथों में गया डाटा कितना सुरक्षित है,कहा नहीं जा सकता। हमें याद होगा कि आधार डाटा भी सुरक्षित रहने की बात कही गई थी,लेकिन कोई नहीं कह सकता कि वो सुरक्षित रह पाया,यह भी बताना जरूरी है कि कई देशों में बायोमेट्रिक डाटा मांगने का भारी विरोध हो रहा है। क्या हमारी सरकार भी इस और ध्यान देगी तथा हमारे हवाई यात्री इस डिजी यात्रा के मर्म को समझ पाएंगे।

## प्रधानमंत्री 22 और 23 फरवरी को वाराणसी में

**लखनऊ, अमृत विचार :** अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस बार दौरा दो दिवसीय होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री वाराणसी में छह हजार दो सौ करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों की की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री का 22 और 23 फरवरी को वाराणसी प्रवास लगभग तय हो चुका है। माना जा जा रहा है कि प्रधानमंत्री का मौजूदा दौरा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले अंतिम बार का हो, जिसमें वह विकास परियोजनाओं का लोकार्पण या शिलान्यास करेंगे।

### मुसलमान अपनी इच्छा से मतदान के लिए स्वतंत्र,कोई फतवा जारी नहीं होगा: मुफ्ती अबुल कासिम

# सियासी गतिविधियों से खुद को दूर रखेगा दारूल उलूम

एजेंसी

**देवबंद :** देवबंदी मसलक के धार्मिक शिक्षण केंद्र दारूल उलूम देवबंद ने बुधवार को साफ किया कि 18वीं लोकसभा के होने वाले चुनावों में यह संस्था खुद को सियासत और सियासी गतिविधियों से दूर रखेगी। संस्था के प्रमुख मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी बनारसी ने बुधवार को का कि दारूल उलूम एक इस्लामिक शिक्षण संस्था है जो राजनीति से पूरी तरह से परहेज करती है। देश का मुसलमान



अपनी इच्छा से मतदान करने के लिए स्वतंत्र है। वह जिस पार्टी का समर्थन करें और चाहे जिसे अपना वोट डाले। हम चुनावों के दौरान मुसलमानों के लिए न तो कोई फतवा जारी करेंगे, न कोई निर्देश देंगे और न ही कोई मशवरा देंगे।

**▸▸ 150 साल से भी पुरानी दीनी संस्था है दारूल उलूम देवबंद**

दारूल उलूम देवबंद 150 साल से भी पुरानी दीनी संस्था है। देशभर के साढ़े तीन हजार से भी ज्यादा छात्र यहां शिक्षा ग्रहण करते हैं। जिनका पूरा खर्चा संस्था उठाती है। यह संस्था पूरी तरह से दान-चंदे पर आश्रित है। दारूल उलूम से देशभर के तीन हजार मदरसे संबद्ध है। नोमानी का कहना है कि इन मदरसों से दारूल उलूम का वास्ता छात्रों को पढ़ाए जाने वाली शिक्षा और पाठ्यक्रम तक ही सीमित है। बाकी मामलों में ये मदरसे क्या करते हैं क्या नहीं करते हैं दारूल उलूम का उससे कोई लेना-देना नहीं है।

इस सवाल के जवाब में कि मुसलमानों के हितों को लेकर कई ऐसे कदम सरकार द्वारा उठाए गए हैं तो ऐसी सूरत में क्या दारूल उलूम चुनावों के दौरान पूरी तरह से खामोशी अख्तियार रखेगा। उन्होंने कहा कि मसले अपनी जगह हैं। उन्हें उठाने के लिए दूसरे मंच मौजूद हैं। दारूल उलूम की भूमिका तालीम देने तक ही सीमित है। देश की सियासत और सियासतदानों से इस संस्था का कोई लेना-देना नहीं है। एक अन्य सवाल के जवाब में मुफ्ती ने कहा कि चुनावों के दौरान यदि कोई राजनेता, मंत्री या विपक्षी दल का सदस्य दारूल उलूम आता है तो संस्था के पदाधिकारी और प्रशासन उनकी अगवानी और उनका स्वागत नहीं करेगा और न उनसे भेंट करेंगा। संस्था हर समय सभी के लिए खुली है लेकिन चुनावों में हम पूरी तरह से राजनीति और राजनेताओं से दूरी बनाकर रखते हैं। इस बार भी उसका कड़ाई से पालन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### पॉलीक्लिनिक प्रभारी 80 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई ) ने बुधवार को प्रभारी अधिकारी ( ओआईसी ), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना ( ईसीएचएस ) पॉलीक्लिनिक, बुलंदशहर को 80 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गुरुवार को उन्हें सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई ने शिकायत के आधार पर ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक, बुलंदशहर के उस प्रभारी अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस पर आरोप था कि चार अस्पतालों में संबद्ध, ईसीएचएस लाभार्थियों को चिकित्सा संबंधी सेवा के सुचारू संचालन की सुविधा के लिए प्रति माह एक लाख रुपये रिश्वत की मांग रहे हैं। यह भी आरोप था कि इसके लिए शिकायतकर्ता पर दबाव बनाया। उसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और 80 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

### प्रायोगात्मक परीक्षा से वंचित इंटर के छात्रों को एक और मौका

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित प्रयोगात्मक परीक्षाओं में छूटे और वंचित छात्रों के लिए 16 फरवरी को एक और अवसर उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में 22 फरवरी से 9 मार्च तक बोर्ड परीक्षाएं होनी है। उससे पहले सरकार सुनिश्चित करना चाहती है कि प्रत्येक छात्र अपनी प्रयोगात्मक परीक्षाएं संपन्न कर खुले मन से प्रमुख परीक्षाओं में हिस्सा ले सकें। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि 25 जनवरी 2024 से 09 फरवरी के मध्य आयोजित की गई वर्ष 2024 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाओं के छूटे हुए, वंचित रह गए छात्र/छात्राओं को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 फरवरी, 2024 को पुन: आयोजित कराई जाएंगी। यह प्रयोगात्मक परीक्षा मुख्य परीक्षा की भांति ही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा नियुक्त परीक्षकों द्वारा सम्पादित कराई जाएंगी।

### कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए विभाकर शास्त्री



**लखनऊ, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर शास्त्री ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को ही भाजपा में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री शास्त्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। इसके साथ ही इंडी गठबंधन और राहुल गांधी पर निशाना साधा। कहा कि मेरे लिए भाजपा के दरवाजे खोलने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, नड्डा, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ और ब्रजेश पाठक के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। लगता है कि मेरे दादा लाल बहादुर शास्त्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार काम करूंगा। कहा कि इंडी गठबंधन की कोई विचारधारा नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य मोदी को हटाना है। राहुल को बताना चाहिए कि कांग्रेस की विचारधारा क्या है। बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ विभाकर शास्त्री को भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि हम सभी ने मिलकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प के साथ विभाकर शास्त्री जी जुडे है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विभाकर शास्त्री के भाजपा में जुड़ने से पार्टी मजबूत होगी।

# भारतीय दूतावास कर्मी ने पाकिस्तान को दी थी गोपनीय सैन्य जानकारी

### एटीएस की पूछताछ में उगले कई राज, मेरठ से पकड़ा गया था

संवाददाता, मेरठ

**अमृत विचार :** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास के कर्मी को एक महिला ने सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर हनीट्रैप में फंसाया था। यूपीएटीएस निरीक्षक राजीव त्यागी ने बताया कि हापुड के शाहमहिउद्दीनपुर गांव निवासी सतेंद्र सिवाल ने युद्धक विमानों और पनडुब्बियों सहित भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना की हथियार प्रणालियों से संबंधित गुप्त जानकारी साझा की थी।

सिवाल 10 दिनों के लिए एटीएस की हिरासत में है और यह मियाद 16 फरवरी को समाप्त होगी। त्यागी ने बताया सिवाल पिछले साल उस महिला के संपर्क में आया था, जिसने पूजा मेहरा के नाम से एक ऑनलाइन प्रोफाइल बनाई थी। उसने उसे हनीट्रैप

**● सोशल मीडिया के माध्यम से हनीट्रैप में फंसा था सिवाल**



में फंसाया और पैसे के बदले गुप्त दस्तावेज साझा करने का प्रलोभन दिया। पूछताछ में सिवाल ने बताया कि उसने महिला के साथ जो दस्तावेज साझा किए थे वे अभी भी उसके फोन में हैं। उसके फोन और उसके द्वारा इस्तेमाल किए गए अन्य गैजेट्स की फोरेंसिक जांच की जा रही है।

एटीएस ने इलेक्ट्रॉनिक और भौतिक निगरानी के माध्यम से अपनी जांच में पाया कि वह आईएसआई आकाओं के नेटवर्क के साथ भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था। एटीएस अधिकारियों ने यह भी बताया कि महिला का सोशल मीडिया अकाउंट पाकिस्तान खुफिया एजेंसी द्वारा संचालित किया जा रहा था। एटीएस की मेरठ शाखा ने मॉस्को में भारतीय दूतावास में 2021 से आईबीएसए (भारत स्थित सुरक्षा सहायक) के रूप में कार्यरत सिवाल को चार फरवरी को मेरठ से गिरफ्तार किया गया था। त्यागी के मुताबिक पूछताछ के दौरान, सिवाल संतोषजनक जवाब नहीं दे सका और अपना अपराध कबूल कर लिया।

एटीएस ने पहले कहा था कि सिवाल पैसे के लिए रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की रणनीतिक गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारी प्रदान कर रहा था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि उसे सिवाल की गिरफ्तारी की जानकारी है और मामले में जांच अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहा है। पुलिस ने बताया कि इस बीच, सिवाल के परिवार के सदस्य हापुड स्थित पैतृक गांव के घर को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर चले गए हैं।

## अधूरी जांच के आधार पर कर्मचारी की बर्खास्तगी अनुचित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक नियुक्ति मामले में कहा कि किसी शिक्षक को सिर्फ इसलिए नहीं हटाया जाना चाहिए कि प्रबंधन ने चयन प्रक्रिया में पर्याप्त निष्पक्षता नहीं रखी है। जब तक शिक्षक को नियुक्ति हासिल करने के लिए प्रबंधन के साथ मिलीभगत करते हुए न पाया जाए, तब तक उसे सेवा में बने रहने का अधिकार है। लंबे समय से कार्यरत शिक्षक को अपर्याप्त साक्ष्य के आधार पर कलम के एक झटके से बर्खास्त नहीं किया जा सकता है। नियुक्ति आदेश और अनुमोदन आदेश रद्द नहीं किए गए हैं तो ऐसे शिक्षक सेवा में माने जाएंगे और वे वेतन भुगतान के तब तक हकदार होंगे, जब तक कि उनका दावा खारिज कर नहीं दिया जाता। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने राकेश त्रिपाठी की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), को निर्देश दिया है कि क्षेत्रीय चयन समितियां बिना अभिलेखों को देखे, उनकी सत्यता की जांच किए बिना, लापरवाही से आदेश पारित न करें।

# बेटे की सरकारी नौकरी होने पर भी मृत कर्मचारी की बेटी को अनुकंपा नियुक्ति का अधिकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाइकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के मामले में माना कि अगर मृत कर्मचारी का पति या पत्नी पहले से ही सरकारी रोजगार में है तो अनुकंपा नियुक्ति की वैधानिक शर्त को कर्मचारी के बच्चों तक बढ़ाया जा सकता है।

कोर्ट ने माना कि मृत कर्मचारियों के बेटे की सरकारी नौकरी होने से सिद्ध नहीं होता कि परिवार किसी आर्थिक तनाव में नहीं है। उत्तर प्रदेश डाईंग इन हार्नेस रूल्स, 1974 में मृत सरकारी कर्मचारी के आश्रितों की भर्ती के संबंध में प्रावधान है कि कर्मचारी के परिवार से एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है। इस नियम में संशोधन किया गया है। जिसके तहत मृत कर्मचारी का जीवनसाथी सरकारी रोजगार में नहीं होना चाहिए। मौजूदा मामले में याची के पिता प्राथमिक विद्यालय, मनिकापुर, ब्लाक बेलघाट, गोरखपुर में हेड मास्टर के पद पर कार्यरत थे। उनकी मृत्यु के बाद याची ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। याची 75 प्रतिशत दिव्यांग होने के कारण पिता की कमाई पर निर्भर थी, याची ने अपने आवेदन के साथ शपथ पत्र दिया कि उसका बड़ा भाई सरकारी नौकरी में है, लेकिन वह परिवार से अलग रहता है। अंत में कोर्ट ने यह निष्कर्ष निकाला कि विधायिका ने नियम में संशोधन किया, जिसमें बेटे को शामिल नहीं किया गया,क्योंकि उसकी कमाई का उपयोग उसके अपने परिवार (पत्नी और बच्चों) के भरण-पोषण के लिए किया जा सकता है। याची का दावा इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता कि उसका बड़ा भाई सरकारी कर्मचारी है, क्योंकि हलफनामे में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भाई परिवार से अलग रह रहा है। अतः इस आधार पर बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश रद्द करते हुए न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की एकल पीठ ने कुमारी निशा की याचिका को स्वीकार कर लिया।

# राममंदिर को समर्पित किए 64 रजत कलश व चांदी की चरण पादुका

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** चेन्नई के शारदा श्रृंगेरी मठ के सानिध्य में रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने बुधवार को 16 पवित्र नदियों के जल से युक्त 64 रजत कलश श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपे। इसके साथ ही 16 नदियों की रज और चांदी की तीन चरण पादुका भी ट्रस्ट को भेंट की हैं। रजत कलश का पूजन चेन्नई के 64 लाख घरों में हुआ है।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू हुए 48 दिवसीय मंडप उत्सव में चेन्नई से आए 64 रजत कलशों में रखे पवित्र 16 नदियों के जल से पूजन किया जाएगा। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जगद्गुरु विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य को तुलसी उद्यान के मंच पर रामोत्सव कार्यक्रम में समर्पित किया गया। रामोत्सव कार्यक्रम के संयोजक व इंडिया थिंक काउंसिल नई दिल्ली के सदस्य सौरभ पांडेय ने बताया कि रामामृत तरंगिनी ट्रस्ट ने 16 पवित्र नदियों के जल को एकत्र करने का अभियान राममंदिर के हक में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद शुरू किया था। जल एकत्रित करने के



श्रीराम को समर्पित रजत कलश और चांदी की चरण पादुका।

**कलश में नदियों का जल**

चांदी के कलश में गंगा, यमुना, कावेरी, नर्मदा, तुंगभद्रा, पूर्णा, प्राणिहता, गंडकी, भीमरथी, सरयू, ताम्रवर्णी, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, गोदावरी, सिंधु, सरस्वती का जल है।

बाद इसे चांदी के कलश में रखकर अयोध्या लाया गया है। इसके साथ चांदी की चरण पादुका भी है। इनके निर्माण में 25 किलो चांदी का प्रयोग हुआ है। इसमें करीब 45 लाख का व्यय आया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने कहा कि कलश को समर्पित करने वाले भक्तों पर कृपा हमेशा बनी रहे।

## किसानों की मांगें गंभीरता से ले सरकार: मायावती

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने किसान आंदोलन को समर्थन दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने केन्द्र सरकार को सुझाव दिया है कि, किसानों की मांगें गंभीरता



से लेकर उनका समाधान किया जाए। भारत को अन्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने वाले मेहनतकश किसानों की जो मांगें हैं, सरकार उन्हें गंभीरता से ले और उन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उनका समय से समुचित समाधान करे, ताकि अन्नदाता किसानों को अपनी मांगों के समर्थन में बार-बार आंदोलन के लिए मजबूर न होना पड़े। बसपा प्रमुख ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि इस संबंध में दिल्ली चलो के अभियान के तहत आंदोलित किसानों पर सख्ती करने के बजाय केन्द्र सरकार उनसे सही वार्ता कर उनके आंदोलन को समाप्त करने का प्रयास करे तो बेहतर होगा। इनका शोषण करना भी ठीक नहीं।

# फर्जी हलाल सर्टिफिकेट के पीछे एक मुस्लिम धर्मगुरु की भूमिका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** फर्जी हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के खेल के पीछे एक मुस्लिम धर्मगुरु की भूमिका नाम सामने आ रहा है। एसटीएफ के हत्थे चढ़े हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों से पूछताछ में कई अहम जानकारी हाथ लगी है। एसटीएफ उससे जुड़े साक्ष्य जुटा रही हैं। तस्दीक करने के बाद उन पर कार्रवाई हो सकती है। हालांकि एसटीएफ ने उस धर्मगुरू की पहचान को अभी सार्वजनिक नहीं किया है।

दरअसल, एसटीएफ ने सोमवार को हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मौलाना हबीब युसूफ पटेल, उपाध्यक्ष मौलाना मुईदशीर सपडीहा, जनरल सेक्रेटरी मुफ़्ती ताहिर जाकिर और कोषाध्यक्ष मोहम्मद अनवर खान को गिरफ्तार किया था । ये मुंबई मे बैठकर विभिन्न कम्पनियों को अवैध रूप से हलाल प्रमाण पत्र जारी कर धोखाधड़ी के माध्यम से लाखो रुपयों की कमाई कर रहे थे। एसटीएफ जांच में पता चला था कि बिना किसी जांच और किसी लैब टेस्ट के केवल ''हलाल'' का लोगो

**▸▸ एसटीएफ टीम उस धर्मगुरु के खिलाफ जुटा रही है साक्ष्य**

देकर जबरन वसूली की जा रही थी। इनसे पूछताछ के दौरान ही इस पूरे खेल के पीछे एक बड़े धर्मगुरू की भूमिका का पता चला है। बहरहाल, एसटीएफ उनके बैंक खाते को सीज करा कर लेनदेन का विवरण जुटा रही है। ताकि यह पता चल सकेगा कि इन खातों में कहाँ-कहाँ से और किन-किन लोगों ने पैसे भेजे हैं। इसके साथ ही इन पैसों को किन-किन लोगों एवं संस्थाओं को भेजे गए हैं?

कुछ कम्पनियों- हलाल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जीमयत उलेमा हिन्द हलाल ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल ऑफ इण्डिया मुम्बई आदि ने विभिन्न उत्पादों पर उसकी ब्रिकी बढाने के उद्देष्य से आर्थिक लाभ लेकर फर्जीवाड़ा करते हुए हलाल प्रमाण पत्र विभिन्न उत्पादन के लिए जारी किए जाने का मामला पिछले साल सामने आया था। इस मामले में हजरतगंज में मुकदमा दर्ज हुआ था। बाद में उस मामले की तफ्तीश एसटीएफ को सौंपी दी गई थी।

## वर्ग पहेली-343

**बाएं से दाएं**

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।
5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।
6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।
7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना, थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना, जैसे- गर्भ ठहरना।
2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।
3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।
5. 1. आघात लगना

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 2 | | 3 |
| | | | | | |
| 4 | | | | | |
| | | | | | |
| | | 5 | | | |
| 6 | | | | | |
| | | | | 7 | |

**वर्ग पहेली - 342 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 शु | | 2 झ | | 3 स |
| 4 मे | जा | | न | | ना |
| | 5 अ | भि | क | थि | त |
| | त | | म | | न |
| | | 6 मा | न | स | |
| | 7 जी | र | क | | |
| | | ना | | | |

## सुडोकू -60

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | 5 | | |
| 3 | 8 | | | | 2 | | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | | 1 |
| 8 | | | | 5 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | 2 | | 7 | | | | 6 |
| 6 | | | 3 | | 9 | | | |
| | 1 | | 2 | | | | 3 | 8 |
| | | 4 | | | 8 | | | |

**सुडोकू - 59 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 |
| 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 10 .12 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 09 .26 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज व्यापारिक घाटे में तेजी से कमी आएगी। कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। किसी सार्वजनिक समारोह में शामिल हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखदायक रहने वाला है। यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

**वृष** — आज दूसरों के कार्यभार को अपने ऊपर लादना भी आपके लिए उचित नहीं है। फर्जी और गलत उत्पादों की खरीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों से आपको लाभ हो सकता है।

**मिथुन** — आज सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे। फाइनेंस और कमीशन वाले कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबार में ग्राहक आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** — आज दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। किसी पुरानी योजना को क्रियान्वित करना पड़ेगा।

**सिंह** — आज वह कार्य करें जो आप वास्तव में सिर्फ अपनी खुशी के लिए करना चाहते हैं। मेहनत का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। कुछ समय स्वयं के लिए अवश्य निकालें। परिवार के किसी सदस्य का विवाह तय हो सकता है।

**कन्या** — आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। दूसरों के भरोसे अपना काम न छोड़ें। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें।

**तुला** — आज घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है। आपका मन काफी हर्षित रहेगा। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है।

**वृश्चिक** — आज कुछ परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी एवं भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**धनु** — आज धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें। घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रणय जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

**मकर** — आज वैवाहिक संबंधों में परस्पर समन्वय की कमी के कारण रिश्तों में कड़वाहट आ सकती है। जिसे आपको बातचीत के माध्यम से शांति पूर्वक सुलझा लेना चाहिए। सर्वाइकल और कंधों में दर्द की शिकायत होगी। आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है।

**कुंभ** — आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय कार्य समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

**मीन** — आज आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
वन टू थ्री — सुबह : 09 .31
भैयाजी सुपरहिट — रात : 07 .17

**SONY MAX**
इशकजादे — सुबह : 11.04
चक दे इंडिया — रात : 07 .02

**SONY PIX**
मॉर्टल कॉम्बैट — सुबह : 10 .17
वेनम — रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
ईना मीना डीका — सुबह : 10 .30
नमस्ते इंग्लैंड — रात : 07 .30

**colors CINEPLEX**
राम और श्याम — दोपहर : 12 .03
कल हो न हो — शाम : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरा- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरा- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी-नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरा- अरे! वाट्सऐप चलाती है क्या?
छोरी-नहीं पगले मेरे पास साईकिल है वहीं चलाती हूं।
छोरा- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पूछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी -मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति-एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1865, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1565, जय जवान 1440, सचिन 1445, सूरज 1460, अवसर 1550, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो.) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल ( प्रति कु.)**- डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7300, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**- डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध

## आईईए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी बोले-बढ़ती सक्रियता से एजेंसी को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत के पास प्रतिभा और नवोन्मेष की कोई कमी नहीं है और यदि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) में बड़ी भूमिका निभाती है तो इस संगठन को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन से निपटने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक को अपने वीडियो संबोधन में कहा कि भारत ने अपने पेरिस जलवायु लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले ही पार कर लिया है और वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा भारत में रहने के बावजूद इसका कार्बन उत्सर्जन वैश्विक आबादी का केवल चार प्रतिशत है और वह ऊर्जा पहुंच संबंधी दुनिया की कुछ बड़ी पहलें भी कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आईईए को उसकी 50वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा-मुझे यकीन है कि जब भारत इसमें बड़ी भूमिका निभाएगा तो आईईए को फायदा होगा। उन्होंने कहा-समावेशन से किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों के पास प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार का खजाना है। उन्होंने कहा कि भारत के पास गति, मात्रा और गुणवत्ता की भी कोई कमी नहीं है। मोदी ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता की जरूरत है। उन्होंने कहा-एक दशक में हम दुनिया की 11वीं बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर पहुंच गए। इसी अवधि में, हमारी सौर ऊर्जा क्षमता 26 गुना बढ़ी है। हमारी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता भी दोगुनी हो गई है। बहरहाल, हम जलवायु परिवर्तन से निपटने को प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अपने उत्सर्जन तीव्रता से संबंधित लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा से 11 साल पहले और गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्यों को निर्धारित समय से नौ साल पहले हासिल किया है।

### उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक करना है कम



प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य अब 2005 के स्तर से 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत तक कम करना और 2030 तक कुल स्थापित क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों से प्राप्त करना है। भारत ने 2070 तक शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था बनने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और 'मिशन लाइफ' जैसी प्रमुख पहलों में भारत के सक्रिय दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान शुरू की गई पहल 'वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन' का समर्थन करने के लिए आईईए को धन्यवाद दिया।

## सोना में 750 रुपये चांदी के दाम में 1,400 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को सोने की कीमत 750 रुपये टूटकर 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 1,400 रुपये की गिरावट के साथ 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि विदेशी बाजारों से नरमी का संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 750 रुपये की गिरावट के साथ 62,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही।

# इक्विटी बाजार में एफपीआई का निवेश 738 अरब डॉलर पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिसंबर तिमाही में सितंबर की तुलना में 13 प्रतिशत ज्यादा



दिसंबर तिमाही में भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की हिस्सेदारी का मूल्य 738 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर तिमाही की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। मॉर्निंगस्टार की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एफपीआई निवेश का मूल्य 651 अरब डॉलर था। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में ऐसे निवेश का मूल्य 584 अरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक-इसका श्रेय घरेलू इक्विटी बाजारों के अच्छे प्रदर्शन के साथ-साथ एफपीआई के मजबूत शुद्ध प्रवाह को दिया जा सकता है। हालांकि भारतीय इक्विटी बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का आनुपातिक अंशदान समीक्षाधीन तिमाही में मामूली रूप से गिरकर 16.83 प्रतिशत हो गया, जो सितंबर तिमाही में 16.95 प्रतिशत था। सितंबर तिमाही में 5.38 अरब डॉलर की निकासी करने के बाद अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में विदेशी निवेशक अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल कम होने से भारतीय इक्विटी बाजारों में 6.07 अरब डॉलर के शुद्ध खरीदार रहे। इसके अलावा, कई आईपीओ आने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने भी विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आर्कषित किया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 71,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,150-47,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

# ईडी, अन्य एजेंसियां पेटीएम को भेज रहीं नोटिस, कंपनी दे रही स्पष्टीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी ने कहा-उपलब्ध करा रहे दस्तावेज व जानकारी

पेटीएम ब्रांड और उसकी बैंकिंग इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के अंतर्गत वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली वन97 कम्युनिकेशंस को संबंधित इकाइयों के ग्राहकों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियों से नोटिस मिले हैं। पेटीएम ने कहा कि कंपनी और उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक अधिकारियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार जानकारी, दस्तावेज उपलब्ध करा रही है।

पेटीएम ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पैसा बाहर भेजने का काम नहीं करती है। वित्तीय मंच ने कहा-न97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल), उसकी अनुषंगी कंपनियों और सहयोगी पीपीबीएल को समय-समय पर ग्राहकों के संबंध में ईडी सहित अन्य विभागों से सूचना, दस्तावेज और स्पष्टीकरण के लिए नोटिस और मांगें प्राप्त होती रही हैं...इस बारे में सभी जरूरी जानकारी अधिकारियों को दी जा रही है।


## कमजोर हाजिर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों के अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बुधवार को कच्चा तेल की कीमत 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 26 रुपये या 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,464 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 6,768 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77.84 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# बीमित नहीं हो पाई रबी फसल, कटने लगी मटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंकों ने तय समय पर काट लिया प्रीमियम पर फीडिंग नहीं की
- बीमा कंपनी को होगा फायदा किसानों को नुकसान



**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी की फसलें बीमित नहीं हो पाई हैं, जबकि जिलों में मटर कटने लगी है। इनमें वह किसान शामिल हैं, जिनका बैंकों ने प्रीमियम तो काट लिया लेकिन बीमित करने के लिए पोर्टल पर फीड नहीं कर पाए हैं। ऐसे में बीमा होता है या नहीं किसानों को फायदा नहीं होगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंकों ने आलू, गेहूं, सरसों, मटर, टमाटर आदि फसलों का बीमा करने के लिए निर्धारित तिथि 31 दिसंबर तक किसान क्रेडिट कार्ड से प्रीमियम तो काट लिया। लेकिन, पोर्टल पर पूरी तरह से किसान और फसलों का विवरण फीड नहीं कर पाए हैं। जब तक फीडिंग नहीं तब तक बीमा मान्य नहीं होगा। फीडिंग की अंतिम तिथि 15 जनवरी थी। जो खराब प्रगति पर बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। इधर, अधिकांश जिलों में मटर की कटाई होने लगी है।

अब सवाल इस बात का जिन किसानों ने मटर काट ली उनकी फसल किस आधार पर बीमित होंगी और कैसे लाभ मिलेगा। क्योंकि मौके पर फसल नहीं है। यदि 15 फरवरी तक फीडिंग कर बीमा हुआ तो आगे क्रॉप कटिंग यानी कटाई के दौरान भी बिना फसल के नुकसान का आकलन किस आधार पर किया जाएगा। फिलहाल इस लापरवाही का सीधा फायदा बीमा कंपनी को मिलेगा।

## राष्ट्रीय

# 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा

## राजस्थान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी सलाह-देश की महिलाएं आर्थिक विकास को गति दें

जयपुर, एजेंसी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए पूरे समाज को कोशिश करनी होगी कि महिलाएं आर्थिक विकास को गति प्रदान करें और महिला नेतृत्व के विकास की सोच के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज देश में आधी आबादी महिलाओं की है। राष्ट्रपति बेणेश्वर धाम में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी आदिवासी महिलाओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया, '' देश की 140 करोड़ आबादी में से आधी आबादी यानी 70 करोड़ महिलाएं घर बैठेंगी तो देश कैसे चलेगा, समाज कैसे चलेगा, देश आगे कैसे बढ़ेगा?

राष्ट्रपति ने कहा कि इसलिए देश को चलाने के लिये, घर परिवार को चलाने के लिये महिला और पुरूष दोनों का सहयोग जरूरी है। देश का आर्थिक, सामाजिक विकास करने के लिये पुरुष और महिला दोनों का ही सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज दोनों के सहयोग से देश आगे बढ रहा है। भारत की ओर लोग उम्मीदों के साथ देख रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा देना चाहिए। ऐसा करने से वे देश और विश्व की प्रगति में बराबर की साझेदार बन सकेंगी।

उन्होंने कहा कि आज हमारे बीच उपस्थित जनजातीय बहने और बेटियां भारत की विकास यात्रा में सराहनीय योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मुझे विश्वास है कि भविष्य में भी आप (महिलाएं) भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभायेंगी। आपकी सफलता के बल पर ही समस्त भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा। आप सभी बेटियों और बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

### जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा–जनजातीय समुदाय के जीवन मूल्य अनुकरणीय है.. हमें उनसे सीखना चाहिए कि कैसे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर रहना संभव है। हमें सीखना होगा कि कैसे कम से कम साधनों से बिना प्रकृति को हानि पहुंचाए जीवन जीना संभव है। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लोग स्वभाव से ही समानता और लोकतंत्र के मूल्य को मानते रहे हैं।महिला सशक्तिकरण, मानवता का ही एक विशेष रूप है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे।

## कोर्ट ने भाजपा विधायक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शिवसेना नेता पर गोलीबारी**

**ठाणे।** अदालत ने पुलिस थाने के भीतर शिवसेना के एक नेता की हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ तथा उनके चार साथियों को बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी विधायक गणपत गायकवाड़, उनके सहयोगी हर्षल केने, संदीप सरवणकर, दिव्येश उर्फ विक्की गणात्रा और चालक रणजीत यादव को उनकी पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया था। विधायक पर आरोप है कि उन्होंने उल्लासनगर इलाके में हिल लाइन थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष में दो फरवरी को शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड़ को गोली मारकर जख्मी कर दिया था।

# निर्वाचन आयोग ने लोकसभा और चार राज्यों में विस चुनावों के लिए मांगे 3.4 लाख सुरक्षाकर्मी

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्तर प्रदेश में 252 व पश्चिम बंगाल में 920 सीएपीएफ की कंपनी तैनात होने की उम्मीद




निर्वाचन आयोग ने आगामी लोकसभा चुनाव और आंध्र प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, ओडिशा तथा सिक्किम में विधानसभा चुनावों के दौरान चरणबद्ध तरीके से तैनाती के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 3.4 लाख कर्मियों की मांग की है। निर्वाचन आयोग ने सभी उपयुक्त सुविधाओं के साथ पर्याप्त संख्या में ट्रेन की व्यवस्था करने की भी मांग की है ताकि चुनाव कार्यों को पूरा करने के लिए सीएपीएफ कर्मियों को सुगमता से और समय पर एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाना सुनिश्चित हो सके।

केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजे एक पत्र में आयोग ने कहा है कि सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और स्ट्रॉंग रूम की सुरक्षा जैसी चुनावी ड्यूटी के लिए सीएपीएफ की तैनाती का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि आयोग ने राज्यों के सीईओ द्वारा किए गए अनुरोधों पर विचार किया और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सीएपीएफ की अधिकतम 3,400 कंपनियों को तैनात करने का निर्णय लिया है। सीएपीएफ की एक कंपनी में लगभग 100 कर्मी होते हैं।

पश्चिम बंगाल में चरणबद्ध तरीके से सीएपीएफ की अधिकतम 920 कंपनी तैनात किए जाने की उम्मीद है, इसके बाद जम्मू-कश्मीर में 635, छत्तीसगढ़ में 360 , बिहार में 295, उत्तर प्रदेश में 252 और आंध्र प्रदेश, झारखंड-पंजाब में से प्रत्येक में 250 कंपनी तैनात किए जाने की उम्मीद है। सीएपीएफ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) शामिल हैं। सीएपीएफ में कुल 10 लाख कर्मी हैं।

## एक नजर

### तमिलनाडु में एक राष्ट्र एक चुनाव नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को केंद्र की प्रस्तावित एक राष्ट्र, एक चुनाव नीति के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया और इसे अव्यावहारिक तथा अलोकतांत्रिक करार दिया। विधानसभा ने परिसीमन प्रक्रिया पर भी एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें कहा गया है कि अगर इसे अपरिहार्य कारणों से किया भी जाना है तो इस कवायद के लिए 1971 की जनगणना मानदंड होनी चाहिए।

### सिद्दारमैया ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके 14 फरवरी 2022 को बेंगलुरु में आयोजित विरोध प्रदर्शन के मामले में उनके अलावा कुछ अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही की वैधता पर मुहर लगाने वाले उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में कर्नाटक उच्च न्यायालय के छह फरवरी 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें श्री सिद्दारमैया के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रद करने की उनकी याचिका खारिज करने के अलावा जुर्माने का आदेश दिया गया था।

# नड्डा गुजरात तो वैष्णव ओडिशा से उम्मीदवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की नई सूची

भाजपा ने राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी. नड्डा को गुजरात से, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और एल मुरुगन को क्रमशः ओडिशा और मप्र से उम्मीदवार घोषित किया।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को महाराष्ट्र से राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने 15 राज्यों की 56 सीट पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के मद्देनजर बुधवार को पहले मध्य प्रदेश और ओडिशा के लिए पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की तथा इसके कुछ देर बाद गुजरात से चार और महाराष्ट्र से तीन उम्मीदवारों की सूची जारी की। नड्डा के अलावा गुजरात से प्रसिद्ध हीरा कारोबारी गोविंद भाई ढोलकिया, मयंक भाई नायक और जसवंत सिंह परमार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने महाराष्ट्र से चव्हाण के अलावा पूर्व विधायक मेधा कुलकर्णी और पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष अजीत गोपछड़े को उम्मीदवार बनाया है।

राज्यसभा की 56 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। जरूरत पड़ने पर 27 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मध्य प्रदेश से भाजपा ने राज्य मंत्री मुरुगन, उमेशनाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर को उम्मीदवार बनाया है।

### कांग्रेस ने सोनिया समेत 10 प्रत्याशी घोषित किए

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। पार्टी ने पहले चार और फिर छह उम्मीदवारों की सूची जारी की। उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से माकन, सैयद नासिर हुसैन, जी.सी. चंद्रशेखर के नाम हैं। मध्य प्रदेश से अशोक सिंह, तेलंगाना से पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी और प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम अनिल कुमार यादव को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल प्रदेश, बिहार से अखिलेश प्रसाद सिंह, महाराष्ट्र से चंद्रकांत हंडोरे को उम्मीदवार बनाया गया है।

# मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

इंफाल, एजेंसी

पूर्वी इंफाल जिले के पंगेई में मंगलवार की रात में मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज (एमपीटीसी) में कथित तौर पर घुसने का प्रयास करने वाले 'ग्राम स्वयंसेवकों' को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा कर्मियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

ऐसा संदेह है कि 'ग्राम स्वयंसेवकों' ने हथियार लूटने के लिए परिसर में घुसने की कोशिश की क्योंकि उन्होंने पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था कि हमलावरों से लड़ने के लिए उन्हें और हथियारों की आवश्यकता है। हालांकि, अधिकारी एमपीटीसी में घुसने के ग्राम स्वयंसेवकों के प्रयास के मकसद पर चुप्पी साधे हुए हैं, जहां भारी मात्रा में हथियार हैं। इस घटना में 24 वर्षीय ओकराम सनाटन गोली लगने से अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अधिकारी ने बताया-यह घटना मंगलवार रात को तब हुई जब स्थानीय युवा, जिनमें ज्यादातर ग्राम स्वयंसेवक थे, एमपीटीसी के गेट में घुसने का प्रयास कर रहे थे।

# चुनावी बांड योजना की वैधता पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को अपना फैसला सुनाएगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने पिछले साल दो नवंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बांड योजना को सरकार ने दो जनवरी, 2018 को अधिसूचित किया था। इसे राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले दान के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बांड भारत के किसी भी नागरिक या देश में निगमित या स्थापित इकाई द्वारा खरीदा जा सकता है। कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बांड खरीद सकता है।

## ईडी ने अवैध खनन से जुड़े धनशोधन मामले में तलाशी ली

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खनन क्षेत्र में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को राजस्थान में कई स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी खनन क्षेत्र और राज्य सरकार के संबद्ध विभागों में कथित अनियमितताओं की जांच से जुड़ी है। कार्रवाई का विस्तृत विवरण अभी नहीं मिला है। जबकि मामले की अभी भी जांच जारी है।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने महिलाओं की आयु सीमा पर केंद्र सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

**सरोगेसी कानून को लेकर दायर की गई थी याचिका**




दिल्ली उच्च न्यायालय ने सरोगेसी के लिए महिलाओं की आयु निर्धारित करने वाले कानून के खिलाफ दायर याचिक पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा। इस कानून में केवल 23 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को सरोगेसी की अनुमति दी गई है। सरोगेसी कानून को लेकर एक दंपती की ओर से दायर याचिक पर सुनवाई करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने जवाब मांगा है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दंपती की याचिका पर नोटिस जारी किया जिनकी उम्र लगभग 51 वर्ष है। उन्होंने याचिका में कहा कि इस तरह का कानून उन्हें बच्चा पैदा करने के उनके अधिकार से वंचित करता है। पीठ ने केंद्र से अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने टिप्पणी की कि विज्ञान के कुछ आधार होते हैं। हम विज्ञान के बीच हस्तक्षेप नहीं करने जा रहे हैं...किसी और के जीवन के साथ न खेलें। इससे बच्चा विकृत हो जाएगा।

पीड़ित दंपती ने सरोगेसी के लिए राज्य मेडिकल बोर्ड में आवेदन किया था, लेकिन बोर्ड ने यह कहकर अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से इनकार कर दिया कि इच्छुक महिला ने सरोगेसी अधिनियम- 2021 के तहत निर्धारित आयु सीमा पार कर ली है, जिसके बाद दंपती ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

## ईडी ने राशन घोटाले के एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) घोटाले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान व्यवसायी विश्वजीत दास के रूप में हुई है। उसे जेल में बंद राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व बोनगांव (उत्तर 24 परगना) नगर पालिका अध्यक्ष शंकर अद्य्या का करीबी विश्वासपात्र माना जाता है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद राशन घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच कर रही संघीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को कोलकाता और उसके आसपास के जिलों में कम से कम 8 स्थानों पर छापेमारी की थी।



# सिंधू की जीत के साथ वापसी, चीन को 3-2 से हराया

## भारतीय पुरुष टीम ने भी नॉकआउट में किया प्रवेश, हांगकांग की टीम को दी मात

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने चोट के कारण चार महीने बाद वापसी करते हुए बुधवार को जीत दर्ज की, जिससे भारत ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) की महिला स्पर्धा में चीन की टीम को 3-2 से हराया। ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ दो टीम होने से पहले मुकाबले से पूर्व ही भारत की नॉकआउट में जगह सुनिश्चित थी लेकिन टीम ने शीर्ष वरीय चीन को हराकर शान से नॉकआउट में प्रवेश किया।

थॉमस कप 2022 चैंपियन और पिछले साल एशियाई खेलों में पहली बार रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम ने भी हांगकांग के खिलाफ 4-1 की आसान जीत से ग्रुप ए से नॉकआउट में जगह बनाई। हांगकांग को मंगलवार को चीन के खिलाफ भी 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को चीन से भिड़ेगी, जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा। पिछले साल फ्रेंच ओपन के दौरान घुटने में लगी चोट के बाद से बाहर रही सिंधू ने हेन युई को 40 मिनट में 21-17 21-15 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।

सिंधू की विश्व रैंकिंग 11 जबकि हेन युई की आठ है। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को इसके बाद ल्यु शेंग शु और टेन निंग की जोड़ी के खिलाफ 19-21 16-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि अस्मिता चालिहा भी वैंग झी यी के खिलाफ 13-21 15-21 से हार गई, जिससे 3 मैच के बाद भारत 1-2 से पिछड़ गया। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने ली यी जिंग और लुओ शू मिन की जोड़ी को हराकर भारत को बराबरी दिलाई। चीन की दूसरे दर्जे की टीम के खिलाफ मुकाबले में दुनिया की 472वें नंबर की अनमोल खरब ने 149वें नंबर की वू लियो यू को हराकर भारत की जीत सुनिश्चित की। इस बीच पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय पहले एकल में एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 18-21 14-21 से हार गए लेकिन भारत ने अगले चार मुकाबले जीतकर 4-1 से जीत दर्ज की।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक पुरुष युगल जोड़ी ने लुई चुन वेई और येयुंग शिंग चोई की जोड़ी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि लक्ष्य सेन को भी चैन यिन चाक को हराने में पसीना नहीं बहाना पड़ा। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने चाउ हिन लोंग और हुंग कुएइ चुन को हराकर भारत की बढ़त को 3-1 किया जबकि किदांबी श्रीकांत ने जेसन गुनावन को हराकर टीम की 4-1 से जीत तय की। 4 ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम नॉकआउट दौर में जगह बनाएंगी।

# नीदरलैंड 1-0 से जीता, भारतीय खेल में सुधार

**एफआईएच महिला प्रो लीग**

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड के खिलाफ बेहतर रक्षात्मक प्रदर्शन करने के बाद भी बुधवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में 0-1 से हार गई। भारतीय टीम के लिए लीग के मौजूदा चरण में 6 मैचों में यह पांचवीं हार है। नीदरलैंड की यह 10 मैचों में 10वीं जीत है। मौजूदा विश्व, ओलंपिक और प्रो लीग चैंपियन नीदरलैंड के लिए अल्बर्स फेलिस ने 27वें मिनट में गोल किया, जो निर्णायक साबित हुआ। नीदरलैंद के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है। एक सप्ताह पहले नीदरलैंड ने भुवनेश्वर में भारत को 3-1 से हराया था। मैच में बढ़त लेने के लिए नीदरलैंड को 27 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। एल्जेमीक जांडी गेंद पर अच्छी पकड़ के साथ भारतीय सर्कल में पहुंची और गोल पोस्ट की ओर प्रहार किया। सविता ने बचाव किया लेकिन गेंद अल्बर्स के पास चली गई। अल्बर्स ने दोबारा गोल कर दिया। नीदरलैंड ने अपने आक्रामक खेल से दबदबा बनाया लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उनका मुकाबला किया।



### पुरुष टीम का लक्ष्य होगा हैट्रिक

**भुवनेश्वर।** एफआईएच (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ) प्रो-लीग के सत्र को जीत के साथ शुरू करने वाली भारतीय टीम जब ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाना होगा। भारत ने स्पेन को 4-1 से हारने के बाद गत चैम्पियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड को शूटआउट में 4-2 से मात दी। नीदरलैंड के खिलाफ नियमित समय में मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। दोनों देशों के द्विपक्षीय मुकाबलों के जीत-हार का रिकॉर्ड बड़े अंतर से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में है लेकिन कुछ समय में भारतीय टीम ने उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम इस लय को जारी रखना चाहेगी।

## खेल डायरी

### नार्डी को हराकर रामकुमार क्वार्टर फाइनल में



**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय डेविस कप खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने शीर्ष वरीयता प्राप्त लुका नार्डी के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज कर बेंगलुरु ओपन के एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रामकुमार ने केएसएलटीए स्टेडियम में प्री-क्वार्टर फाइनल में दो घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मैच में इटली के खिलाड़ी पर 1-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। भारतीय खिलाड़ी के लिए मैच की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नार्डी ने शुरुआती सेट के पहले ही गेम में ही उनकी सर्विस तोड़ दी। रामकुमार इसके बाद इस खिलाड़ी को कोई चुनौती नहीं दे सके और नार्डी ने आसानी से पहला सेट जीत लिया। पहले सेट के बाद लगा की मैच एकतरफा होगा लेकिन दूसरे सेट में रामकुमार ने शानदार जज्बा दिखाया। रामकुमार इसके बाद अपनी सर्विस पर दोनों गेम जीतकर मैच में वापसी करने में सफल रहे।

### डैज के गोल से रीयाल मैड्रिड ने लेपजिग को हराया

**लेपजिग (जर्मनी), एजेंसी।** ब्राहिम डैज के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मुकाबले में लेपजिग के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। डैज को चोटिल ज्यूड बेलिंगहम की जगह शुरुआती एकादश में जगह मिली थी। उन्होंने मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में दागा। बोरूसिया डोर्टमंड से रीयाल मैड्रिड से जुड़ने वाले बेलिंगहम मौजूदा सत्र में टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वह स्पेनिश लीग के पिछले मैच में टखना मुड़ने के कारण इस मुकाबले में नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में 29 मैच में 20 गोल किए हैं। प्री क्वार्टर फाइनल का दूसरा चरण मैड्रिड के सेंटियागो बर्नेब्यु स्टेडियम में छह मार्च को खेला जाएगा।

### भारतीय निशानेबाजों को स्वर्ण और रजत पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने स्पेन के ग्रेनाडा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) के 10 मीटर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीता। ईशा अनिल टकसाले और उमामहेश मादिनेनी ने व्यक्तिगत महिला और पुरुष स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में अनवी राठौड़ और अभिनव साव की हमवतन जोड़ी को 16-8 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारत ने में 9 स्वर्ण सहित 7 पदक हो गए हैं। अनवी और अभिनव ने 629 .0 अंक के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाई थी। ईशा और उमामहेश 627 .4 अंक के साथ उनसे पीछे थे।

### नागल की नजरें अब पेरिस ओलंपिक पर



**बेंगलुरू, एजेंसी।** विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना साकार होने के बावजूद सुमित नागल संतुष्ट नहीं हैं क्योंकि यह भारतीय टेनिस खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम और पेरिस ओलंपिक में सीधे प्रवेश के लिए अपनी रैंकिंग में सुधार या फिर इस रैंकिंग पर बने रहने की चुनौती के लिए तैयार है। हाल ही में चेन्नई ओपन में नागल की जीत ने उन्हें करियर की सर्वश्रेष्ठ 98वीं विश्व रैंकिंग पर पहुंचा दिया। वह 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने जीत के बाद कहा कि हर टेनिस खिलाड़ी शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखता है। मैंने काफी कम उम्र से शीर्ष 100 में शामिल होने का सपना देखा था और जब ऐसा हुआ तो बहुत अच्छा लगा। वर्षों तक काम करने के बाद यह निश्चित रूप से एक भावनात्मक दिन था। दूसरी वरीयता प्राप्त 26 साल के नागल ने पहले दौर में फ्रांस के गेफ ब्लैंकेनॉक्स पर 6-2, 6-2 से आसान जीत के साथ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नागल की नजरें हालांकि बड़ी उपलब्धियों पर टिकी हैं।

# इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं, वह बस अलग तरह से खेलते हैं: जडेजा

## राजकोट में खेला जाएगा आज पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट

राजकोट, एजेंसी

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने कहा कि इंग्लैंड को हराना मुश्किल नहीं है और मेजबान टीम को 5 मैचों की टेस्ट श्रृंखला जीतने के लिए बस उनकी अति आक्रामक शैली से सामंजस्य बैठाने की जरूरत है। इंग्लैंड ने हैदराबाद के मैच में भारत को हराया था, लेकिन मेजबान टीम ने



विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में मजबूत वापसी करके बराबरी कर ली। तीसरा टेस्ट यहां शुरू हो रहा है। जडेजा ने कहा कि मैं इंग्लैंड को (सबसे कड़ी) टीमों में से एक नहीं कहूंगा। अन्य टीमों के लिए भारत आना और यहां आकर जीतना आसान नहीं है। वह आक्रामक होकर खेलते हैं। हमें बस इससे सामंजस्य बैठाना होगा और उसके अनुसार योजना बनानी होगी। पैर की मांसपेशियों में चोट से दूसरा टेस्ट नहीं खेलने वाले जडेजा ने कहा कि अगर पहले टेस्ट की दूसरी पारी में छोटी-छोटी गलतियां नहीं होती तो हम नहीं हारते। भारत के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी योजनाओं पर कायम रहें और इंग्लैंड की आक्रामक रणनीति के खिलाफ अलग तरह से खेलने का प्रयास नहीं करें। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में जितना संभव हो उतना सरल गेंदबाजी



करना बेहतर है क्योंकि उनके बल्लेबाज प्रत्येक मौके पर शॉट खेलने का प्रयास करेंगे। जडेजा ने कहा कि अगर हम इसके अनुसार बदलाव करेंगे तो संभव है कि हम और अधिक रन लुटा दें और विकेट भी नहीं मिले। हम इसे सरल रखेंगे और वह जो करना चाहते हैं उन्हें वह करने देंगे। हमारी अपनी रणनीति है और अगर हम इस पर कायम रहते हैं तो सफल होने की संभावना अधिक है। हाल में चोटों से जूझने के बारे में जडेजा ने कहा कि यह निराशाजनक है लेकिन इन दिनों क्रिकेट के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं और यह हमेशा दिमाग में रहता है।

### भरत को रन बनाने होंगे: पार्थिव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में बल्ले से लचर प्रदर्शन करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत को एक और मौका देने की वकालत करते हुए पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने कहा कि आंध्र के इस खिलाड़ी ने विकेट के पीछे अपनी भूमिका शानदार निभाई है। भरत ने अब तक 7 टेस्ट मैच खेले है लेकिन वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। इसकी संभावना है कि तीसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी के कारण ध्रुव जुरेल को मौका मिले। भरत ने इस श्रृंखला में अब तक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में भी (विकेटकीपिंग में) शानदार प्रदर्शन किया है। जहां तक रन बनाने की बात है तो इसमें कोई संदेह नहीं की आप उसके बल्ले से रन चाहते हैं। जिसके लिए उसको रन बनाने होंगे।

### क्रिकेट के लिए अच्छा बैज़बॉल: कुलदीप

भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि बैजबॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ उन्हें विकेट लेने में मदद करता है। आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं, लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू करें। उन्होंने कहा कि जब वह शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है।

# भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाऊंगा : स्टोक्स

राजकोट, एजेंसी

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपने 100वें टेस्ट मैच को लेकर बनी 'हाइप' को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह हैं लेकिन वह इस मैच में भारतीय दर्शकों के सामने भारत के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। स्टोक्स भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जब इंग्लैंड की अगुवाई करने को उतरेंगे तो वह 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के 16वें खिलाड़ी होंगे। अपनी उपलब्धि पर उन्होंने कहा कि उपलब्धियां अपनी जगह होती हैं लेकिन मैंने हमेशा भारत के खिलाफ खेलने का लुत्फ उठाया है, क्योंकि इसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा और लोगों की काफी दिलचस्पी होती है।

स्टोक्स ने कहा कि उनका ध्यान अभी परिस्थितियों को समझने और इस महत्वपूर्ण मैच के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर है। जब आप विकेट देखते हो तो उसमें कुछ दरार होती हैं। यह समय ही बताएगा कि मैच में उनकी भूमिका होगी या नहीं। मैं पिच के बारे में अभी से बहुत अधिक नहीं सोचना चाहता हूं लेकिन आपके पास रणनीति होनी चाहिए जो आप अपने खिलाड़ियों को बताओगे। स्टोक्स ने कहा कि बुमराह निसंदेह अविश्वसनीय गेंदबाज है। वह लंबे समय से यह साबित कर रहा है और उसने पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया।



### बशीर की जगह वुड इंग्लिश टीम में शामिल

इंग्लैंड ने राजकोट में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा की, जिसमें बदलाव किया गया है। टीम में आफ स्पिनर शोएब बशीर के स्थान पर तेज गेंदबाज मार्क वुड को लिया गया है। श्रृंखला में पहली बार इंग्लैंड दो तेज गेंदबाजों को शामिल करेगा। वुड पहले टेस्ट में इंग्लैंड टीम का हिस्सा थे, हालाँकि उन्हें दो पारियों में कोई विकेट नहीं मिला।

## मैनचेस्टर सिटी ने एफसी कोपेनहेगन को रौंदा



**कोपेनहेगन, एजेंसी।** केविन डि ब्रून ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में एफसी कोपेनहेगन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियन्स लीग में लगातार नौ मुकाबले जीते हैं जो इंग्लैंड की किसी टीम की ओर से लगातार सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड है। टीम पिछले दो महीने में सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 10 मैच जीत चुकी है। सिटी को डि ब्रून ने 10वें मिनट में बढ़त दिलाई, लेकिन गोलकीपर एडरसन मोरेस की गलती का फायदा उठाकर मैग्नस मैटसन ने स्कोर 1-1 कर दिया। बर्नार्डो सिल्वा ने 45वें मिनट में सिटी को 2-1 से आगे किया जबकि फिल फोडेन ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल दागकर टीम की 3-1 से जीत सुनिश्चित की। दूसरे चरण का मुकाबला मैनचेस्टर में तीन हफ्ते बाद होगा।

# रोहित होंगे टी-20 विश्व कप में कप्तान

राजकोट, एजेंसी



बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बुधवार को कहा कि इस साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में रोहित शर्मा भारत के कप्तानी होंगे। भारत के पास हार्दिक पंड्या के रूप में छोटे प्रारूप का पूर्ण कालिक कप्तान है, लेकिन वनडे विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के हाथों फाइनल में हार के बाद विराट कोहली और रोहित जैसे बल्लेबाजों ने जून में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलने की इच्छा जाहिर की। शाह ने कहा कि हम 2023 में लगातार 10 जीत के बावजूद अहमदाबाद में विश्व कप नहीं जीत पाए लेकिन हमने दिल जीते। मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि 2024 (टी-20 विश्व कप) में बारबाडोस (फाइनल का स्थान) में हम रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत का झंडा गाड़ेंगे। शाह खंडेरी में सौराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में मुख्य अतिथि थे। इस स्टेडियम का नाम अब क्रिकेट प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर है। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर, अनिल कुंबले और आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल मौजूद रहे। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के अलावा रोहित शर्मा, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# बॉलीवुड हलचल

## नेहा- लवली का ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका नेहा राज और अभिनेत्री लवली काजल का भोजपुरी गाना ब्लेजर में बेजोड़ लागेला रिलीज हो गया है। ब्लेजर में बेजोड़ लागेला वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने में लवली काजल अपने पति पर प्यार जताते हुए बहुत प्यारी लग रही हैं। वह अपने हसबैंड को प्यार भरी नजाकत के साथ तारीफ करते हुए कह रही हैं कि... 'भले सांवर बाड़ा नाही कम बाड़ा हो, खाके मम्मी के कसम हैंडसम बाड़ा हो, दिलवा में बोली के गोली दागेला, अरे गोली दागेला... राजा हो ब्लेजर में तू बेजोड़ लागेला, ब्लेजर में बेजोड़ तू लागेला...' वर्ल्डवाइड रिकॉड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत 'ब्लेजर में बेजोड़ लागेला' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर नेहा राज हैं, जबकि अभिनेत्री लवली काजल है।

### नोरा के जन्मदिन पर 1000 बच्चों को खिलाया गया खाना

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही के जन्मदिन पर उनके प्रशंसकों ने 1000 वंचित बच्चों को खाना खिलाया है। नोरा फतेही बॉलीवुड की बेहतरीन डांसर हैं, जिसके डांस मूव्स का न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया दीवानी हैं। दुनिया में नोरा की गिनती लांखो करोडो में हैं, जो उन्हें अपना आदर्श मानते हैं और इस बात का सबूत उनका एक वीडियो हैं, जिसमे देखा जा सकता हैं कि फैंस ने पर उनके जन्मदिन पर 1000 से अधिक वंचित बच्चों को खिलाने के लिए एक भोजन का अभियान का आयोजन किया। यह वीडियो जब नोरा के सामने आया तो वह बेहद हैरान हो गई और उनकी आंखों से आंसू रुके नहीं। नोरा फतेही ने अपने प्रशंसकों को पोस्ट के माध्यम से धन्यवाद दिया, जहां उन्होंने कहा, अब तक का सबसे अच्छा जन्मदिन और यही इसका एक कारण है। हर साल मेरे प्रशंसक मुझे दिखाते हैं कि उनके दिल कितने दयालु और खूबसूरत हैं, क्या तोहफा है।




## दिनेश-आम्रपाली की फिल्म चीख की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता दिनेश लाल यादव और अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की फिल्म चीख के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग आजमगढ़ में शुरू हो गई है। फिल्म चीख की कहानी जबरदस्त सस्पेंस थ्रिलर पर आधारित है। निर्माता सुधीर सिंह ने कहा, चीख आज के तकनीकी संसाधनों से लैश आधुनिक युग की चुनौतियों और उससे निबटने की तरकीबों पर आधारित है, टेक्नोलॉजी के इस जमाने में फिल्म में बेहद संवेदनशील मुद्दे को संज़ीदगी से उठाया गया है। हम लोग फिल्म के मोटो को समझने के बाद ही इसकी तैयारियों में लग गए थे। हमें अपनी तैयारियों पर भरोसा है और पहले शेड्यूल की सफलता के बाद हम यह काफी जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं कि यह एक बेहद खूबसूरत फिल्म बनेगी। दिनेश जी, आम्रपाली जी और धीरज ठाकुर ने इस फिल्म को खूबसूरत मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया हैं। दूसरे शेड्यूल में हम हर सीन को उसके मिजाज के अनुरूप ही ढालने की कोशिश कर रहे हैं। फिल्म ने अब अपना आकार लेना शुरू कर दिया है और अब हमारी कोशिश है कि हम इसे जल्द पूरा करके दर्शकों के बीच शीघ्र लेकर जाएं। स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही फिल्म चीख के निर्देशक धीरज ठाकुर ने बताया कि दूसरे शेड्यूल में फिल्म के बाकी बचे भाग को शूट कर लेंगे, यहां आजमगढ़ में ही हमने अपनी फिल्म की शूटिंग कम्प्लीट करने का निर्णय लिया है और इस दिशा में हम अपने आखिरी पड़ाव की तरफ हैं। फिल्म की शूटिंग पहले शेड्यूल में हमने ऐसे समय पर शुरू किया था जब ठंड अपने चरम पर थी लेकिन टीम तन्मयता से काम मे लगी थी और इसी का प्रमाण है कि आज हम दूसरे शेड्यूल में ही फ़िल्म की शूटिंग खत्म करने की बात कर रहे हैं। पिछले शेड्यूल में हमने 1 महीने तक फिल्मांकन किया और आज से दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू किया है। फिल्म के लेखक धर्मेन्द्र सिंह, छायांकन विजय मंडल हैं। इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, संजय पांडे, अर्चना सिंह राजपूत, संतोष पहलवान, जितेंद्र झा, प्रेम दुबे, धर्मेन्द्र सिंह, आर्यन बाबू, छोटी, निशा सिंह, सोनिया मिश्रा, जेश केशरवानी हैं।




## करण जौहर की वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली वेबसीरीज शोटाइम का ट्रेलर लांच हो गया है। करण जौहर अपनी आने वाली वेब सीरीज 'शोटाइम' के जरिए बॉलीवुड की कहानी बताने जा रहे हैं। शोटाइम फिल्म इंडस्ट्री के कुछ बड़े राज दुनिया के सामने लेकर आएगी। शोटाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह, श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना, की अहम भूमिका है। शो टाइम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर करण जौहर ने बताया, शोटाइम एक ऐसा शो है, जिसमें इस इंडस्ट्री के कई अलग-अलग रंगों को दिखाया गया है। इसमें शोबिज़ की चकाचौंध, चमक-दमक, ड्रामे के अलावा उन अनकही भावनात्मक चुनौतियों को दिखाया गया है, जिसका सामना सेट के पीछे लोगों को करना पड़ता है। यह शो लोगों को इंडस्ट्री की जिंदगी के करीब लेकर आना चाहता है।

### अरविंद अकेला कल्लू का गाना अनार रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना अनार रिलीज हो गया है। गाना अनार को जेएमएफ भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस गाने को कल्लू ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। गाने के वीडियो में आरोही सिंह और कल्लू है। अरविंद अकेला कल्लू ने कहा कि अनार फुल्ली कमर्शियल गाना है और यह दर्शकों को झूमने को मजबूर कर देने वाला है। जेएमएफ भोजपुरी शानदार म्यूजिक प्लेटफ़ॉर्म हैं, जहां हर तरह के गाने उपलब्ध हैं, जिससे लोगों का मनोरंजन हो सके। उसी प्ले लिस्ट में हमारा यह गाना भी जुड़ गया है, जिसे मैं भोजपुरी के दर्शकों से बड़ा और मिलियन व्यूज वाला बनाने का आग्रह करता हूं। यह गाना आपके लिए है और इसे खूब एन्जॉय करें। वहीं इस चैनल के मालिक बद्रीनाथ झा ने कहा कि कल्लू का गाना अनार मनोरंजन की ताजगी देने वाला है, इसलिए इसे खूब प्यार और आशीर्वाद दें।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# यह केवल भारत का अमृत काल नहीं, आस्था और संस्कृति के अमृत काल का भी समय

दुबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया के सबसे बड़े मंदिर को मानवता की साझा विरासत का प्रतीक बताते हुए प्रधानमंत्री ने मानवता के इतिहास में नया सुनहरा अध्याय लिखने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को धन्यवाद दिया।

मोदी ने कहा कहा कि यह केवल भारत का अमृत काल नहीं है, यह हमारी आस्था और संस्कृति के अमृत काल का भी समय है। दरअसल, भारत दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में बतौर एक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुआ। पीएम मोदी ने मंगलवार को यूएई के राष्ट्रपति के साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की और दोनों देशों ने ऊर्जा, बुनियादी संरचनाओं और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ऐसे में मंगलवार को बुर्ज खलीफा 'सम्मानित अतिथि भारत' के शब्दों से जगमगा उठा था।



### प्रधानमंत्री मोदी ने पत्थर पर लिखा वसुधैव कुटुंबकम

मोदी ने कहा कि यह केवल भारत का अमृत काल नहीं है, यह हमारी आस्था और संस्कृति के अमृत काल का भी समय है। मंदिर में वर्चुअल गंगा और यमुना नदियों में जल चढ़ाया। साथ ही मंदिर में हथौड़े और छेनी का उपयोग करके पत्थर पर वसुधैव कुटुंबकम भी अंकित किया। उन्होंने वैश्विक आरती में भी भाग लिया, जो द्वारा दुनियाभर में निर्मित स्वामीनारायण संप्रदाय के 1,200 से अधिक मंदिरों में एक साथ की गई।

### खास पहनावे में दिखे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि बीएपीएस मंदिर पूरी दुनिया में सांप्रदायिक सद्भाव और वैश्विक एकता का प्रतीक बनेगा।' इस दौरान यूएई के सहिष्णुता मंत्री शेख नाहयान बिन मुबारक अल नाहयान और सभी पंथों के आध्यात्मिक गुरु उपस्थित थे। हल्के गुलाबी रंग की रेशमी धोती और कुर्ता, स्लीवलेस जैकेट और स्टोल पहने प्रधानमंत्री ने कहा, 'हम विविधता में घृणा नहीं देखते, हम विविधता को अपनी विशेषता मानते हैं। इस मंदिर में कदम-कदम पर विविध आस्थाओं की झलक देखने को मिलेगी।'



बीएपीएस मंदिर में पूजा-अर्चना करते पीएम नरेंद्र मोदी।




**मंदिर के भव्य शिखर हैं खास:** मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में किया गया है। बीएपीएस मंदिर की आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। इसके आधे हिस्से में पार्किंग भी बनाई गई है। अपनी वास्तुकला और भव्यता के लिए पहचाना जाएगा। बीएपीएस के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बताया कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर यूएई के सात अमीरात का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, बकौल स्वामी ब्रह्मविहरिदास, इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए मंदिर में भारतीय पौराणिक कथाओं में अहम स्थान रखने वाले हाथी, ऊंट और शेर के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी शामिल किया गया है।

## एक नजर

### गुजरात: दो साल में 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए

**गांधीनगर।** गुजरात पुलिस ने पिछले दो वर्षों के दौरान 5,956 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए हैं और मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल 48 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थ के मुद्दे पर विधानसभा में तीखी बहस के दौरान गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने विपक्षी कांग्रेस से इस मामले पर राजनीति बंद करने को कहा। इस दौरान मंत्री ने कांग्रेस द्वारा केवल कच्छ में अदानी समूह द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह का उल्लेख करने पर भी सवाल उठाया। मुद्रा बंदरगाह में 2021 में केंद्रीय एजेंसियों ने अफगानिस्तान से आयातित दो कंटेनरों से 20,000 करोड़ रुपये मूल्य की 3,000 किलोग्राम हेरोइन जब्त की थी।

### इजराइल-हमास युद्धविराम पर बातचीत जारी रहेगी: मिस्र

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा में मिस्र इजराइल, कतर और अमेरिका के बीच गाजा पर बातचीत तीन और दिनों तक जारी रहेगी। मिस्र मीडिया ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स, इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने मंगलवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की। बर्न्स ने इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच गोलीबारी बंद करने तथा बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते पर फिर से बातचीत फिर से शुरू करने के लिये काहिरा में एक बैठक कर सकते हैं।

### पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करना जरूरी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया गया है। वहीं पीटीआई चुनाव में धांधली का आरोप लगाकर सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रही है। इस बीच, व्हाइट हाउस ने पाकिस्तान में पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने का आह्वान किया है और कहा है कि पाकिस्तानी लोगों की इच्छा का सम्मान करने की जरूरत है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पाकिस्तान में चुनावों से अवगत हैं।

### ईरान में विस्फोट से प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**दुबई।** ईरान में बुधवार को तड़के हुए विस्फोटों से एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। एक अधिकारी ने इन विस्फोटों को देश में नुकसानदायक और आतंकवादी कृत्य करार दिया। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल की जंग के बीच मध्यपूर्व में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान के पश्चिमी चाहरमहल और बख्तियारी प्रांत से उत्तर में कैस्पियन सागर के शहरों तक जाने वाली प्राकृतिक गैस पाइपलाइन विस्फोट की वजह से प्रभावित हुई है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की गई।

### अमेरिका: दो जुड़वा बच्चों का घोंटा गला, दंपती को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

# घर में मृत मिला भारतवंशी परिवार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में भारतीय समुदाय के लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका में भारतवंशी परिवार के सभी सदस्य अपने घर पर मृत पाए गए। इनमें चार साल के दो जुड़वा बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।

स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मृतकों की पहचान आनंद सुजीत हेनरी, उनकी पत्नी एलिस प्रियंका और उनके जुड़वा बच्चों के रूप में हुई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक उनकी पहचान जारी नहीं की है। यह घटना कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में सोमवार को हुई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को स्थानीय निवासियों ने 911 पर कॉल करके बताया कि उन्होंने कुछ दिनों से इस घर से कोई आवाज नहीं सुनी है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की और घर पर पहुंची। पुलिस को शुरुआती जांच में किसी के घर के अंदर घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। सैन मेटियो के पुलिस विभाग के सार्वजनिक सूचना अधिकारी जेरमी सुरत ने बताया, हमें घर के अंदर चार लोग मृत मिले। पुलिस ने बताया कि वह मामले की जांच हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से कर रही है। अदालती रिकॉर्ड के मुताबिक, पति ने दिसंबर 2016 में तलाक के लिए अर्जी दी थी। पुलिस ने बताया कि दोनों छोटे बच्चे एक बेडरूम के अंदर मृत पाए गए। बच्चों पर गोली लगने का कोई जख्म नहीं था। इसलिए, उनकी मौत की वजह का पता लगाने के शव का परीक्षण होगा। पुलिस मानकर चल रही है कि बच्चों का या तो गला घोंटा गया या उन्हें जानलेवा ओवरडोज दी गई, क्योंकि उनके शरीर पर हमले का कोई निशान नहीं था। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी बाथरूम के अंदर पाए गए। दोनों को गोली लगी हुई थी। बाथरू में 9 एमएम की पिस्तौल और भरी हुई मैगजीन मिली है।



### अमेरिका में भारतीयों पर बढ़े हमले

हाल के महीनों में एक भारतीय छात्र सहित सात भारतवंशी लोगों की मौतें हुई हैं। वाशिंग में एक रेस्तरां के बाहर भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला किया गया था। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इससे पहले शिकागो में एक छात्र सैयद मजाहिर पर हमला हुआ था। उससे पहले जॉर्जिया के लिथोनिया शहर में एक नशेड़ी ने भारतीय छात्र विवेक सैनी पर जानलेवा हमला किया था।

### भारतवंशी नागरिकों के सामने तीन बड़ी चुनौतियां

बीते कुछ अरसे से भारतीयों, खासकर भारतीय छात्रों के साथ घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिका में काम करने वाले संगठन टीम के अनुसार भारतीय छात्रों के समक्ष मुख्य तौर पर ये तीन प्रमुख चुनौतियां आती हैं। **ड्रगिस्ट के हमले:** अमेरिका में बीते कुछ समय से ड्रग एब्यूज (नशे की स्थिति में दुर्व्यहार) के मामलों में काफी तेजी आई है। भारतीय छात्र इनका आसान शिकार बन जाते हैं। पंचकुला के विवेक सैनी की जान ऐसे ही एक ड्रगिस्ट ने गत सप्ताह ले ली थी। **संवाद की समस्या:** उत्तर भारत से अमेरिका जाने वाले अनेक छात्रों को भाषा संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय अधिकारियों के समक्ष उसे बयां करने से हिचकते हैं, जिससे उनकी समस्या और बढ़ जाती है। **मानसिक संताप:** भारतीय अभिभावक अपने बच्चों को अमेरिका पढ़ाने के लिए भारी कर्ज लेते हैं। इसका तनाव भी बच्चों को रहता है। जब उन्हें लगता है कि राशि का वे उचित प्रतिसाद नहीं दे पाएंगे तो खुदकुशी जैसे कदम उठा लेते हैं।

# पं. बंगाल की जेलों में 4 साल में जन्में 62 बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी



- शीर्ष कोर्ट में रिपोर्ट पेश जेल जाने से पहले ही हुईं थीं महिला गर्भवती

सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपी गई है कि पिछले चार वर्षों में बंगाल की जेलों में 62 बच्चों का जन्म हुआ और जेल जाने से पहले ही यह महिला कैदी गर्भवती थीं। जेलों में अमानवीय स्थितियों के मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव अग्रवाल न्याय मित्र के रूप में कोर्ट की सहायता कर रहे हैं।

उन्होंने अदालत को बताया कि उन्हें पुलिस अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में हिरासत में रहते हुए महिला कैदियों से पैदा हुए बच्चों के संबंध में जानकारी मिली थी। कोर्ट के निर्देश के लिए दायर एक आवेदन में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकांश महिला कैदी उस समय पहले से ही गर्भवती थीं जब उन्हें जेलों में लाया गया था। कुछ मामलों में महिला कैदी पैरोल पर बाहर गई थीं और उम्मीद से वापस लौट आईं। गौरव अग्रवाल ने जेलों में प्रचलित कथित अमानवीय स्थितियों से संबंधित एक मामले में आवेदन दायर किया। उन्होंने कहा कि जेलों या महिलाओं के लिए बैरक में सुरक्षा उपायों को समझने के लिए उन्होंने राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जेल अधिकारियों के साथ चर्चा की। सुप्रीम कोर्ट ने नौ फरवरी को पश्चिम बंगाल की जेलों में महिला कैदियों के गर्भवती होने के आरोपों पर संज्ञान लिया था। इसके बाद कोर्ट ने गौरव अग्रवाल को इस पर गौर करने और एक रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिया हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के तबादले का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** सीजेआई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने केंद्र को विभिन्न हाई कोर्ट के तीन न्यायाधीशों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। दरअसल, इन न्यायाधीशों ने अपने तबादले का अनुरोध किया था। मंगलवार को कॉलेजियम की बैठक में जस्टिस संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस भी शामिल थे। कॉलेजियम ने कलकत्ता हाई कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य के अन्य हाई में ट्रांसफर के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। कॉलेजियम ने कहा, 12 फरवरी, 2024 को एक पत्र द्वारा जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य ने व्यक्तिगत कारणों से कलकत्ता हाई कोर्ट से किसी अन्य हाई कोर्ट में ट्रांसफर की मांग की है। कॉलेजियम ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और न्याय के बेहतर प्रशासन के हित में जस्टिस भट्टाचार्य को तेलंगाना हाई कोर्ट में ट्रांसफर किये जाने की सिफारिश की जाती है।

### जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद ने शीर्ष कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 14 फरवरी को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका रद्द कर दी। अदालत ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि बुधवार को उमर खालिद ने कोर्ट ने अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। उमर खालिद को याचिका वापस लेने की अनुमति देते हुए उनकी जमानत याचिका रद्द कर दी। खालिद साल 2020 से ही दिल्ली दंगा मामले में यूएपीए की धाराओं में जेल में बंद हैं। उमर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने बताया कि यह याचिका इसलिए वापस ली जा रही है क्योंकि कुछ परिस्थितियां बदली हैं और अब हम बेल के लिए ट्रायल कोर्ट में फ्रेश याचिका डालेंगे। जस्टिस बेला त्रिवेदी और पंकज मिथल की पीठ ने याचिका को रद कर दिया।

### इंडोनेशिया: 20 करोड़ मतदाता चुनेंगे अपना नेता, मतदान शुरू

**जकार्ता।** मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया में आधे से अधिक मतदाता, जो कि युवा हैं, नई सरकार बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं। अर्थव्यवस्था, मानवाधिकारों पर चिंताओं के बीच यहां 20 करोड़ से अधिक मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इंडोनेशिया में फिलहाल जोको विडोडो राष्ट्रपति हैं।

बता दें, आज दुनिया के सबसे बड़े एक दिवसीय चुनाव में न केवल नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को बल्कि संसदीय और स्थानीय प्रतिनिधियों को भी चुना जाएगा। 'जोकोवी' के नाम से लोकप्रिय विडोडो अपने दो कार्यकाल की अधिकतम सीमा पूरी कर चुके हैं। उनके कार्यकाल की समाप्ति के बाद इंडोनेशिया अपनी राजनीति में एक नए चरण की शुरुआत करना चाहता है।

### बर्फबारी से 1100 उड़ानें रद...





**न्यूयॉर्क:** अमेरिका के कई हिस्से बर्फीले तूफान की चपेट में हैं। न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और कनेक्टिकट प्रांतों में मंगलवार को भीषण बर्फीला तूफान आया। सर्दी के सीजन में इस बर्फीले तूफान में नॉरईस्टर विंटर स्टॉर्म कहा जाता है। इस तूफान की वजह से न्यूयॉर्क में 5 से 8 इंच तक हिमपात हुआ है। न्यूयॉर्क के कैनेडी एयरपोर्ट की 1100 उड़ानों को रद करना पड़ा। साथ ही, न्यूयॉर्क के स्कूल-कॉलेज को भी बंद कर दिया गया है। ● एजेंसी

## हाई कोर्ट ने क्रूरता के आधार पर पति को दी तलाक की मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**13** साल से अलग रह रही थी पत्नी

पारिवारिक विवाद से जुड़े एक मामले पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि दंपती के बीच सुलह की कोई संभावना नहीं है। झूठे आरोपों और 13 साल से अधिक का लंबा अलगाव न सिर्फ समस्या बन गया है, बल्कि यह व्यक्ति के साथ मानसिक क्रूरता है। एक व्यक्ति को मानसिक क्रूरता के आधार पर तलाक की डिक्री देते हुए अदालत ने कहा कि इस रिश्ते को जारी रखने की कोई भी जिद दोनों पक्षों पर केवल और क्रूरता पैदा करेगी।

जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने पत्नी की क्रूरता के आधार पर तलाक की मंजूरी दी है। हाई कोर्ट एक फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ पति की अपील पर फैसला सुनाते हुए कहा कि दोनों पक्ष करीब 13 साल से अलग रह रहे हैं, जिस दौरान व्यक्ति को उसके वैवाहिक रिश्ते से वंचित कर दिया गया। कोर्ट ने कहा- पति को शिकायतों का भी सामना करना पड़ा, जो 'क्रूर कृत्य' थे। फैमिली कोर्ट ने पति की तलाक अर्जी को मंजूर करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा-याचिकाकर्ता (पति ने) यह साबित किया है कि प्रतिवादी (पत्नी) ने उनके साथ क्रूरता की और वह तलाक के हकदार हैं। कोर्ट ने कहा, स्पष्ट रूप से अपीलकर्ता के बयान की पुष्टि करता है कि वह अपने माता-पिता के प्रभाव में थी और उनसे अलग होने के साथ ही अपीलकर्ता के साथ संबंध बनाने में असमर्थ थी। कोर्ट ने विवाह और इसके साथ आने वाले दायित्वों को अस्वीकार कहते हुए तलाक का मंजूरी दे दी।

### युद्ध से पीछे हटे पुतिन तो उनकी हत्या हो जाएगी: एलन मस्क

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन युद्ध को करीब दो साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक हालिया साक्षात्कार काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वे यह साफ कह रहे हैं कि रूस अब यूक्रेन में युद्ध से कदम पीछे नहीं खींच सकता।



अमेरिकी सांसदों के सामने एलन मस्क ने कहा कि इसकी कोई संभावना ही नहीं है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में युद्ध हार जाएं। मस्क एक्स के स्पेसेज में ये दावा किया। उनके साथ इसमें कुछ सीनेटर्स भी शामिल थे, जो इस बात पर चर्चा कर रहे थे कि रूस के खिलाफ यूक्रेन को आर्थिक मदद देने का फैसला सही है या गलत। इस चर्चा के दौरान ही रॉन जॉनसन ने कहा कि जो भी रूस के खिलाफ यूक्रेन की जीत की उम्मीद कर रहे हैं, वे असल में एक सपने की दुनिया में जी रहे हैं। इस पर मस्क ने सहमति जताते हुए कहा कि पुतिन यूक्रेन में हार ही नहीं सकते। मस्क ने कहा कि पुतिन पर पहले ही यूक्रेन में युद्ध को जारी रखने का भारी दबाव है। अगर वे पीछे हटते हैं तो उनकी हत्या भी हो सकती है।

## 43 भारतीयों समेत 186 लोगों को मालदीव ने किया निर्वासित

- अवैध कारोबार करने का लगाया आरोप, बांग्लादेशी सबसे ज्यादा

**माले।** मालदीव ने वीजा उल्लंघन और मादक पदार्थों से संबंधित अपराध करने का आरोप लगाते हुए 43 भारतीयों समेत 186 विदेशियों को निर्वासित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित किए गए लोगों में सर्वाधिक संख्या बांग्लादेशियों (83) की है।

मालदीव में अवैध रूप से संचालित व्यवसायों को बंद करने की जारी प्रयासों के बीच विदेशियों को निर्वासित किया गया है। गृह मंत्री अली इहुसन ने बताया कि विभिन्न नामों से संचालित अवैध व्यवसायों पर कार्रवाई के लिए मंत्रालय वित्त मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। गृह मंत्रालय इस प्रकार के व्यवसायों को बंद करने और उन्हें संचालित करने वाले विदेशियों निर्वासित करने पर काम कर रहा है। यदि व्यवसाय किसी विदेशी द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से



मुनाफा कमाने के लिए संचालित किया जा रहा है तो ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण को समाप्त करने के लिए दिसंबर 2021 में एक कानून बनाया गया था। आव्रजन नियंत्रक शमां वहीद ने बताया कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त विदेशी श्रमिकों को खोजने के लिए चलाए गए अभियान के तहत आव्रजन विभाग ने कई लोगों को हिरासत में लिया और वैध दस्तावेजों व पासपोर्ट वाले लोगों को निर्वासित कर दिया गया।

**विज्ञान** नासा के रोबर पर्सिवरेंसरोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में किया कैद, मंगल के चंद्रमा फोबोस ने लगाया ग्रहण

# लाल ग्रह मंगल पर देखा गया अद्भुत सूर्य ग्रहण

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** ग्रहण की चपेट में पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य ही नहीं आते, बल्कि हमारे सौर मंडल के अन्य ग्रह भी इसके प्रभाव से वंचित नहीं रहते। पिछले सप्ताह मंगल पर लगे सूर्य ग्रहण को देखा गया। जिसकी तस्वीर नासा के अंतरिक्ष यान ने अपने कैमरे में कैद की हैं। मंगल पर यह अद्भुत ग्रहण की खगोलीय घटना आठ फरवरी को हुई।

लाल ग्रह मंगल के चंद्रमा फोबोस के कारण यह दुर्लभ नजारा सामने आया। नासा के रोबर पर्सिवरेंस रोवर ने ग्रहण की घटना को कैमरे में कैद किया। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार ग्रहण के दौरान फोबोस का आकार आलू के बराबर नजर आया। मंगल का जेज़ेरो नामक क्रेटर क्षेत्र ग्रहण की चपेट में आया। ग्रहण के दौरान सूर्य के सामने से फोबोस गुजरा। रोबर ने इस घटना का विडियो बनाया है। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने सूर्य ग्रहण की 68 तसवीरें अपलोड की हैं। फोबोस को पहली बार 1877 में अमेरिकी खगोलशास्त्री आसफ हॉल ने खोजा था। यह क्षुद्रग्रह के आकार का छोटे आकार का चंद्रमा है जो मंगल ग्रह की सतह से कुछ हजार मील की दूरी से परिक्रमा करता है। मंगल के काफी नजदीक होने के कारण यह मंगल के गुरुत्वाकर्षण बल के प्रभाव में रहता है।

अप्रैल में पृथ्वी पर सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। अमेरिका में यह ग्रहण होगा, जिस कारण कुछ मिनटों के लिए अंधेरा छा जाएगा। इसका कारण हमारे चंद्रमा का विशाल आकार है। वहीं अगर मंगल ग्रह के चंद्रमा फोबोस की बात करें तो यह लंबाई में सिर्फ 27.3 किमी है, जिससे सूर्य पूरी तरह नहीं ढक सकता। सेंट लुइस में वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के ग्रह भूविज्ञानी पॉल बर्न ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। पिछले 18 वर्षों में मंगल पर कई रोवर फोबोस को सूर्य के सामने से गुजरते देख चुके हैं। 2004 में स्पिरिट और अपॉर्चुनिटी ने सबसे पहला अवलोकन किया था।



लाल ग्रह मंगल से सूर्य ग्रहण की तस्वीर।

### रहस्य के साए में उपग्रह फोबोस और डेमोस

लाल ग्रह के उपग्रह फोबोस और डेमोस दो ऐसे उपग्रह हैं, जिनके निर्माण के बारे में रहस्य अभी भी बना हुआ है। वैज्ञानिक अभी तक पता नही लगा पाए हैं कि वे क्षुद्रग्रह बेल्ट से आए हैं या किसी टकराव से इनका निर्माण हुआ है। यह भी समझा जाता है कि यह दोनो उपग्रह प्रारंभिक सौर मंडल के बचे हुए मलबे से बने हों। बहरहाल इस रहस्य को समझने के लिए अध्ययन जारी हैं।


## भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध मजबूत: पेंटागन

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध को लेकर पेंटागन ने बयान जारी किया है। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सैन्य संबंध बहुत अच्छे हैं।

सबरीना सिंह ने कहा किस क्षेत्र में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी जारी रखेंगे। रक्षा मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों के बारे में पेंटागन की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 13 फरवरी से अमेरिका के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने पाकिस्तान में संपन्न हुए चुनाव को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पेंटागन, पाकिस्तान में चल रही गतिविधियों पर नजर रख रहा है। पाकिस्तान में क्या हो रहा है, इसकी निगरानी की जा रही है। भारतीय सेना में परिवर्तन, वैश्विक खतरे की धारणा, सेना में परिवर्तन-2030/2040, मानव संसाधन चुनौतियां, भविष्य की सेना का विकास और आधुनिकीकरण, और सह-उत्पादन जैसे मुद्दों पर बातचीत होने की संभावना है।

### जनरल रैंडी जॉर्ज से मुलाकात करेंगे मनोज



रक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि अपनी यात्रा के दौरान सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल रैंडी जॉर्ज, अमेरिका के सेना प्रमुख और अन्य वरिष्ठ सैन्य नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय चर्चा और बातचीत करेंगे।